माघ मास, शुक्ल पक्ष 11, वर्ष 11, अंक 354, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, बुधवार, 1 फरवरी, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अंदर - तीसरे खंभे की आजादी अब खतरे में ?

अन्दर : भारत की शेफाली-श्वेता और पार्शवी आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल



डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति दिलाने को सरकार प्रयासरत : राष्ट्रपति

## ग्रीन ग्रोथ पर सरकार का विशेष ध्यान, भारत दुनिया का तीसरा बड़ा एविएशन बाजार बना

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र की आज शुरूआत हो गई। बजट सत्र की शुरूआत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने आतंकवाद, इंफ्रास्ट्रक्चर, मेड इन इंडिया, ग्रीन ग्रोथ जैसे मुद्दों पर बात की और कहा कि यह सरकार बिना डरे काम कर रही है। राष्ट्रपति ने सर्जिकल स्ट्राइक, आतंकवाद पर सख्ती और आर्टिकल 370 हटाने जैसे अहम फैसलों का जिक्र किया। राष्ट्रपति ने देश की जनता का आभार जताया कि उन्होंने लगातार दो कार्यकाल स्थायी सरकार चुनी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा कि भारत ने उस सोच को बदला है, जो प्रगति और प्रकृति को परस्पर विरोधी मानती थी। मेरी सरकार ग्रीन ग्रोथ पर ध्यान दे रही है और पूरे विश्व को मिशन लाइफ से जोड़ने पर बल दे रही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश का एविएशन सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत दुनिया का तीसरा बड़ा एविएशन बाजार बन चुका है। इसमें उड़ान योजना की बड़ी भूमिका है, जिससे क्षेत्रीय उड़ानों को बढ़ावा मिल रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में देश पंच प्रेरणा से आगे बढ़ रहा है। जिसमें गुलामी के हर निशान, हर मानसिकता से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत ही राजपथ अब कर्तव्य पथ बन चुका है। मुगल गार्डन अब अमृत उद्यान के नाम से जाना जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि मेड इन इंडिया अभियान और आत्मनिर्भर भारत अभियान का फायदा मिलना शुरू हो गया है। देश में मैन्युफैक्चरिंग की क्षमता बढ़ रही है और बड़ी बड़ी कंपनियां भारत आ रही हैं। हमारा रक्षा निर्यात छह गुना हो गया है। आईएनएस विक्रांत के रूप में पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट नौसेना में शामिल हुआ। राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी सरकार ने बीते सालों में डिजिटल इंडिया के तौर पर पारदर्शी व्यवस्था तैयार की है। 300 से ज्यादा योजनाओं के करीब 27 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंचे हैं। सरकारी कामों में टेंडर और खरीद के लिए ई-मार्केट प्लेस की व्यवस्था है। कैश लेस व्यवस्था में पारदर्शिता आई। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार ने सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज को सम्मान दिया है। नेताजी के नाम पर भव्य म्यूजियम का उद्घाटन किया है। परमवीर चक्र विजेताओं के नामों पर अंडमान निकोबार के द्वीपों का नामकरण किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि एक तरफ हम शंकराचार्ज, भगवान बसेश्वर, गुरुनानक देव जी के बताए रास्तों पर चल रहे हैं, वहीं तकनीक में भी भारत हब बनता जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की सफलता आज हम देख रहे हैं। देश में पहली बार महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में ज्यादा हुई है। महिलाओं के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है। आज किसी भी कार्यक्षेत्र में महिलाओं के लिए कोई बंदिश नहीं है। हमारी सरकार में मातृत्व अवकाश को बढ़ाया गया है। मुद्रा योजना की 70 फीसदी लाभार्थी महिलाएं हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि तीन लाख महिला किसानों को पीएम किसान योजना के तहत 54 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। महिला सशक्तिकरण मेरी सरकार की हर योजना का आधार है। सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान देश के गरीब कल्याण को प्राथमिकता में रखा। सरकार ने सुनिश्चित किया कि कोई भी गरीब भूखा ना सोए। राष्ट्रपति ने कहा कि बीते आठ सालों में देश में मेट्रो नेटवर्क तीन गुना से ज्यादा बढ़ा है। देश के 27 शहरों में मेट्रो ट्रेन चलाने की योजना पर काम हो रहा है। साथ ही देश में 100 से ज्यादा नए वाटरवे, देश के ट्रांसपोर्ट सेक्टर का कायाकल्प करेंगे। पीएम ग्राम सड़क योजना में नौ वर्षों में सड़कों का नेटवर्क दोगुना हो गया। देश की 99 प्रतिशत बस्तियां सड़क मार्ग से जुड़ चुकी हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत अपनी सैन्य शक्ति को आधुनिक बनाने पर जोर दे रहा है। आतंकवाद को लेकर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। हर मंच पर भारत की आवाज गंभीरता से सुनी जा रही है। भारतीय युवा आज इनोवेशन की ताकत दिखा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि देश में स्टार्टअप की संख्या 90 हजार के पार हो गई है। अग्निवीर योजना से सरकार को लाभ होगा।

**संसद का संयुक्त सत्र**

### राष्ट्रपति ने अभिभाषण में कहा- आजादी के अमृतकाल में देश पंच प्रेरणा से आगे बढ़ रहा

### मेड इन इंडिया का मिल रहा फायदा, डिजिटल व्यवस्था पर जोर



# आसाराम बापू को आजीवन कारावास

**गांधीनगर।** शिष्या से रेप के मामले में गुजरात के गांधीनगर की कोर्ट ने आसाराम बापू को उम्र कैद की सजा सुनाई है। सोमवार को सत्र न्यायालय डीके सोनी ने आसाराम को दोषी ठहराया था। आज यानी मंगलवार को सजा पर फैसला होना था। आसाराम 2013 से जेल में बंद हैं। आसाराम को धारा 376 (2) (सी), 377 (अप्राकृतिक यौनाचार) और अवैध रूप से बंधक बनाने से जुड़ी धारा में दोषी ठहराया गया है। 81 वर्षीय आसाराम बापू वर्तमान में जोधपुर जेल में है। वहीं, सूरत की अदालत में नारायण साईं के खिलाफ एक अलग मुकदमा चल रहा है। दो बहनों ने आसाराम और उनके बेटे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि 1997 से 2006 के बीच आसाराम और उनके बेटे द्वारा संचालित मोटेरा आश्रम में उनके साथ दुष्कर्म किया गया था।

सूरत की रहने वाली युवतियों ने अक्टूबर 2013 में आसाराम और सात अन्य के खिलाफ रेप और अवैध तरीके से कैद रखने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। छोटी बहन ने नारायण साईं और बड़ी बहन ने आसाराम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। एक आरोपी की सुनवाई के दौरान मौत हो गई। जुलाई 2014 में मामले में आरोप पत्र दायर किया गया था।

आसाराम को 31 अगस्त 2013 को जोधपुर पुलिस ने रेप के एक दूसरे मामले में गिरफ्तार किया था। तब से वो जेल में बंद है। आसाराम को एक अन्य मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 2013 में एक शिष्या के साथ रेप के आरोप में जोधपुर की अदालत में उन्हें 2018 में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सराम बापू के अलावा केस में आरोपी बनाए गए पत्नी, बेटे और अन्य तीन लोगों को कोर्ट ने सबूतों के अभाव में सोमवार को बरी कर दिया था। आसाराम को यौन उत्पीड़न मामले में धारा 376 और 377 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। लोक अभियोजक आरसी कोडेकर ने बताया कि कोर्ट ने पीड़िता को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने का आदेश दिया है।



**रेप का मामला**

### गांधी नगर कोर्ट का फैसला, जोधपुर की जेल में बंद हैं आसाराम




# टॉप 10 अरबपतियों की लिस्ट से अडानी बाहर



**नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अडानी की संपत्ति में लगातार गिरावट हो रही है। अब वो विश्व के 10 सबसे अमीर लोगों की सूची से बाहर हो गए हैं। ब्लूमबर्ग की लिस्ट के अनुसार गौतम अडानी अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

सोमवार को गौतम अडानी को 8.21 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ, जिससे वो 11वें स्थान पर आ गए। मैक्सिकन अरबपति कार्लोस स्लिम ने शीर्ष दस की सूची में गौतम अडानी का स्थान लिया है। बिजनेस मैग्नेट के नाम से मशहूर कार्लोस स्लिम की संपत्ति 85.7 बिलियन डॉलर है, जो गौतम अडानी की कुल संपत्ति से 1.3 बिलियन डॉलर अधिक है। अमेरिका स्थित फोरेंसिक रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने पिछले बुधवार को अडानी समूह पर स्टॉक हेरफेर और धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इसके बाद से अडानी के शेयरों में गिरावट शुरू हुई। अडानी समूह की सात सूचीबद्ध कंपनियों में से चार में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई, जिसमें अडानी टोटल गैस, अडानी पावर और अडानी विल्मर और अडानी ग्रीन एनर्जी के लोअर सर्किट लगे।

रिपोर्ट के बाद गौतम अडानी की कुल संपत्ति में लाखों डॉलर का नुकसान हुआ। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स लिस्ट के अनुसार गौतम अडानी की कुल संपत्ति बुधवार को 6 बिलियन डॉलर और शुक्रवार को 20.8 बिलियन डॉलर घटी और अब यह 84.4 बिलियन डॉलर हो गई है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के आने से पहले गौतम अडानी की संपत्ति 121 बिलियन डॉलर थी।

बता दें कि हिंडनबर्ग रिसर्च की साख पर सवाल उठाते हुए अडानी ग्रुप ने कहा कि विडंबना यह है हिंडनबर्ग या उसके कर्मचारियों या उसके निवेशकों के बारे में ज्यादा कुछ नहीं पता है। इसकी वेबसाइट का कहना है कि संगठन के पास ऐसा अनुभव है जो दशकों तक फैला है और फिर भी ऐसा लगता है कि इसे केवल 2017 में स्थापित किया गया है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर अडानी समूह ने कहा था, यह केवल किसी विशिष्ट कंपनी पर एक अवांछित हमला नहीं है, बल्कि एक सोची समझी साजिश है। यह भारत, भारतीय संस्थानों की स्वतंत्रता, अखंडता और गुणवत्ता और भारत की विकास की कहानी और महत्वाकांक्षा पर हमला है।

**तगड़ा झटका**

### अमेरिका की फोरेंसिक रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अब 11वे पायदान पर

### म्यूचुअल फंड: अब आज से यूनिट बेचने के बाद दो दिन में मिल जाएगा पैसा

नई दिल्ली। म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले को अब निवेश राशि निकालते समय जल्द पैसा मिलेगा। परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां एक फरवरी यानी बुधवार से इक्विटी योजनाओं के निवेशकों के यूनिट भुनाने के बाद भुगतान सौदा होने के दो दिन दिन के भीतर (टी प्लस 2) ही करेंगी। फिलहाल, म्युचुअल फंड इकाइयां निवेशकों को उनके बैंक खाते में पैसा यूनिट भुनाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन दिन के भीतर भेजती हैं। यह कदम शेयर बाजार में कारोबार होने के एक दिन के भीतर निपटान व्यवस्था के अनुरूप है। मोतीलाल ओसवाल एएमसी के मुख्य कारोबार अधिकारी अखिल चतुर्वेदी ने इस पहल को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे निवेशकों को तेजी से नकदी उपलब्ध होगी और वे उसका उपयोग फिर से उसका निवेश करने या समयवद्ध तरीके से बाध्यताओं को पूरा करने में कर सकेंगे।

# ओरेवा ग्रुप के एमडी का कोर्ट में सरेंडर

**अहमदाबाद।** मोरबी पुल हादसे में ओरेवा समूह के निदेशक जयसुख पटेल ने मंगलवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। चार दिन पहले मोरबी पुलिस ने पटेल के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। चार्जशीट में जयसुख पटेल का नाम भी शामिल था। सरेंडर करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में ओरेवा ग्रुप के प्रमोटर जयसुख पटेल को आरोपी बनाया गया था। चार्जशीट में कहा गया था कि वह फरार हैं। पुल की मरम्मत की जिम्मेदारी ओरेवा ग्रुप के अजंता मैन्यूफैक्चरिंग लिमिटेड को दी गई थी। बता दें कि ब्रिटिश काल में बना यह सस्पेंशन ब्रिज 30 अक्टूबर को गिर गया था। इस हादसे में कम से कम 135 लोगों की मौत हो गई थी। पिछले साल दिवाली के बाद 30 अक्टूबर को यह हादसा हुआ था। पुल पर क्षमता से ज्यादा लोग पहुंच गए थे। 6 महीने से पुल की मरम्मत का काम चल रहा था, जिस कारण यह काफी समय से बंद था। दिवाली के बाद जब पुल को खोला गया तो काफी ज्यादा संख्या में लोग यहां पहुंच गए। इस दौरान यह भी सामने आया कि पुल को फिटनेस सर्टिफिकेट भी नहीं दिया गया था और लोगों को पुल पर जाने की अनुमति दे दी गई। इस मामले में 1,262 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की गई, जिसमें ओरेवा ग्रुप के प्रमोटर जयसुख पटेल को आरोपी बनाया गया है। शुक्रवार को पीड़ितों की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता दिलीप आगेचनिया ने कहा कि आरोप पत्र में 9 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एक सेशन कोर्ट पहले ही पटेल के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी कर चुकी थी।मामले की जांच कर रहे पुलिस उपाधीक्षक पी एस जाला ने मोरबी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमजे खान की अदालत में 1200 से ज्यादा पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया था। चार्जशीट में 300 गवाहों के बयान हैं। हादसे के अगले दिन 31 अक्टूबर को मोरबी पुलिस ने ओरेवा ग्रुप के दो प्रबंधकों, दो टिकट लिपिकों समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया था।

**मोरवी ब्रिज हादसा**

### चार्जशीट में जयसुख पटेल को बनाया गया आरोपी

### 1,262 पन्नों की चार्जशीट में 300 गवाहों के बयान



## विशाखापत्तनम होगी आंध्र प्रदेश की राजधानी

**हैदराबाद ।** आंध्र प्रदेश की नई राजधानी विशाखापत्तनम होगी। मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि वे अपना कार्यकाल वहां स्थानांतरित करेंगे। साल 2015 में अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी घोषित किया गया था। इसके बाद, 2020 में राज्य में तीन राजधानी शहर बनाने की योजना बनाई गई। इनमें करनूल, अमरावती और विशाखापत्तनम शामिल हैं। 3 और 4 मार्च को होने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन की घोषणा करते हुए सीएम ने कहा कि यहां मैं आपको विशाखापत्तनम में आमंत्रित कर रहा हूं, जो आने वाले दिनों में हमारी राजधानी बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में मैं खुद विशाखापत्तनम शिफ्ट हो जाऊंगा। साल 2014 में तेलंगाना के अलग होने के बाद कुछ समय तक हैदराबाद दोनों राज्यों की राजधानी थी। आंध्र सरकार ने 2015 में एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में काम करते हुए घोषणा की थी कि कृष्णा नदी के तट पर स्थित अमरावती नई राजधानी होगी। इसके बाद 2020 में राज्य ने तीन राजधानी शहर बनाने की योजना बनाई। उस कानून को बाद में वापस ले लिया गया और अमरावती औपचारिक रूप से राजधानी बनी रही।

# ‘गर्व से कहो, हम शूद्र हैं’

**राजनीति**

### सपा कार्यालय के बाहर लगा पोस्टर, प्रवक्ता बोले- इसमें दिक्कत क्या है ?

**लखनऊ।** रामचरितमानस को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़ता जा रहा है। लखनऊ में सपा कार्यालय के बाहर मंगलवार को एक पोस्टर लगाया गया। इसमें लिखा था, ‘गर्व से कहो हम शूद्र हैं’। इसे अखिल भारतीय कुर्मी क्षेत्रीय महासभा की ओर से लगाया गया है। पोस्टर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव ने अपने नाम के आगे डॉ. शूद्र उत्तम प्रकाश सिंह पटेल लिखवाया है।

पोस्टर को लेकर सपा प्रवक्ता सुनील सिंह साजन ने कहा कि जब धर्मग्रंथों में लिखा है कि चार प्रमुख वर्ग है, पहला क्षत्रिय, दूसरा ब्राह्मण, तीसरा वैश्य और चतुर्थ शुद्र...तो इसमें शूद्र होने पर गर्व करने में कौन सी दिक्कत है। हालांकि, पोस्टर किसने और क्यों लगाया? इस सवाल का उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। दरअसल, सोमवार को अखिलेश ने कहा था कि मैं सीएम योगी से पूछना चाहूंगा कि मैं शूद्र हूं या नहीं। उधर, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश के इस बयान पर पलटवार किया था। उन्होंने कहा था, अखिलेश इस तरह से दलितों की सहानुभूति लेना चाहते हैं।

वहीं, मंगलवार को स्वामी प्रसाद मौर्य का बचाव करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि वह सीएम योगी से विधानसभा में इस महाकाव्य की एक चौपाई में इस्तेमाल किए गए ताड़ना शब्द की व्याख्या पूछेंगे। अखिलेश ने कहा, हमारे सीएम एक संस्थान से निकले हैं और वह योगी हैं। मैं उनसे पूछूंगा कि रामचरितमानस में जिन पंक्तियों का जिक्र इस वक्त चल रहा है उनमें ताड़ना शब्द का इस्तेमाल किन लोगों के लिए किया गया है। वह किन लोगों पर लागू होता है।




# पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण का निधन

**नई दिल्ली।** दिग्गज वकील और पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण का मंगलवार (31 जनवरी) को निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार की शाम 7 बजे दिल्ली में अपने घर पर अंतिम सांस ली। शांति भूषण 97 साल के थे और काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने मोरारजी देसाई मंत्रालय में 1977 से 1979 तक भारत के कानून मंत्री के रूप में कार्य किया था। उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक प्रसिद्ध मामले में राजनारायण का प्रतिनिधित्व किया था, जिसके परिणामस्वरूप 1974 में इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में हटा दिया गया था। दरअसल, इंदिरा गांधी ने 1971 के आम चुनाव में रायबरेली सीट से चुनाव जीता और प्रधानमंत्री बनीं। उनके विरोधी जनसंघ के राजनारायण ने उनपर चुनावी कदाचार के माध्यम से अपनी सीट जीतने का आरोप लगाते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक मामला दायर किया था। उन्होंने इंदिरा गांधी पर रिश्वत लेने और चुनाव जीतने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। राजनारायण के लिए शांति भूषण ने केस लड़ा और जीता।

**शोक**

### पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ जीता था केस

# लखनऊ के कॉम्प्लेक्स में लगी आग, युवक जिंदा जला

**लखनऊ।** लखनऊ में बादशाहनगर में एसएस कॉम्प्लेक्स की पहली मंजिल पर स्थित ई-रिक्शा चार्जिंग सेंटर में मंगलवार शाम आग लग गई। आग में चार्जिंग सेंटर में मौजूद एक शख्स जिंदा जल गया। जहरीला धुआं भरने से दूसरी मंजिल पर स्थित जिम में कसरत करने वालों की सांस फूलने लगीं। सूचना पर पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। बिल्डिंग के शीशे तोड़े और बगल से सीढ़ियां लगाकर जिम में फंसे 25 लोगों को बाहर निकाला। करीब एक घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। दमकल की आठ गाड़ियां लगानी पड़ीं। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विराम खंड गोमतीनगर निवासी अनिल राठौर का बादशाहनगर में एसएस कॉम्प्लेक्स है। भूतल पर बैंक का दफ्तर है। पहली मंजिल पर दिल्ली निवासी राहुल सिंह का ई-रिक्शा चार्जिंग सेंटर है। दूसरी मंजिल पर ओलंपिया जिम है। शाम करीब साढ़े पांच बजे चार्जिंग सेंटर में अचानक आग लग गई। चंद सेकेंड में आग पूरी दुकान में फैल गई।

**हादसा**

### ई-रिक्शा चार्जिंग सेंटर में लगी आग, चार्जिंग सेंटर में मौजूद एक शख्स जिंदा जल गया

### हो सकता है कि हमारा नाम भी अमृत कर दिया जाए

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति भवन स्थित मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया। इस बात पर विपक्षी दल हमलावर है। इसी कड़ी सपाअध्यक्ष अखिलेश यादव की तीखी प्रतिक्रिया आई है। अखिलेश ने कन्नौज में मीडिया से करते हुए सरकार पर हमला बोला और कहा कि मैं तो कहता हूं की इस एक्सप्रेस-वे (आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे) का नाम भी बदलकर अमृत एक्सप्रेस-वे कर दो। अखिलेश यादव आगे कहते हैं, ऐसा भी हो सकता है कि हमारा आपका नाम भी अमृत कर दिया जाए। कल हमको मंदिर दर्शन नहीं करने दिया। इससे भी बड़ा सवाल है कि यह बीजेपी के लोग तय करेंगे कि कौन क्या करेगा? मुगल गार्डन का नाम भाजपा तय करेगी? भारतीय जनता पार्टी के लोगों को शर्म आनी चाहिए जो अपना काम नहीं कर पा रहे हैं।

# राष्ट्रपति का अभिभाषण भाजपा का घोषणापत्र

## विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण की आलोचना की

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण की आलोचना करते हुए कहा कि यह 2024 के चुनाव के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र का पहला अध्याय लगता है और इसमें सांप्रदायिक सौहार्द, महंगाई नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे नदारद रहे। राष्ट्रपति मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश में स्थिर, निडर और निर्णायक सरकार है, जिसने विकास एवं विरासत पर जोर देते हुए, कोई भेदभाव किए बिना सभी वर्गों के लिए काम किया है। मुर्मू ने संसद के केंद्रीय कक्ष में अपने पहले अभिभाषण में भ्रष्टाचार को लोकतंत्र और सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए कहा कि इसके विरुद्ध लगातार लड़ाई चल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अभिभाषण में कुछ भी नया नहीं है और राष्ट्रपति ने वही कहा, जो सरकार कहना चाहती है। खरगे ने कहा कि यदि सरकार राष्ट्रपति के माध्यम से दावा कर रही है कि देश ने बहुत प्रगति कर ली है, तो गरीब वर्ग बेरोजगारी और महंगाई के कारण लगातार त्रस्त क्यों है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार का बयान है, जो राष्ट्रपति के माध्यम से आया है। कोई नयी बात नहीं है। यह नियमित घटनाक्रम है। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओब्रायन ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण भारत सरकार द्वारा लिखे जाने की परिपाटी है, लेकिन उनके संबोधन में महत्वपूर्ण मुद्दे नहीं थे। उन्होंने कहा, अभिभाषण में महंगाई को नियंत्रित करने, रोजगार सृजन, संघवाद को मजबूत करने, सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने, महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के बारे में एक भी वाक्य नहीं था? भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यसभा सदस्य विनय विश्वम ने आरोप लगाया कि महिलाओं, युवाओं, दलितों तथा आदिवासियों का सशक्तीकरण केवल कागज पर है। उन्होंने ट्वीट किया, ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में राष्ट्रपति का अभिभाषण संभवतः अंतिम बार हुआ। अभिभाषण 2024 के (आम चुनाव के) लिए सत्तारूढ़ पार्टी के घोषणापत्र का पहला अध्याय नजर आता है। भाकपा सांसद ने कहा, धर्मनिरपेक्षता पर गौरव की बात नदारद है।

**आरोप**

### मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा राष्ट्रपति ने वही कहा, जो सरकार कहना चाहती है



# 27 साल पुराने गैर इरादतन हत्या में दो को 10 साल सजा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) अवनीश गौतम की अदालत ने कुत्ते के विवाद में लाठी - डंडे से पीटकर हुए एक वृद्ध के मौत के 27 वर्ष पुराने मामले में चंदौली मुगलसराय के सराय गांव निवासी अभियुक्त दो सगे भाइयों राम सुधार यादव व विनोद कुमार सिंह उर्फ पप्पू को गैर इरादतन हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए दस वर्ष की कड़ी कैद बी 31 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई।

एडीजीसी मुकेश श्रीवास्तव व वादी के अधिवक्ता राजेश गुप्ता के मुताबिक वादी छोटेलाल यादव ने 27 नवम्बर 1996 को मुगलसराय थाने में एनसीआर दर्ज कराई थी। आरोप था की उसका व अभियुक्तों का कुत्ता आपस में लड़ रहे थे। मना करने पर अभियुक्तों ने लाठी झ डंडा वादी को और बचाव में जगतू को मारापीटा। उपचार के दौरान जगतू की मौत हो गयी। इस मामले में गैर इरादतन हत्या की रपट थाने में दर्ज हुई थी। अदालत ने विचारण के दौरान 6 गवाहों के बयान व पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यो को देखते हुए दोनो सगे भाइयों राम सुधार यादव व विनोद कुमार को दोषी पाया और सजा सुनाई। इस मामले एक अन्य आरोपित दोनो अभियुक्तों के पिता शिवनाथ यादव की मौत हो जाने के चलते उनके खिलाफ सुनवाई समाप्त कर दी गई थी।



### छात्र की पिटाई करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र द्वितीय वर्ष के छात्र गौरव कुमार गुप्ता रविवार को खाना खाने के लिए साथियों के साथ विवेकानंद छात्रावास गया था। खाना खाने के छात्रावास से बाहर निकलने पर पहले से घात लगाकर खड़े अजय यादव और राहुल यादव अपने साथियों के साथ मिलकर पिटाई करने लगें।बीच बचाव करने पहुंचे उसके साथियों की आरोपियों ने पिटाई कर दी। पिस्टल सटाकर जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस गौरव की शिकायत पर सीरगोबर्धनपुर के रहने वाले अजय यादव राहुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। गौरव नासीपुर सुसुवाही में किराये पर कमरा लेकर रहकर पढ़ाई करता है।

## शिकायत करने स्कूल पहुंचे गार्जियन से मारपीट

**सारनाथ।** सारनाथ पिछले दिनों विद्यालय के बाहर छात्रों के दो गुट में हुई मारपीट के मामले में मंगलवार को शिकायत लेकर अभिभावक सारनाथ के तडिया चकविही स्थित एक विद्यालय कार्यालय पहुंचे तो अभिभावक व प्रबंधन कर्मियों के बीच मारपीट हुई। जिसमें अभिभावक को चोटे आयी। दोनों पक्षों की तरफ से थाने पर तहरीर दी गयी। तडिया चकविही स्थित एक पब्लिक स्कूल में पंचक्रोसी निवासी अयांश कक्षा आठ का छात्र है। अयांश और उसके सहपाठी नितेश और उसके दोस्तों में आपस में किसी बात अनबन हुई। दो दिन पहले स्कूल से लौटते वक्त अयांश को रास्ते में रोक निलेश और उसके साथी मारपीट किया। मंगलवार को अभिभावक राज श्रीवास्तव जब स्कूल के कार्यालय में पहुंच कर प्रबंधनकर्मी उदय और प्रमोद मौर्या से शिकायत की इस बीच दोनों तरफ से नोकझोंक होने लगी जो मारपीट में बदल गयी। पुराना पुल चौकी प्रभारी आदित्य सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

अवधेश राय हत्याकांड

## सिबगहतुल्ला अंसारी समेत छह गवाह तलब तीन को सुनवाई

**वाराणसी।** प्रभारी विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) में विचाराधीन अवधेश राय हत्याकांड मुकदमे में सफाई साक्ष्य के लिए छह गवाहों को सम्मन जारी किया गया है। अदालत ने गवाहों को सम्मन के जरिये तलब करते हुए इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि तीन फरवरी नियत कर दी। इसके पूर्व अदालत में इस मामले के आरोपित मुख्तार अंसारी की ओर से उनके अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने सफाई साक्ष्य के लिए कुल छह गवाहों की सूची कोर्ट में दाखिल की थी।

साथ ही अदालत से उन गवाहों को सफाई साक्ष्य के लिए बतौर गवाह जरिये सम्मन तलब करने का अनुरोध किया गया था। जिन गवाहों को तलब किए जाने का आवेदन दिया गया है, उसमें सिबगहतुल्ला अंसारी, रामजी राय, फेकू यादव, मंसूर अहमद अंसारी, अब्दुल अजीज व गोपाल शरण राय सभी निवासी गाजीपुर है। अदालत में सुनवाई के दौरान एडीजीसी विनय कुमार सिंह के साथ वादी पूर्व विधायक अजय राय की ओर से उनके अधिवक्ता अनुज यादव व विकास सिंह भी मौजूद रहे।

तीन अगस्त 1991 को लहुराबीर क्षेत्र में स्थित आवास के गेट पर ही अवधेश राय के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। अजय राय ने मुख्तार अंसारी,पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, भीम सिंह, कमलेश सिंह व राकेश न्यायिक समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## संक्षेप

### गैंगस्टर की बाइक कुर्क



**पिंडरा।** सिंधोरा थाने में पंजीकृत गैंगस्टर के अरोपी के बाइक को मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत फूलपुर पुलिस ने जब्त किया। फूलपुर इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत जब्त की कार्रवाई की गयी। अभियुक्त हरिश्चंद्र राजभर निवासी गांव मझवां थाना क्षेत्र सिंधोरा के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बाइक की कीमत 52 हजार आंकी गयी।

### महिला लेखपाल को जान से मारने की धमकी

**बड़ागांव।** बड़ागांव तहसील पिण्डरा में तैनात एक महिला लेखपाल के मोबाइल फोन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा धमकी दिये जाने के मामले में बड़ागांव पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जानकारी के अनुसार तहसील पिण्डरा के बड़ागांव थानाक्षेत्र अंतर्गत प्रसादपुर गांव में तैनात लेखपाल साजिया मंजूर के मोबाइल फोन पर 27 जनवरी की रात अज्ञात व्यक्ति ने कई बार धमकी दी। लेखपाल ने इसी थानाक्षेत्र के रिशु सिंह निवासी तिवारीपुर के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### सहेली के साहस से बाल विवाह से बची किशोरी

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के करधना गांव में सहेली की साहस से एक किशोरी बाल विवाह होने से बच गयी। किशोरी का पिता उसकी शादी तय किया था और 31 जनवरी को भदोही में ही किसी मंदिर से होने वाली थी। किशोरी परेशान थी वह नहीं चाहती थी कि कम उम्र में उसकी शादी हो लेकिन घर वाले मानने को तैयार नहीं थे। थकहार कर उसने अपनी सहेली की मदद ली। उक्त सहेली ने सोमवार की रात इसकी सूचना डायल 112 को और थाने पर दी। उक्त सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत व ऐंटी रोमियों प्रभारी बलराम पाठक, महिला कांस्टेबल रुचि सिंह उक्त गांव में पहुंच किशोरी का बाल विवाह होने बचाया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने बताया की किशोरी को बाल विवाह से बचाकर अस्मिता चाइल्ड लाइन को सुपर्द किया। मंगलवार को किशोरी को सीडब्लू सी कोर्ट में पेश किया गया जहा से फिर किशोरी को चाइल्ड लाइन भेज दिया गया। अब सीडब्लूसी कोर्ट जहां आदेश करेगा वहां किशोरी जायेगी।

### 20 बीघा में अवैध प्लाटिंग पर हुई कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए जोन - 2 की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाया। सारनाथ वार्ड के अंतर्गत मौजा-कमौली मे आराजी न0-388, ग्राम-आशापुर, बलुआ रोड, वार्ड-सारनाथ के अंतर्गत पर बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 20 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गयी।अभियान में जोनल अधिकारी - चन्द्रभान दीक्षित और अवर अभियंता आरके सिंह और उनकी टीम रही। वीडीए उपाध्यक्ष ने अपील की है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आऊट अथवा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण न करें, अन्यथा की दशा में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### अग्निवीर सेना भर्ती का परिणाम घोषित

**वाराणसी।** 16 नवंबर से 6 दिसंबर 2022 के बीच स्थानीय सेना के रण बांकुरा स्टेडियम में सम्पन्न अग्निवीर की सेना भर्ती रैली की 15 जनवरी को हुई लिखिए परीक्षा का परिणाम सैन्य मुख्यालय ने जारी कर दिया है। घोषित रिजल्ट में सफल सभी अभ्यर्थियों को 2 फरवरी को सुबह 9 बजे से कार्यालय अवधि के बीच छावनी स्थित सेना भर्ती कार्यालय में अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों व अन्य आवश्यक पत्रावलीयों के साथ उपस्थित होना है। स्थानीय भर्ती कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए वीडीए में बैठक

**वाराणसी।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए मंगलवार को वीडीए में बिल्डर्स एसोसिएशन एवं पूर्वाञ्चल रियल स्टेट एसोसिएशन के अंतर्गत पंजीकृत नगर के विकासकर्ताओं के साथ ग्लोबल इन्वेस्टर्स इन्वेस्टर्स समिट-2023 के सम्बन्ध में वीडीए उपाध्यक्ष ने बैठक की। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के प्रचार-प्रसार के लिए नगर में रियल इस्टेट सेक्टर के अन्तर्गत अधिक निवेश लाने एवं वाराणसी नगर के अन्तर्गत विकासकर्ताओं की समस्याओ और सुझाव पर चर्चा हुई। बैठक में नगर में रियल इस्टेट सेक्टर के अन्तर्गत अधिक निवेश लाने के लिए नगर में शहरी सीमा के आस आस के क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं को तेजी से विकसित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया तथा प्रस्तावित टीडीआर पालिसी को जल्द लागू करने के सुझाव दिया गया।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर दे दी जान

### एक महीने बाद थी बेटी की शादी, खुशियां बदली मामत में

जनसंदेश न्यूज

**मिर्जामुराद।** भिखारीपुर गांव में रेलवे क्रासिंग के पास मंगलवार को बागीचे में पेड़ के सहारे फांसी लगाकर हर्ष कुमार दूबे (50) नामक व्यक्ति ने जान दे दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी दीपक कुमार रनावत ने मामले की छानबीन की और डेडबॉडी को पीएम के लिए भिजवाया। फांसी पारिवारिक कलह में लगाने की बात सामने आयी।

मीरजापुर जिले के कछवां थानांतर्गत दुनाई गांव (जमुआ) निवासी हर्ष कुमार वाराणसी में प्राइवेट नौकरी करता था।

बीते दस दिनों से वह घर नहीं गया था। मार्च महीने में बेटी की शादी होनी थी। घर में खुशियां थी और शादी की तैयारी चल रही थी। घटना स्थल पर हर्ष दूबे का साइकिल पड़ा था। जेब में मिले आधारकार्ड से पुलिस ने उनकी शिनाख्त की। मौत की खबर सुनकर पत्नी बेसुध हैं वही बेटी का रोकर हाल बेहाल है।



हर्ष कुमार दूबे

## एसीपी विदुष सक्सेना ने 5 जुआड़ियों को दबोचा

**बड़े पैमाने पर होता था जुआ का खेल, होता था लाखों का वारा न्यारा**

**रोहनिया।** रोहनिया स्थानीय थाना क्षेत्र भदवर चौकी अंतर्गत फरीदपुर क्षेत्र में संचालित जुआ के धंधे पर एसीपी का हंटर चला। पुलिस को सूचना मिली की यहाँ बीते कई साल से यहाँ खेल जारी था।एसीपी विदुष सक्सेना को सूचना मिली की यहाँ जुआ का धंधा जोरो पे है ऐसे में मंगलवार को गंगापुर चौकी इंचार्ज रणजीत श्रीवास्तव संग प्राइवेट वाहन से फरीदपुर क्षेत्र में संचालित जुआ स्थल पर पहुंचे और छापेमारी की और मौके से पांच जुआड़ियों पकड़ा। सभी को रोहनिया थाने लाकर पूछताछ की गई। पुलिस को छापेमारी के दौरान नकदी भी बरामद हुई।हिरासत में लिये गए अभियुक्तों में दो फाइनेंसर बताये गये। चर्चा तो ये भी है की प्रतिदिन का नाल लगभग 90 लाख रुपए उतरता है यानी महीने का लगभग दो करोड़ सत्तर लाख रुपए सिर्फ जुए के नाल की कमाई है। फि लहाल पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## सड़क किनारे मृत मिला युवक

### परिजनों ने कहा-दो बार आ चुका है हार्ट अटैक, जबकि जेब से सुसाइड नोट मिला

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के अखरी चौकी अंतर्गत अवलेशपुर सौरभ विहार कॉलोनी में किराये पर रहने वाले युवक की सड़क किनारे डेड बॉडी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर शव को मोर्चरी में रखवाया। परिजनों का कहना है कि इसके पहले उसे दो बार हार्ट अटैक आ चुका है जबकि पुलिस को उसकी जेब से सुसाइड नोट मिला।

मूलरूप से बिहार सासाराम निवासी सुधीर कुमार अवलेशपुर सौरभ विहार कॉलोनी में रहता था। सुसाइड नोट में आर्थिक तंगी और जिंदगी से परेशान होने की बात लिखी हैं। वहीं परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को अपने साथ ले जाने की बात कह रहे थे। उनका कहना है कि हार्ट अटैक से ही मौत हुई होगी। वहीं घटना के बाद परिजनों में पिता रामाशंकर राय, माता गीता देवी और पत्नी रजनी का रोकर हाल बेहाल है। सुधीर की दो संतान है एक लड़का और लड़की जो अभी पांच साल से कम उम्र के हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से इकलौते बेटे की मौत

जनसंदेश न्यूज

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरईगांव ब्लॉक के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चौबेपुर निवासी निलेश (22) पुत्र कंचन चौबे की मौत हो गयी। निलेश किसी रिश्तेदार की शादी में से सोमवार की रात 11 बजे घर लौट रहा था।

जानकारी के अनुसार चिरईगांव ब्लाक के पास पहले अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मारी इसके बाद निलेश हाइवे की डिवाइडर से टकराया था। उसके सिर में गंभीर चोट आयी और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। निलेश दो बहनों में मंझला था। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। पिता घर पर रहकर खेती करते हैं अभी दोनों बहनों की शादी नहीं हुई।



निलेश

## अखिलेश यादव व ओवैसी हेट स्पीच मामले की सुनवाई पूरी


### कोर्ट ने आदेश के लिए पत्रावली को सुरक्षित रखा

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के पास वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की बयानबाजी को लेकर पूर्व सीएम अखिलेश यादव, ओवैसी समेत कई के खिलाफ दाखिल वाद में मंगलवार को बहस पूरी हो गई, एसीजेएम पंचम/एमपी-एमएलए उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत ने बहस सुनने के बाद आदेश के लिए पत्रावली सुरक्षित कर लिया। कोर्ट में चौक थाने से पहले ही रिपोर्ट आ गई है कि इस मामले में थाने में कोई मुकदमा दर्ज नहीं है।

प्रकरण के अनुसार वादी हरिशंकर पांडेय और उनके अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह की तरफ से दलील दी गई अर्जी में कहा गया था कि एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने बरामद शिवलिंग को लेकर हिदुओं को भड़काने वाला बयान दिया था। ज्ञानवापी में काफी संख्या में एक विशेष वर्ग के लोग सैकड़ो कि संख्या में जुटकर भड़काऊ नरेबाजी की। इस मामले में ज्ञानवापी मस्जिद के अंजुमन इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल वाकी, मुफ्ती-ए-बनारस मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी, कमेटी के संयुक्त सचिव सैय्यद मोहम्मद यासीन और बयान देने वाले नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है।

### चौक थाने से बिंदुवार आख्या आयी

**वाराणसी।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में बुधवार को शृंगार गौरी केस के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन समेत दो के खिलाफ केस दर्ज करने की अर्जी पर सुनवाई होनी है। इस मामले में चौक थाने से बिंदुवार आख्या आ चुकी है। ज्ञानवापी-शृंगार गौरी प्रकरण की ही चार वादी महिलाएं रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी व सीता साहू ने पांचवीं वादी राखी सिंह के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन के खिलाफ कोर्ट में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। उनका आरोप है कि जितेंद्र सिंह की ओर से मुकदमे की पॉवर ऑफ अटार्नी मुख्यमंत्री को सौंपने के लिए धमकाया गया। कोर्ट में सुनवाई में जाने के दौरान परिसर में गाली-गलौज भी की गई।



## धोखे से 31 हजार निकालने वाले दो गिरफ्तार

**वाराणसी।** चौबेपुर पुलिस ने मोबाइल चोरी कर धोखाधड़ी से पासवर्ड और पिन नंबर प्राप्त कर 31 हजार ऑनलाइन मनी एप से एक दुकान पर जाकर ट्रांसफर कराये और 1100 का परिधान खरीदने वाले दो अभियुक्तों को रूस्तमपुर संदहा तिराह से दबोचा। अभियुक्तों की पहचान अंकुर चौबे और हिमांशु पटेल निवासी तारानगर छित्तूपुर नगवा थाना लंका के तौर पर हुई। पूछताछ में दोनों ने स्वीकारा कि 23 जनवरी की रात एक अन्य साथी समीर के साथ एमएस मार्ट दुकान के सामने गमला बेचने वाले व्यक्ति की टच स्कीन मोबाइल चोरी किये थे। उसके बाद हम तीनो चोरी की इस मोबाइल का कोड जानकर (सर्च कर) रेलवे स्टेशन कैन्ट के सामने मां काली कम्युनिकेशन दुकान पर जाकर दुकानदार से ऑनलाइन पे एप के माध्यम से 31 हजार नकद लिया और 1100 रुपये का पकड़ा खरीदा था। बाकी रुपये मौजमस्ती में उड़ा दिया।

## संस्कृत भारतीय संस्कृति की आत्मा: प्रो हरेराम त्रिपाठी

### चार फरवरी तक चलेगा पांच दिवसीय पुस्तक मेला, क्रॉफ्ट प्रदर्शनी

**वाराणसी।** संस्कृत सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि वह भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यदि भाषाओं में से संस्कृत को विलुप्त कर दिया जाए, तो कोई भी भाषा अपना अस्तित्व नहीं बनाए रख सकती। 'सत्यमेव जयते' जो भारत का शासकीय मंत्र है, वह भी संस्कृत से है। उक्त विचार विज्ञान भवन में जी-20 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये वृहद् पुस्तक मेला, क्रॉफ्ट चित्र प्रदर्शनी के आयोजन में संपूर्णानंद विवि कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने कही।

कुलपति प्रो त्रिपाठी ने कहा कि क्रॉफ्ट और चित्रकारी के माध्यम से लोगों के अंदर के कला-कौशल एवं अन्तर्भाव के ज्ञान-राशि हैं इससे कौशल विकास होगा। कार्यक्रम संयोजक प्रो जितेन्द्र कुमार शाही ने बताया कि आज गौरव के साथ भारत को जी-20 सम्मेलन करने की मेजबानी मिली है इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के दृष्टि में यहां विभिन्न तरह के 09 दिवसीय कार्यक्रम की शृंखला में यह वृहद् पुस्तक प्रदर्शनी/ मेला, क्राफ्ट मेला का आयोजन किया गया है। मेला 4 फरवरी तक 45 प्रतिशत छूट के साथ चलेगा।



इस दौरान डॉ. पद्माकर मिश्र, प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो. रामपूजन पांडेय, प्रो. हीरक कान्त चक्रवर्ती, प्रो रमेश प्रसाद, प्रो महेंद्र पांडेय, प्रो. शैलेश कुमार, प्रो. राजनाथ, प्रो. विधु द्विवेदी,डॉ. विशाखा शुक्ला आदि लोग थे।

## बड़े बकायेदारों पर नगर निगम की कार्रवाई शुरू

**वाराणसी।** नगर आयुक्त प्रणय सिंह के निर्देश पर गृहकर के बड़े बकायेदारों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में मात्र दो माह शेष बचे हैं, जबकि अभी भी बहुत से भवन स्वामियों द्वारा अपने भवन का गृहकर जमा नही किया गया है। नगर आयुक्त के निर्देश पर पिछले दिनों बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुये उन्हे डिमाण्ड आफ नोटिस जारी की गयी थी।

मंगलवार को भेलूपुर जोन में सोनारपुरा स्थित भवन संख्या-बी0 15/42, जिसमें होटल, दुकाने और पार्किंग का संचालन किया जा रहा था, इस भवन पर गृहकर रु0 6.50 लाख का बकाया था। इस भवन स्वामी को कई बार गृहकर जमा करने के लिए कहा गया परन्तु इनके द्वारा गृहकर जमा नही किया जा रहा था। भेलूपुर जोन के जोनल अधिकारी जितेन्द्र कुमार आनन्द के नेतृत्व में कर अधीक्षक उमाशंकर गुप्ता और उनकी टीम ने उक्त भवन को कार्रवाई करते हुए सील कर दिया।

नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जोन के अन्तर्गत बड़े बकायेदारों के विरूद्ध नियमानुसार कुर्की एवं तालाबन्दी की कार्रवाई किया जाय। वहीं दूसरी ओर नगर आयुक्त ने नगर के सभी सभी बड़े गृहकर बकायेदारों से अपील की गयी है कि वे अपने भवन का बकाया गृहकर शीघ्र जमा कर दें, जिससे उनके विरूद्ध उत्पीड़न की कार्रवाई से बचा जा सके।

## बिजली दरों में प्रस्तावित वृद्धि के खिलाफ धरना

आंदोलन

**आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शास्त्री घाट पर किया प्रदर्शन**

**वाराणसी।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिजली दरों में प्रस्तावित वृद्धि, किसानों को फ्री बिजली देने एवं सरकार के वादाखिलाफी के विरोध में वरुणापुल स्थित शास्त्री घाट पर मंगलवार को प्रदर्शन कर धरना दिया।

धरनास्थल पर हुई सभा में काशी प्रांत के अध्यक्ष पवन तिवारी ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान घोषणा पत्र में वादा किया था कि चुनाव जीतने पर सरकार जनता को सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी, पर ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने जनता पर निरन्तर बोझ डालने की निंदा करते हुए कहा कि जब दिल्ली में सस्ती और मुफ्त बिजली दी जा सकती हैं तो उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं? प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह ने कहा कि बिजली दरों में 23 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव है। ऐसा हुआ तो जनता पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा। देश में 30 प्रतिशत तक कोयले का उत्पादन भी बढ़ा है। फिर क्यों बिजली की दरें बढ़ाई जा रहीं हैं? अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमाशंकर सिंह पटेल ने की। संचालन महानगर अध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने किया। धरना-प्रदर्शन में कैलाश पटेल, एजाज अहमद, घनश्याम पांडे, मनीष गुप्ता, कृष्णकांत तिवारी, सरोज शर्मा, रमेश पटेल, अब्दुल रकीब हैप्पी, राहुल द्विवेदी, डॉ. आसिफ खान, रमेश कनौजिया, सुभाष चंद्र चौरसिया, मनीष कसौधन, सौरव यादव, रवि मौर्या, मायापति पटेल, बिंदु वर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, गीता पटेल, शारदा टंडन, अनीता यादव, प्रिया पटेल, रामजी सिंह पटेल, अभिषेक राय, रोहित मौर्या आदि शामिल थे।



जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरा सं0 सं0 वि0 वि0 शास्त्री वर्ष 2017 अनुक्रमांक 17329341 का प्रमाण पत्र खो गया है। सुकेन्द्र कुमार पुत्र श्री लल्लू प्रसाद भार्गव, जिला-सागर (म0 प्र0)।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 2433865 व इंटरमीडिएट वर्ष 2009 अनुक्रमांक 1757328 अंक पत्र सह प्रमाण पत्र खो गया हैं। स्नेहा सिंह पुत्री अरुण कुमार सिंह, ग्राम-कोहड़ा सुल्तानपुर, पोस्ट - हरबसपुर, जौनपुर।

मेरा आधार कार्ड में नाम RITA DEVI हो गया है, जबकि मेरे हाईस्कूल और अन्य सरकारी प्रमाण-पत्रों में REETA DEVI है, जो मेरा सही नाम है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। रीता देवी पत्नी अमरेश कुमार ग्राम-शंकरपुर उर्फ विशुनपुरा, पो0-सवन, जनपद-बलिया।

## काशी की डॉ. इन्दु ने किया सर्वधर्म प्रार्थना सभा में जैनधर्म का प्रतिनिधित्व

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 75वें बलिदान दिवस पर गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति 30 जनवरी नई दिल्ली में सर्वधर्म प्रार्थना एवं भक्ति संगीत में काशी की डा. इंदु ने जैन धर्म का प्रतिनिधित्व किया। ₹सर्वधर्म प्रार्थना₹ में विश्व शांति की भावना से जैन प्रार्थना के अंतर्गत जय ऋषभदेव - जय महावीर का उद्घोष हुआ। महावीराष्टक स्तोत्र से पूरा वातावरण गूँज गया। गांधी की स्मृति में आयोजित संगीतमय भावांजलि, सर्वधर्म प्रार्थना एवं भक्ति संगीत का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, आकाशवाणी के विभिन्न चैनल के माध्यम से लाखों लोगों तक पहुंचा।

सर्वधर्म प्रार्थना एवं सुविख्यात गायक पद्मभूषण उदित नारायण ने सुमधुर भक्ति संगीत एवं बच्चों ने समूह गान गीत गाए। कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में डॉ. इन्दु जैन राष्ट्र गौरव जैन धर्म का प्रतिनिधित्व कर चुकीं हैं।

## प्रसादजी ने अपनी रचनाओं से जीवन संदेश दिया

आयोजन

**काव्य कृतियों में स्त्रियों का भी किया सम्मान**

**महाकवि जयशंकर प्रसाद जयंती समारोह**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नागरी प्रचारिणी सभा की ओर से आयोजित जयशंकर प्रसाद जयंती समारोह के अध्यक्ष के रूप में विचार व्यक्त करते हुए अवकाश प्राप्त न्यायधीश चंद्रभाल सुकुमार ने कहा कि प्रसाद जी ऐसे क्रांतदर्शी कवि थे जो किसी साहित्यकार को भाग्य से प्राप्त होता है। वैदिक रिचाओं से लेकर अपने समय तक की मेधा और मनीषा का ऐसा सारांश उन्होंने अपनी कविताओं, नाटकों, कहानियों में प्रस्तुत किया है जिनकी उपादेयता सदा सर्वत्र बनी रहेगी।

मुख्य अतिथि प्रो. श्रद्धानन्द ने कहा कि प्राचीन एवं मध्यकालीन भारतीय इतिहास की गौरवमयी पृष्ठ भूमि पर प्रसादजी ने अपनी रचनाओं से जो जीवन संदेश दिया है। वह अपने देश के लिए ही नहीं विश्व शांति एवं मानवता के मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। इस दृष्टि से प्रसाद साहित्य के अध्ययन एवं विस्तृत लेखन का कार्य अभी शेष है। संगोष्ठी की विशिष्ट वक्ता प्रो सुमन जैन ने कहा कि प्रसाद जी की आधार भूमि शास्त्रीय है। किन्तु उनकी दृष्टि इतनी प्रगतिशील एवं अग्रगामी हैं जिसे देखकर आश्चर्य होता है। अपनी काव्य कृतियों में तथा अन्यत्र भी उन्होंने स्त्रियों को नित्य सम्मान दिया है। संगोष्ठी में जयशंकर प्रसाद की प्रपौत्री कविता कुमारी ने कहा कि प्रसादजी ने नारी सशक्तिकरण की दिशा में जो भूमिका निभाई है वह स्त्री विमर्श के लिए भी अनुकरणीय है। महाकवि प्रसाद जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद सभाजीत शुक्ल ने स्वागत वक्तव्य दिया।

संगोष्ठी में प्रो. राघवेन्द्र दूबे, महाकवि जयशंकर प्रसाद की प्रपौत्री कविता कुमारी, डा॰ रामअवतार पाण्डेय, डा पवन शास्त्री, राजेन्द्र गुप्त, डा जयशंकर जय, नरोत्तम शिल्पी, सिद्धनाथ शर्मा, बृजेश चन्द्र पाण्डेय, शुभाजीत साहा, डा शंकर शास्त्री, मंगलागौरी ने अपने विचार व्यक्त किये। संचालन डा जितेन्द्र नाथ मिश्र ने किया।



नागरी प्रचारिणी सभा में संबोधित करतीं वक्ता

न्यायालय नायब तहसीलदार, रेवतीपुर
वाद संख्या T201714296012732
मौजा नौली
पूनम देवी बनाम रामजी
पूनम देवी पत्नी वशिष्ठ सिंह
सा0 नौली, परगना-जमानियाँ,
तहसील-सेवराई, जिला-गाजीपुर
जेरे सम्मन दिनांक 14.02.2023
तक न्यायालय में उपस्थित होकर
अपना पक्ष प्रस्तुत करें।
बनाम

हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्ब दफा दाखिल किया गया है। जिसमें तारीख 14 माह 02 सन् 2023 ई0 मुकर्रर है कि इस लिए आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाब देही दावा की करें।

वरना मुकदमा आपके खिलाफ एक तरफा समाप्त होगी।

तारीख 31 माह 01 सन् 2023 ई0
तारीख
नायब तहसीलदार, रेवतीपुर, सेवराई



# वाराणसी



आबादी 25 करोड़

परिवार 5 करोड़

कनेक्शन मात्र 3.25 करोड़

# आखिर ऐसे कैसे कम होगा लाइन लॉस

## परिवार के आंकड़ों के हिसाब से छह से सात करोड़ होने चाहिए उपभोक्ता

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** प्रदेश की आबादी करीब 25 करोड़। परिवार की संख्या करीब पांच करोड़। विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या महज 3.25 करोड़। इसमें से करीब 20 प्रतिशत वाणिज्यिक उपभोक्ता। आबादी और परिवार की संख्या के सापेक्ष उपभोक्ताओं की संख्या पर्याप्त नहीं, बल्कि यह आंकड़ा छह से सात करोड़ होना चाहिए। यह बात ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने नो योर कस्टमर (केवाईसी) की लांचिंग के दौरान व्यक्त की थी। कहा कि जब तक आबादी, परिवार और उपभोक्ताओं के आंकड़ों में इतना अंतर होगा तो आखिर लाइन लॉस (बिजली चोरी) पर लगाम कैसे लगेगा और हम अपने राजस्व को कैसे बढ़ा पायेंगे। यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो प्रदेश सरकार चाहती है कि जो भी परिवार विद्युत का उपयोग कर रहा है और उपभोक्ता नहीं है। वह भी अभियान के दौरान नियमपूर्वक विद्युत उपभोक्ता बन जाए। बिजली का उपयोग करने वाले सभी लोग उपभोक्ता नहीं हैं। इसमें बड़ा गैप है। अभियान के दौरान ऐसे सभी लोग, जो बिजली का उपयोग कर रहे हैं, फॉर्म भरवाकर उनको कनेक्शन दिया जाए। इस दौरान सभी बिलिंग एजेंसियों तथा विभागीय अधिकारी क्षेत्रों का दौरा करेंगे और अनमीटर्ड, नेवरपेड उपभोक्ताओं के पास भी पहुंचेंगे। पूरी प्लानिंग तथा कार्ययोजना बनाकर इस अभियान को सफल बनाना है।

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो प्रदेश सरकार ने अभियान के दौरान डेढ़ करोड़ परिवारों को उपभोक्ता बनाने का लक्ष्य रखा गया है। विद्युत बिलिंग, राजस्व वसूली, विद्युत चोरी, लाइन लॉस, रीवैम्प योजना आदि के बाबत भी ऊर्जा मंत्री ने कई दिशा-निर्देश दिये। कहा कि लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली और लाइन लॉस कम करने के लिए बिजली चोरी पर लगाम कसना होगा। उन्होंने 10 माह से बिलिंग एजेंसियों और विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली में सुधार न होने पर नाराजगी व्यक्त की। ऊर्जा मंत्री ने डीजी विजिलेंस को निर्देश दिया कि विभागीय अधिकारियों और बिलिंग एजेंसियों के कार्यों में बार-बार लापरवाही और गलतियां मिलने पर सीधे एफआईआर दर्ज की जाए। कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। समझाने-सिखाने का समय खत्म हुआ, अब सीधे कार्रवाई होगी।

**विभागीय लापरवाही**

**ज्यादा लाइन लॉस वाले फीडरों से संबंधित क्षेत्रों में आज से चेकिंग अभियान**

**ऊर्जा मंत्री का सख्त निर्देश-समझाने-सिखाने का समय खत्म, अब होगी कार्रवाई**

**लापरवाही-गलतियों पर अधिकारियों व बिलिंग एजेंसियों पर दर्ज होगी एफआईआर**

### बिजली चोरी के खिलाफ चलायें सघन अभियान

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो प्रदेश के सभी जिलों में ज्यादा लाइन लॉस वाले फीडरों को चिह्नित करने और ऐसे फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में बिजली चोरी रोकने की खातिर सख्त रेड अभियान चलाने के निर्देश सभी डिस्कॉम कंपनियों को दिये गये हैं। प्रदेश में 1297 फीडर लाइन लॉस वाले हैं, जहां पर बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान का श्रीगणेश एक फरवरी से होगा। यह भी कहा गया है कि अभी तक जहां पर भी बिजली चोरी के खिलाफ रेड नहीं डाली गई, ऐसे स्थानों को चिह्नित कर वहां रेड डाली जाए। रेड सिर्फ खानापूर्ति के लिए नहीं, बल्कि इसका धरातल पर असर भी होना चाहिए। रेड अभियान और केवाईसी व समाधान पखवाड़ा अभियान की प्रगति संबंधी रिपोर्ट रोजाना लखनऊ मुख्यालय को भेजने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### गरीबों को लाख-लाख का बिल बड़ों पर कार्रवाई नहीं

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो ऊर्जा मंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि फर्जी बिलिंग अब किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बिलिंग की क्वालिटी सुधारने के लिए विभागीय अधिकारियों और बिलिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को समय पर सही बिल मिले, यह उनका अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, झोपड़ पट्टी में रहने वाले गरीब लोगों को लाख-लाख रुपये का बिल दिया जा रहा है। बड़े उपभोक्ताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। टेबल पर बैठकर बिल बनाए जा रहे हैं। यह सब नहीं चलेगा। बिल की क्वालिटी को गंभीरता से लेना होगा। डाउनलोडेड बिलिंग पर अधिक जोर दिया जाए। ऐसे क्षेत्रों को चिह्नित किया जाएं, जहां पर बिलिंग में ज्यादा फेरबदल किया जा रहा है।

# अब विद्युत उपभोक्ता वाट्सऐप पर भी

**वाराणसी।** विद्युत उपभोक्ता पहचान एवं समाधान पखवाड़ा अभियान एक फरवरी से शुरू हो रहा है। इसके तहत अभी तक जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अपने लेटेस्ट मोबाइल नंबर और मेल आईडी विभाग में दर्ज नहीं कराया है, उनके मोबाइल नंबर व मेल आईडी दर्ज किया जाएगा। वजह, विद्युत विभाग अपने उपभोक्ताओं को वाट्सऐप से जोड़ रहा है, ताकि उनको विभाग की तरफ से भेजे जाने वाले विद्युत संबंधित संदेश आसानी से मिल सके। मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए यूपीपीसीएल के अफसरों ने पूर्वांचल-डिस्कॉम के अधिकारियों को इस बाबत दिशा-निर्देश दिये।

विद्युत विभाग 'उपभोक्ता केवाईसी कराएं, विद्युत सेवाओं को सरल बनाएं' के तहत सभी उपकेंद्रों पर एक से 15 फरवरी तक सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक अभियान चलायेगा। विभागीय कर्मचारी इस दौरान जहां उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करेंगे, वहीं उनके वर्तमान मोबाइल नंबर व मेल आईडी लेकर विभागीय कम्प्यूटर में पंजीकृत करेंगे। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस बाबत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। यूपीपीसीएल ने भी समस्त डिस्कॉम कंपनियों के प्रबंध निदेशकों को ऊर्जा मंत्री के संदेश से अवगत कराते हुए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

विभागीय सूत्रों की मानें तो ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने टेक्नोलॉजी का उपयोग कर विद्युत उपभोक्ताओं को टेलीकॉम कंपनियों की तरह बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रत्येक उपभोक्ता का मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी प्राप्त करने तथा इसे विभागीय सिस्टम में अपलोड कर व्यवस्थित रूप से संचालित करने को कहा है, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर विद्युत संबंधी हरेक जानकारी दी जा सके और उनकी किसी भी समस्या के समाधान के लिए सीधे उनसे वार्ता किया जा सके। इसके लिए ऊर्जा मंत्री ने पिछले दिनों लखनऊ स्थित शक्ति भवन में विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा अभियान की लांचिंग की। यह अभियान पूरे प्रदेश के सभी विद्युत उपकेंद्रों पर एक फरवरी से 15 फरवरी तक सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक कैंप लगाकर चलाया जाएगा। इस दौरान विद्युतकर्मी प्रत्येक गांव और मोहल्ले में भी जाकर उपभोक्ताओं से मिलेंगे और उनका सही मोबाइल नंबर प्राप्त कर विभागीय सिस्टम में अपलोड करायेंगे। ताकि समस्त उपभोक्ताओं को विभाग के वाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा जा सके।

विभागीय सूत्रों की मानें तो अभी मात्र 30 से 35 प्रतिशत उपभोक्ताओं का ही मोबाइल नंबर उपलब्ध हो पाया है। इससे उपभोक्ताओं से संपर्क करने में समस्या होती है। विभागीय सिस्टम पर मोबाइल नंबर व मेल आईडी अपडेशन होने पर उपभोक्ताओं को बिल जमा न होने, विद्युत बाधित होने, बिजली कटने, बिल की जानकारी देने, डिसकनेक्शन, शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने तथा बिल भुगतान में सुविधा होगी। साथ ही विभाग और उपभोक्ताओं के बीच सीधे वार्ता भी हो सकेगी। उपभोक्ता चाहे तो यूपीपीसीएल की वेबसाइट www.upenergy.in पर ऑनलाइन अपनी जानकारी अपडेट कर सकते हैं।

**सुविधा**

**उपभोक्ता केवाईसी कराएं, विद्युत सेवाओं को सरल बनाएं**

**मोबाइल नंबर व मेल आईडी अपडेशन में तेजी लाने का निर्देश**

**उपकेंद्रों पर उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा अभियान आज से**

## उद्घाटन मैच में शीयेट कॉलेज ने संत अतुलानंद को सात विकेट से हराया



**हरहुआ।** काशी विद्यापीठ से संबंद्ध अंतर महाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता हरहुआ स्थित विवेक एकेडमी खेल मैदान पर चार दिनी खेल प्रतियोगिता सोमवार से शुरू हुआ। उद्घाटन मैच में शीयेट कालेज ने संत अतुलानंद को सात विकेट से हराया। दूसरा मैच जगतपुर पीजी कालेज बनाम हरिश्चन्द्र महाविद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें जगतपुर ने हरिश्चन्द्र को 80 रनों के बड़े अंतर से विजय हासिल की। उद्घाटन के मुख्य अतिथि गौरीशंकर सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। आयोजन सरस्वती उच्च शिक्षा व तकनीकी महाविद्यालय गहनी ने किया। निदेशक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि कुल 12 टीम हिस्सा ले रही हैं। सभी मैच 15-15 ओवरों का खेला जायेगा।तीसरा मैच राजदीप पीजी कालेज केलहट मिर्जापुर बनाम शीयेट कालेज के बीच खेला गया। शीयेट कालेज ने अपने दूसरे मैच में राजदीप कालेज को 107 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शीयेट पीजी कालेज ने 154 रन बनाया। जबकि राजदीप कालेज की टीम 37 रनों पर आल आउट हो गई। इस मौके पर नवीन कुमार सिंह, डा. संजीव सिंह संयोजक, अरविंद प्रताप सिंह, डा. दिगविजय वर्मा, डा. सुजीत सिंह, साक्षी, डा. सीमांत सिंह, डा. संजय सिंह, मुन्ना सिंह, अरविंद कुमार, मलय कुमार आदि मौजूद थे।

## बजट पर महिलाओं के लिए सोचे सरकार

**वाराणसी।** भोजपुरी फिल्मों की सुपर स्टॉर अक्षरा सिंह मंगलवार को बनारस में थीं। अक्षरा सिंह टिंकिया गाने के प्रमोशन के लिए बनारस आयी हुई थीं। इस दौरान वह दुल्हन की वेशभूषा में सज-धज कर कैन्टोंमेंट स्थित एक पंचसितारा होटल में मीडिया से रू-ब-रू हुई। उन्हें शादी के जोड़े में देख कर हर कोई आश्चर्यचकित था। कहा कि हम एक गाने टिंकिया के प्रमोशन के लिए आये हैं। यह बहुत ही फनी सांग है। अक्षरा सिंह से जब यह सवाल किया गया कि वह अपनी शादी कब करने जा रही हैं तो पहले तो वह मुस्करायी फिर तपाक से जवाब दिया- अरे बाबा शादी के लिए तो अभी सारी उम्र बाकी है। फिलहाल अभी शादी करने का कोई इरादा नहीं है। वैसे कोई तो है जो मेरे सपनों का राजा बनेगा। कहा कि मेरा झुकाव महिला सशक्तिकरण की ओर ज्यादा है। समाज की जितनी भी लड़कियां है उन पर भी हमारा ध्यान केन्द्रित रहता है। सरकार को बजट पर महिलाओं के लिए भी सोचना चाहिए। गौरतलब हो कि भोजपुरी सनसनी अक्षरा सिंह का बीते दिनों एक फोटो वायरल हुआ था जिसमें बैचलर पार्टी करती नजर आई थी। इसके बाद से इंडस्ट्री और उनके फैंस के बीच एक कयास लगाया जा रहा था कि अक्षरा सिंह अब शादी करने वाली हैं। लेकिन मंगलवार को अक्षरा सिंह ने खुद इस राज से पर्दा उठा दिया। उनका गाना है टिंकिया, लेना मत शादी का स्वाद रे टिंकिया, तुम भी बर्बाद हो जायेगी टिकिंया समझी। जिसमें वे अपनी सखियों के साथ बैचलर पार्टी करती नजर आई हैं । साथ ही वे अपनी सखी मनीषा रानी को इस गाने में शादी के साइड इफेक्ट भी समझा रही हैं। अक्षरा सिंह का एक खूबसूरत गाना टिंकिया सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने में अक्षरा सिंह अपनी सखी के संग हंसी ठिठोली करते हुए उन्हें शादी ना करने की सलाह देती है। इस बारे में सारेगामा हम भोजपुरी के बिजनेस हेड बद्रीनाथ झा ने कहा कि गाना टिंकिया एक नया कांसेप्ट है जिसके जरिए लड़कियों के बैचलर पार्टी में सखियों के संग होने वाली हंसी ठिठोली को मनोरंजक अंदाज में पेश किया गया हैं। गाना टिंकिया में अक्षरा सिंह रैप करती हुई नजर आई हैं। इस गाने का संगीत मधुकर आनंद ने दिया है जबकि गीत संतोष पुरी के हैं। पीआरओ रंजन सिन्हा औरएच ओपी आकाश विश्वकर्मा हैं। डायरेक्शन व कोरियोग्राफर भी अलीशा सिंह हैं।

**अक्षरा सिंह**

**भोजपुरी सांग टिंकिया के प्रमोशन के लिए बनारस पहुंची थीं अक्षरा**

**कहा कि अभी शादी नहीं कर रही हूं, इसके लिए अभी उम्र बाकी है**

**महिला सशक्तिकरण की ओर है मेरा झुकाव**



पत्रकारों से रूबरू भोजपुरी फिल्मों की सुपर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह

## पांच गांवों के तकनीकी सहायकों का रोका मानदेय

**काशी विद्यापीठ।** अमृत सरोवर निर्माण में शिथिलता पांच गांवों के तकनीकी सहायकों को भारी पड़ा। बीडीओ डॉ. रक्षिता सिंह ने अग्रिम आदेश तक इन सभी तकनीकी सहायकों के जनवरी माह के मानदेय पर रोक लगा दी है। ब्लॉक मुख्यालय पर मंगलवार को तकनीकी सहायकों की बैठक में बीडीओ ने बताया कि कुरहुआ, छितौनीकोट, सरहरी, बंदेपुर व गजाधरपुर गांवों में अमृत सरोवर निर्माण अपूर्ण पाए जाने पर यहां के तकनीकी सहायकों का मानदेय रोक दिया गया है। उन्होंने अमृत सरोवर निर्माण के लिए नवचयनित रामपुर, सरायडंगरी, बेटावर, अलाउद्दीनपुर समेत 10 गांवो में निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश तकनीकी सहायकों को दिया। रैट्रो फीडिंग सर्वे व आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनवाने के प्रगति की पड़ताल की संतोषजनक स्थिति नहीं होने पर एडीओ पंचायत को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में जेबीडीओ आनंद पांडेय, एडीओ पंचायत राशिद अहमद, एडीओ समाज कल्याण अनुराग शुक्ला, बिहारी सिंह कुशवाहा आदि थे।

## मंडलीय अस्पताल का चार्ज डॉ. एसपी सिंह को



**वाराणसी।** कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल के एसआईसी डॉ. घनश्याम मौर्य मंगलवार को सेवानिवृतत हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर अस्पताल का चार्ज देर शाम वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसपी सिंह को सौंपा गया। कार्यवाहक एसआईसी को तमाम चिकित्सकों ने गुलदस्ता प्रदान कर बधाई दी।

## पॉपुलर हॉस्पिटल में निःशुल्क जांच 4 को




**वाराणसी।** पॉपुलर हॉस्पिटल के स्थापना दिवस पर चार फरवरी को निःशुल्क परामर्श जांच शिविर का आयोजन किया गया है। हॉस्पिटल ग्रुप के अध्यक्ष व सर्जन डॉ.ए के कौशिक ने बताया कि चार फरवरी को पॉपुलर हॉस्पिटल की स्थापना की गयी थी, जिसके बाद हर वर्ष स्थापना दिवस मनाया जाता है, इसके साथ ही लोगों के सहातार्थ एक निःशुल्क जांच शिविर का भी आयोजन किया जाता है, बताया कि इस वर्ष भी चार फरवरी को पॉपुलर हॉस्पिटल में निःशुल्क परामर्श व जांच शिविर का आयोजन पूर्वाह्न 10:00 से सायं 4:00 बजे तक किया गया है। कैंप में सभी विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे, जो शिविर में आने वाले लोगों चिकित्सीय परार्मश देंगे। बताया कि इसके साथ ही दवाइयां और पैथोलॉजी जांच पर भी छूट रहेगी, बताया कि शिविर में हृदय रोग, न्यूरो रोग, प्लास्टिक सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, हड्डी रोग, नाक, कान, गला रोग, छाती रोग, नेत्र रोग व सभी प्रकार के सर्जन भी उपलब्ध रहेंगे ।

## कबीरचौरा मठ में पहुंचने लगे हैं अनुयायी

**वाराणसी।** कबीर महापरिनिर्वाण महोत्सव के सिलसिले में कबीरचौरा स्थित कबीरचौरा मठ मूलगादी प्रसर में देश भर के अनुयायी पहुंचने लगे हैं। यह समारोह एक व दो फरवरी को कबीरचौरा में आयोजित है। इस समारोह में भाग लेने के लिए अब तक पंजाब, कश्मीर, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार व दिल्ली से भक्तों का समूह आ गया है। मूलगादी परिसर को विद्युत झालरों व लाइट बत्तियों से सजाया गया है। नवनिर्मित हाइटेक कबीर की झोपड़ी को देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। एक फरवरी को संत महंतों का सत्संग प्रवचन व सायंकाल भजन संध्या के अन्तर्गत सात बजे से निरंतर सांस्कृतिक कार्यक्रम चलेगा। दो फरवरी को अपराह्न दो बजे संत विवेक दास आचार्य की लिखित पुस्तक अनहद अनभा सांचा और कबीर पथ की चिता का लोकार्पण होगा।
















# तीसरे प्रवेश द्वार से यात्रियों का आवागमन मार्च से

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के यार्ड री मॉडलिंग के तहत होने वाले कार्य में तीसरा प्रवेश द्वार भी शामिल है, स्टेशन के मालगोदाम वाले रास्ते की ओर बनने वाले इस तीसरे प्रवेश द्वार से यात्रियों का आवागमन मार्च 2023 से पूरी तरह से शुरू हो जायेगा, इसके साथ ही इस स्थान पर बने दो नये प्लेटफार्म 10 और 11 से ट्रेनों का संचालन भी शुरू कर दिया जायेगा। तीसरे प्रवेश द्वार के शुरू होने के बाद से कैंट स्टेशन पर यात्रियों का ना सिर्फ दबाव कम होगा बल्कि ट्रेनों के आवागमन में भी सुविधा होगी, इस ओर बनने वाले दो नये प्लेटफार्म नंबर 10 और 11 से प्रयागराज, लोहता के रास्ते जाने वाली ट्रेनों को भी संचालित किया जायेगा। यात्रियों की अन्य सुविधाएं भी विकसित किया जायेगा।

**कैंट स्टेशन**

**प्लेटफार्म नंबर 10 और 11 से ट्रेनों के संचालन के साथ अन्य यात्री सुविधाओं में होगी बढ़ोत्तरी**

### नए प्लेटफार्म से चलेंगी दिल्ली की ट्रेनें

कैंट स्टेशन पर यात्रियों का दबाव कम करने के उद्देश्य से प्रस्तावित परियोजना में दो नए प्लेटफार्म बनाए जा रहे हैं। खास ये है कि इन दोनों प्लेटफार्मों से नई दिल्ली की गाड़ियां चलाई जाएंगी। ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों को मुख्य भवन की ओर नही जाना होगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नए प्लेटफार्म से नई दिल्ली के अलावा दूसरे रूट की गाडियां भविष्य में चलाई जा सकती हैं।

**टिकट खिड़की तैयार:** नए प्रवेश व निकास द्वार पर एक टिकट खिड़की के साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए एक स्वचालित सीढ़ी बनाई जाएगी। मार्डन शौचालय और विश्राम गृह भी बनाया जाएगा। डिप्टी एसएस परिचालन का दफ्तर भी बनाने की योजना है। कार्यदायी संस्था के अनुसार अंतिम चरण में प्रवेश द्वार पर एक वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। मालगोदाम मार्ग से यात्रियों का आवागमन होगा।

> कैंट स्टेशन पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग के तहत ही तीसरा प्रवेश द्वार ही मूर्त रुप ले रहा है, मार्च 2023 तक इसका कार्य पूरा कर लिया जाएगा, मार्च से ही इस स्थान पर बनें दो नये प्लेटफार्म 10 और 11 स ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जायेगा।
>
> **गौरव दीक्षित, स्टेशन निदेशक-कैंट स्टेशन**

## बीडीओ की औचक जांच में सीएचसी की खुली पोल

**पिंडरा।** गंगापुर सीएचसी पर जांच करने पहुँचे बीडीओ दीपांकर आर्य उस समय हतप्रभ दिखे जब केवल ऑपरेशन में प्रयोग होने वाले धागे न होने पर चार लोगों को वापस कर दिया गया। जिसकी शिकायत तुरन्त सीएमओ से की। बीडीओ मंगलवार को परिसर में दीदी कैफे का शुभारंभ करने के बाद आम लोगों की शिकायत पर जांच करने पहुचे तो हकीकत सामने आई और अस्पताल में गदंगी मिलने के साथ सब कुछ अव्यस्थित मिला। यही नही एक मात्र सर्जन के रहते हुए एक भी सर्जरी न होने का कारण चिकित्सक डॉ. आर बी सिंह ने बताया कि ऑपरेशन के तहत प्रयोग होने वाले न तो दवा है और न ही धागा। जिससे की सर्जरी का काम हो सके। जिस पर जांच के दौरान ही बीडीओ ने सीएमओ से चिकित्सा अधीक्षक के पद खाली होने , पर्याप्त संख्या में चिकित्सकीय उपकरण न होने की बात कही। जिसपर जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया।

# उद्घाटन के पहले ही एटीसी भवन खस्ता हाल

**समस्या**

**भवन में बने कमरों के छत में सीलन, पानी टपकना और ऊपरी छत में लगे रंग रोगन खराब हो रहे**

**बाबतपुर।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करोड़ों की लागत से बनकर तैयार हुए उच्च स्तरीय एटीसी टावर व भवन उद्घाटन के पूर्व ही खस्ता हाल में नजर आने लगा। उक्त भवन में एटीसी, मौसम, सीएनएस, फाइनेंस एवं अन्य महत्वपूर्ण विभाग बनाये गये है, सभी विभाग कार्यान्वित भी है। भवन में बने कई कमरों के छत से सीलन के साथ पानी टपकने से कमरे के ऊपरी छत में लगे रंग रोगन खराब हो रहे हैं वही भवन में बनाये गए प्रसाधन कक्ष में लगे कीमती टाइल्स अपने मूल रंग को बदलते हुए पिले होने के साथ ही टूटने भी लगे है। वही कमरे के दरवाजे पर सीसे के बजाय काली पन्नी लिपटा हुआ खस्ता हाल दरवाजा निर्माण की गुणवत्ता को प्रदर्शित कर रहा है जिससे उक्त भवन में कार्य कर रहे कर्मचारियों को काफी असुविधा महसूस हो रही है





### सुरक्षा का नही है कोई इंतजाम

हवाई अड्डे का हृदय कहा जाने वाला मुख्य विभाग को पुराने टर्मिनल से नए भवन में स्थानांतरित कर प्रारम्भ तो कर दिया गया है लेकिन अति महत्वपूर्ण विभाग के सुरक्षा का कोई इंतजाम अभी तक नही हो सका है। उक्त भवन में प्रवेश से लेकर टॉवर तक पहुचने में कही भी सीसी कैमरे की उपयोगिता अभी तक किसी को नजर नही आयी।और न ही सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ की तैनाती हो पाई जबकि पुराने टर्मिनल भवन में उक्त विभाग की सुरक्षा की जिम्मेदारी बकायदे सीआईएसएफ के जिम्मे थी।

2017 में प्रारम्भ हुआ था भवन और टॉवर के निर्माण का कार्य जो 2019 में बनकर तैयार हो जाना था लेकिन कोरोना काल की वजह से निर्माण कार्य मे देरी हुई और चार साल में टॉवर बनकर तैयार हुआ। अक्टूबर 2022 से विमानों का ट्रायल परिचल का कार्य उक्त टॉवर से प्रारम्भ किया गया।चार महीने के सफल ट्रायल परिचालन के बाद अब हवाई अड्डे पर इस टॉवर से पूर्ण रूप से विमानों के सुरक्षित परिचालन का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है।

### एटीसी टॉवर के फाल सीलिंग से टपकता है पानी

हवाई अड्डे का सबसे महत्व विभाग होता है एटीसी टॉवर उक्त टॉवर से 360 डिग्री ऐंगल से विमानों की निगरानी की जाती है वही रनवे पर भी पूरी नजर रखी जाती है विमानों का टेकऑफ, लैंडिंग,और पार्क करना इसी टावर की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में उक्त टॉवर के सीलिंग से पानी टपकना और फाल सीलिंग का टूटना टॉवर निर्माण कार्य मे लापरवाही का संकेत देता दिखाई पड़ रहा है।

### मशीनों के इंस्टालेशन में भी हुई असुविधा

नए अत्याधुनिक एटीसी भवन में नेविगेशन सम्बन्धित उपकरणों को स्थापित करने में भी काफी असुविधा हुई थी सम्बन्धित अधिकारियों के अनुसार भवन में बनाये गए कमरों की ऊपरी छत काफी कम है जो मानक के अनुसार नही बनाये गए हैं। कमरे व हॉल की ऊँचाई कम होने की वजह से कई महत्वपूर्ण उपकरणों का इंस्टालेशन का कार्य उचित तरीके से मानक के अनुरूप नही हो पाया है।

# पार्कों व उद्यानों की मृदा जैव विविधता की सुरक्षा आवश्यक

**शोध**

**अंतरराष्ट्रीय शोध टीम ने किया अध्ययन, बीएचयू भी था शामिल**



डॉ. जयप्रकाश वर्मा



अर्पण मुखर्जी

**वाराणसी।** पर्यावरण और सम्पोष्य विकास संस्थान-बीएचयू के वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर डॉ. जयप्रकाश वर्मा और उनके शोध छात्र अर्पण मुखर्जी सहित शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने एक अध्ययन ने सुझाव दिया है कि शहरी क्षेत्रों के पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए शहर के पार्कों और उद्यानों या हरित क्षेत्रों की मृदा की जैव विविधता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। डॉ. वर्मा ने कहा कि शहर के पार्क और उद्यान बैक्टीरिया, कवक, प्रोटिस्ट, अकशेरूकीय सहित मिट्टी के जीवों के एक समृद्ध और विविध समुदाय को पोषित करते हैं, जिस ओर अक्सर ध्यान नहीं जाता। इस नए अध्ययन से पता चलता है कि इन मृदा जीवों की जैव विविधता शहर के पार्कों और उद्यानों के रखरखाव व स्थिरता के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अध्ययन में 16 देशों की 56 नगर पालिकाओं के शहर के पार्कों और उद्यानों से मिट्टी के नमूने एकत्र किए गए थे। इन देशों में भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, अमेरिका, चिली, स्पेन, नाइजीरिया, स्विट्जरलैंड, स्लोवेनिया, पुर्तगाल, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, मैक्सिको, इजराइल और एस्टोनिया शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि अध्ययन के दौरान मिट्टी में 537 विभिन्न माइक्रोबियल फाइलोटाइप्स (माइक्रोबियल विविधता) की पहचान की गई। सूक्ष्म जीवों के कारण ही मिट्टी को जीवित वस्तु कहा जाता है और मिट्टी के ये सूक्ष्म जैविक गुण पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में मदद करते हैं। सूक्ष्मजीव वे हैं, जो मिट्टी के गुणों और स्वास्थ्य को परिभाषित करते हैं। कहा कि बड़ी जैव विविधता वाली मिट्टी में भी अधिक जैव-भू-रासायनिक गतिविधियां होती हैं। मिट्टी के वर्गीकरण और आनुवंशिक विविधता कई पारिस्थितिक तंत्र गतिविधियों को अंजाम देती है। यह अध्ययन नवीन साक्ष्य प्रदान करता है कि मृदा का वर्गीकरण और आनुवंशिक विविधता सकारात्मक रूप से पारिस्थितिकी तंत्र कार्यों के कई आयामों के साथ सहसंबद्ध हैं। उदाहरण के लिए, शहरी पार्कों और उद्यानों में रोगजनक नियंत्रण और एंटीबायोटिक प्रतिरोध विनियमन के लिए कार्बन पृथक्करण और जल विनियमन।

## डिप्टी सीएम केशव मौर्य आज काशी में



**वाराणसी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एक दिवसीय दौरे पर एक फरवरी को वाराणसी आ रहे हैं। वे पूर्वाह्न 11.20 बजे राजकीय वायुयान से बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग से चलकर 11.45 बजे लालपुर स्टेडियम आएंगे। जहां वे राष्ट्रीय सीबीएसई एथलेटिक मीट के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर साढ़े 12 बजे चिरईगांव ब्लॉक के सारनाथ में पूर्व सांसद स्व. आनंद रत्न मौर्य के आवास पर जाएंगे। वहां से वे दोपहर 12.55 बजे सर्किट हाउस आयेंगे और पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। फिर वे ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर, सार्वजनिक उद्यम और राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद वे अपराह्न 2.05 बजे सड़क मार्ग से बाबतपुर एयरपोर्ट जायेंगे। जहां से वे राजकीय वायुयान से लखनऊ प्रस्थान करेंगे।

# ढलाई के एक सप्ताह बाद ही दरकी सीसी रोड

**गुणवत्ता खराब**

**ग्रामीणों ने लगाया लोक निर्माण विभाग पर बेपरवाही बरतने का आरोप**

**चिरईगांव।** जाल्हूपुर-भगतुआ मार्ग से अम्बा सम्पर्क मार्ग पर नवनिर्मित सीसीरोड ढलाई के सप्ताह उपरांत ही दरक गयी। कार्यदायी संस्था लोकनिर्माण विभाग के क्षेत्रीय अवर अभियंता पवन चौहान से पूछा गया तो बोले कि मेरे स्थान पर निलेश गुप्ता को चार्ज दिया गया है। वहीं इस सम्बंध में बता सकते हैं।

बता दें कि जाल्हूपुर-भगतुआं मार्ग से अम्बा गांव तक तीन किमी और अम्बा मार्ग से छितौना गांव तक पांच किमी सम्पर्क मार्ग बनना है। जिसकी लागत 46 लाख रुपये के करीब है। उसमें दो स्थानों पर 1100 मीटर सीसीरोड का निर्माण भी शामिल है। वजह, जाल्हूपुर बाजार से कुछ दूर अम्बा गांव जाने वाला सम्पर्क मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। वर्तमान में उसके मरम्मत व निर्माण का कार्य चल रहा है। उक्त मार्ग पर ही बस्ती के पास सीसीरोड भी बनाया जा रहा है। विद्युत उपकेंद्र जाल्हूपुर के सामने बनी सीसीरोड ढलने के सप्ताह बाद ही दरक गयी है। जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त मार्ग के मरम्मत व निर्माण का कार्य कई वर्षों बाद शुरू हुआ, लेकिन उसकी गुणवत्ता पर लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार लोग आंखें मूंदे बैठे हैं। निर्माण कार्य देख रहे अवर अभियंता पवन चौहान से पूछने पर पहले बोले कि कुछ देर बाद बताते हैं। लेकिन बाद में कहे कि अब हमारी जगह निलेश गुप्ता देख रहे हैं। निलेश गुप्ता से पूछा गया तो बोले कि सीसीरोड दरक गयी है। दिखवाता हूं। उसे दुरुस्त करवाऊंगा।



नवनिर्मित अम्बा मार्ग की स्थिति दयनीय, दरकी सीसीरोड

### दीदी कैफे का हुआ शुभारंभ

**पिंडरा।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा वित्त पोषित व स्वालम्बन से पोषण की ओर योजना के तहत मंगलवार को सीएचसी गंगापुर में दीदी कैफे का शुभारंभ किया गया। दीदी कैफे के शुभारंभ करते हुए बीडीओ दीपांकर आर्य ने कहा कि समूह के महिलाओं के लिए यह आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा। बस इसके लिए गुणवत्ता का ध्यान रखे। जिससे अस्पताल आने वाले तामिरदारो को अच्छे खान पान मिल सके। इसके पूर्व फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान, एडीओ सहकारिता प्रियंका मिश्रा, डॉ राहुल सिंह, डॉ अनुपम सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबन्धक अंकित सिंह, लेखाकार बृजेश पांडेय, संतोष सिंह, ग्राम प्रधान संजय पांडे, धनंजय सिंह, दिनेश सिंह समेत अनेक लोग रहे।

# मीर को पहला, गालिब को दूसरा और फिराक को तीसरा पुरस्कार

**प्रतियोगिता**

**महिला महाविद्यालय-बीएचयू में 'उर्दू बैत बाजी' का आयोजन**

**वाराणसी।** महिला महाविद्यालय-बीएचयू में मंथन के बैनर तले मंगलवार को आयोजित 'उर्दू बैत बाजी' में पांच-पांच छात्राओं के तीन टीमों ने हिस्सा लिया। ग्रुपों के नाम मीर, गालिब और फिराक रखे गए। प्रथम पुरस्कार मीर को, दूसरा पुरस्कार गालिब को और तीसरा पुरस्कार फिराक ग्रुप ने जीता। निर्णायक की भूमिका प्रो. रफत जमाल व डॉ. मुशर्रफ अली ने निभाई।तीनों ग्रुप में छात्राओं ने बेहतरीन शेरो-शायरी सुना कर सभागार में मौजूद हर एक का दिल जीत लिया। श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पहला पुरस्कार अंकु, दूसरा पुरस्कार रितिका सिंह और तीसरा पुरस्कार संयुक्त रूप से सोनाक्षी यादव और स्वाति मिश्रा को मिला। संचालन उर्दू अनुभाग के प्रभारी डॉ. अफजल मिस्बाही ने किया। धन्यवाद मोहम्मद आजम ने दिया। इस दौरान डॉ. रीता सिंह, प्रो. मिताली, प्रो. लयलीना भट, प्रो. कल्पना गुप्ता, प्रो. ऋचा कुमार, डॉ. उर्वशी गेहलोत, डॉ. नाज बेगम, डॉ. निधि आदि थीं।



## स्वामी प्रसाद व श्याम मानव के खिलाफ रपट न होने पर धरना

**सारनाथ।** रामचरित मानस के प्रति अभद्र टिप्पणी करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या द्वारा रामचरित मानस के प्रति अभद्र टिप्पणी करने व देश में अशांति फैलाने के आरोप में श्याम मानव के खिलाफ मुकदमा दर्ज न करने के लिए तिलमापुर के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्रा मंगलवार से क्रमिक धरने पर बैठे। उन्होंने रपट दर्ज करने के लिए बीते शनिवार को सारनाथ थाने में तहरीर दी थी। मुकदमा दर्ज होने तक रोजाना पूर्वाह्न 10 बजे से शाम पांच बजे तक धरना दिया जाएगा। इस मौके पर अखिलेश पांडेय, पवन मिश्र, सनत मिश्र, अनुराग पांडेय, मिंटू मिश्र, अरुण तिवारी, दिनेश दुबे, श्रीकांत पाठक, श्रीकांत मिश्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र, मनोज पांडेय आदि उपस्थित थे।




# कांग्रेस ने लोगों को बांटा राहुल गांधी का पत्र

**अभियान**

**मध्यमेश्वर वार्ड में चला हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम**

**वाराणसी।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत मध्यमेश्वर वार्ड में मंगलवार को राहुल गांधी का पत्र और राष्ट्रीय नेतृत्व की तरफ से भाजपा सरकार पर लगाए गए चार्ज शीट का वितरण नागरिकों में किया। अभियान की शुरूआत भारत रत्न राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ।

नेतृत्व करते हुए अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने बताया कि दो महीने तक चलने वाले अभियान में राहुल गांधी का देशवासियों को संबोधित पत्र और केंद्र सरकार पर लगाए गए चार्जशीट को सभी वार्डों में घर-घर जा कर वितरण कर लोगों को जागरूक किया जायेगा। जनता को बताया जाएगा कि केंद्र सरकार आम लोगों के हित में कार्य न कर केवल अपने सहयोगियों व चंद लोगों के हाथों की कठपुतली बनी हुई हैं। कार्यक्रम में दुर्गाप्रसाद गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता, असलम खां, तुफैल अंसारी, एखलाक अंसारी, विजय देवल, राजेश्वर विश्वकर्मा, अब्दुल हमीद धोड़े, रामजी गुप्ता, शाहिद जमाल, इम्तियाज अहमद, किशन यादव, दीपक यादव, मुमताज अहमद, विनोद गौड़, कृष्णा गौड़, जलाउद्दीन बाबा, राज जैसवाल, शमीम हैदर, विकास पांडेय, प्रवीण यादव, अश्विनी यादव, राजेन्द्र मिश्रा आदि शामिल थे।



### कांग्रेस नेता को सौंपा शोक संदेश

**वाराणसी।** कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह ने महानगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अजय सिंह शिवजी के आवास पर मंगलवार को पहुंचे और उनके बड़े भाई अधिवक्ता संजय सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का शोक संवेदना पत्र भी उनको सौंपा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, राघवेन्द्र चौबे, विनोद सिंह कल्लू, नवीन पटवानी आदि मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी खंगाला स्टोर बड़े गोलमाल के संकेत

**पीडब्ल्यूआईस्टोर प्रकरण**

**लॉग बुक को लेकर काशी यार्ड तक किया मिलान लाखों के गोलमाल के संकेत**

**देर शाम तक होती रही जांच आठ टन रेल पटरियों के गोलमाल का मामला आ रहा सामने**

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन के पीडब्ल्यूआई स्टोर पर विजिलेंस की छापेमारी दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही। टीम ने मंगलवार को स्टोर के लॉग बुक के साथ काशी स्टेशन यार्ड तक रेल पटरियों की जांच की। जिसमें प्रथम दृष्टया आठ टन रेल पटरियों में गोलमाल का मामला सामने आने की बात कही जा रही है। मंगलवार को देर शाम तक टीम की ओर से जांच की जाती रही।

कैंट स्टेशन के पीडब्ल्यूआई स्टोर में अचानक धमकी दिल्ली विजिलेंस की तीन सदस्यीय टीम एक-एक कर परत दर परत मामलें को खंगाल रही हैं, सोमवार को टीम की ओर से जहां स्टोर में रखे माल को लॉग बुक से देर शाम तक मिलान किया जाता रहा वहीं मंगलवार को टीम ने लॉग बुक को अपने कब्जे में काशी स्टेशन तक रेल पटरियों की जांच की, जिसमें प्रथम दृष्टया आठ टन रेल पटरियों में गोलमाल सामने आने की बात की जा रही है। देर शाम तक टीम के सदस्य स्टोर में जांच करते रहें।



### बड़ी कार्रवाई

विजिलेंस टीम से मिली जानकारी के अनुसार अब तक की कैंट स्टेशन पर यह बड़ी कार्रवाई है। गोलमाल की जानकारी बीते दिनों से मिल रही थी , पूरी जानकारी होने के बाद ही इस पर कार्रवाई की गयी और परत दर परत मामला सामने आ रहा है। सूत्रों की मानें तो इस मामले में सीधे तौर पर पीडब्ल्यूआई के साथ ही स्टोर इंजार्च की भूमिका संदिग्ध है। लॉग बुक को टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### स्क्रैप का होता है खेल

रेल में स्क्रैब का खेल लगातार होता आ रहा है, इस पर पूरी जानकारी के बाद ही विजिलेंस की टीम ने अब तक की इतनी बड़ी कार्रवाई की है। विजिलेंस सूत्रों की माने तो इस पर अभी और जांच होनी है ताकि इस मामले में जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके।

# शाम को करें सब्जी की तुड़ाई

**प्रशिक्षण शिविर**

**तुड़ाई के पश्चात सब्जी का भंडारण हवादार जगह में करें : डॉ. सिंह**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान-कल्लीपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एसके सिंह ने किसानों को सब्जी की तुड़ाई सायंकाल करने की सलाह दी। ऐसा करने से सब्जी की फील्ड उष्मा (सब्जी फसल तुड़ाई उपरान्त उत्पन्न होने वाली उष्मा) को कम किया जा सकता है। वह जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय परिसर में मंगलवार को आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित किसानों को संबोधित कर रहे थे।

सब्जी के गुणधर्म आधार पर उसके निर्यात की संभावनाओं पर चर्चा करते हुये उन्होंने किसानों को सलाह दी कि सब्जी की तुड़ाई कर उसका खुली हवादार जगह में भंडारण करना चाहिए, ताकि सब्जियों में क्षति कम हो। उन्होंने बताया कि भारत से सबसे अधिक भिंडी, हरी मिर्च, मटर, घरकीन, प्याज, करैला एवं लौकी का निर्यात होता है। विदेश में हरी व मुलायम भिंडी, हरी व नुकीली मिर्च, 25 से 30 सेमी लंबी हल्की हरी व बेलनाकार लौकी की अत्यधिक मांग है। खाड़ी देशों में 60 से 100 ग्राम वजन वाले लाल रंग के टमाटर की बहुत मांग है। इसी प्रकार यूरोपियन मार्केट में चेरी टमाटर, लाल व गोल प्याज की भी अच्छी मांग है। निर्यात करते समय यह ध्यान रखा जाए कि डंठल के साथ मिर्च हो।

प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एनके सिंह ने औद्यानिक फसलों के उत्पादन में निवेश व्यवस्था एफपीओ के माध्यम से करने एवं निर्यात करने के लिए बेजिटेबुल कारिडोर का निर्माण कर एक ही प्रकार के हाई वैल्यू की खेती करने की सलाह दी। संचालन ज्योति कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद जिला उद्यान अधिकारी सुभाष कुमार ने दिया। प्रशिक्षण शिविर को वैज्ञानिक डॉ. मनीष, डॉ. रमेश प्रताप सिंह, उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र, राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य बी. गौतम, उप निदेशक उद्यान जयकरन सिंह आदि ने संबोधित किया।



किसानों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते वक्ता

# रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया रविदास मंदिर

**सेवादारों ने कमान संभाली**

**तीन फरवरी को निरंजन दास पहुंचेंगे रविदास मंदिर**

**वाराणसी।** संत रविदास जयंती की तैयारी में पंजाब से आए महिला व पुरुष मिलाकर 1500 से अधिक की संख्या में सेवादारों ने जयंती की पूरी तैयारियों की कमान संभाल ली है। लंगर में पकाने के लिए सारे खाद्य पदार्थ का बंदोबस्त करने में सेवादार जुट गए हैं। हरियाणा पंजाब जालंधर से मिलाकर 2000 सेवादार अब तक आ चुके हैं। पंडालों में संगत आने से पहल रौनक बढ़ गई है। 5000 के करीब संगत अभी तक आ चुका है। सेवादारों के आने का लगातार क्रम बना हुआ है। जर्मन हैंगर पर बन रहा लंगर हॉल का निर्माण कार्य पूरा हो चला है। पंडाल से लेकर मेला क्षेत्र मंदिर तक प्रकाश के लिए नगर निगम की तरफ से लाइट लगवायी गई है। लंगर में चलाने के लिए नमकीन मिठाईयां बनने लगी हैं। हरा मटर आलू- गोभी की कटाई करने में महिला सेवादार जुड़ गए हैं। दो फरवरी से बड़ा लंगर शुरू हो जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थायी पुलिस चौकी मंगलवार से सीरगोवर्धनपुर में खुल जाएगी। सीर गोवर्धनपुर में पहुंचे सेवादारों की ड्यूटी चार्ट बंद कर पंडाल क्षेत्र और लंगर हाल मंदिर परिसर में लगा दी गई है। मेला क्षेत्र में दुकानें खुलने लगी है। झूला चरखी लग गई है। वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए मंदिर से सत्संग हाल की तरफ जाने वाले भी मार्ग का मरम्मत कार्य लोक निर्माण विभाग तरफ से करवाया गया। स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर जिला चिकित्सा की तरफ से डॉक्टरों का पैनल कर्मचारियों के साथ मेला क्षेत्र में बने बूथ पर मौजूद रहेंगे। साथ ही पंजाब से आने वाली स्पेशल ट्रेन के साथ पंजाब सरकार की तरफ से भी डॉ व पैरामेडिकल स्टाफ मिलाकर आधा दर्जन की संख्या में आएंगे। निरंजन दास जालंधर पंजाब से 2 फरवरी को अनुयायियों के साथ स्पेशल ट्रेन से चलकर 3 फरवरी को सीरगोवर्धनपुर पहुंचेंगे।



### सीरगोवर्धनपुर में शुरू हुई स्थायी पुलिस चौकी

वाराणसी। सीर गोवर्धनपुर में संत रविदास जयंती में शामिल होने वाले संगत की भीड़ बढ़ने लगी है। सुरक्षा को लेकर संत रविदास प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को अस्थायी पुलिस चौकी खुल गई है। एक चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सहित एक दर्जन पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पंजाब जालंधर हरियाणा से सेवादारों व संगत के पहुंचने का क्रम लगातार बना हुआ है। संत रविदास मंदिर को रंग-बिरंगे झालरों और पत्तियों से सजाया गया है। रविदास मंदिर परिसर और छोटा लंगर लोगों के लिए हो गया है। जबकि बड़े लंगर का शुभारंभ गुरुवार से होगा। सत्संग हॉल के सामने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पार्क के निर्माण के लिए बाउंड्री वाल का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। नगर निगम कर्मचारीसाफ सफाई करने में जुट गए हैं।

### 11 दिन में साइकिल चलाकर पहुंचा गुरु के दर पर

वाराणसी। जालंधर पंजाब के रहने वाले पेशे से कारपेंटर बलविंदर सिंह गुरु की दर पर सेवा भाव करने के लिए 19 जनवरी को साइकिल से निकले। करनाल पहुंचने पर उनके एक साथी हरेंद्र सिंह उनके साथ हो गए दोनों लोग साइकिल चलाते हुए 30 जनवरी की रात 11:00 बजे संत रविदास मंदिर पहुंचे। जहां सेवादार वह संगत की तरफ से उनका स्वागत किया गया। उनका कहना है कि वह पांचवीं बार सेवा भाव करने के लिए साइकिल से यहां पर आए हैं। जयंती के दूसरे दिन यहां से निकल जाएंगे और 11 से 12 दिन में अपने घर पहुंचेंगे। उनका कहना है कि 1 दिन में 100 किलोमीटर साइकिल चलाते थे। रात्रि विश्राम करने के बाद सुबह फिर साइकिल चलाने लगते थे।

## बिजली आपूर्ति ठप, सिंचाई कार्य बाधित

**बलिया।** नरहीं क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप होने से किसानों का सिंचाई कार्य ठप हैं। वहीं, उपभोक्ताओं को बिजली एवं पानी के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत उपकेंद्र कैथवली से जुड़े नरहीं, बैरिया, सुरापाली, खरगपुरा, कैथवली, बड़ौरा, दौलतपुर, फिरोजपुर, सोवंन्था, शाहपुर बभनौली, इच्छा चौबे का पूरा, मिल्की, मठिया, बरकंटी, कर्णपुरा सहित दर्जनों गांवों में बिजली की आपूर्ति होती है, लेकिन पिछले दो महीने से आएं दिन बिजली कटौती से लोग आजीज आ गये है। रविवार की रात 12 से गायब बिजली सोमवार की सायं पांच बजे तक बहाल नहीं हो पाई थी। आए दिन बिजली गुल होने से किसानों के सिंचाई का काम भी प्रभावित हो रहा है। कड़ाके की ठंड में बिजली नहीं मिलने से उपभोक्ताओं में आक्रोश है। नरहीं के उपभोक्ता राघवेन्द्र प्रसाद राय ने कहा कि हफ्ते में एक या दो बार बिजली की गड़बड़ी सामने आ जाती है। बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों सहित किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में जेई विपिन सिंह ने बताया कि 33 केवीए में फाल्ट आने से बिजली आपूर्ति बाधित है। जल्द ही बिजली आपूर्ति चालू कर दी जाएगी।

# यूपी-बिहार को फोरलेन से जोड़ने की कवायद तेज

## भरौली में पुराने पार्क के स्थान पर बनाया जायेगा नया पार्क

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** उत्तर प्रदेश-बिहार को फोरलेन से जोड़ने की कवायद जोरों पर है। भरौली-बक्सर के बीच गंगा नदी पर नए पुल का निर्माण जारी है। उधर, बिहार के बक्सर स्थित चौराहा पर पार्क के साथ कामर्शियल प्वाइंट बनने लगे हैं। इसी तरह भरौली में भी पुराने पार्क के स्थान पर नया पार्क व इसके किनारे कामर्शियल प्वाइंट्स का निर्माण कराया जाएगा।

बिहार और यूपी में सड़क कनेक्टिविटी ऐसे होने जा रही है कि यूपी बिहार के लोगों को पटना, लखनऊ दिल्ली आदि महानगरों तक आना-जाना और आसान हो जाएगा। बिहार प्रांत को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए बक्सर-भरौली के बीच गंगा पर नया पुल का निर्माण चल रहा है। पुल तक एप्रोच निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। पूर्व के बने पुल तक की सड़क को तोड़ने व फोरलेन एप्रोच बनाने का कार्य भी



शुरू हो चुका है। सीमावर्ती क्षेत्र में लिंक फोरलेन निर्माण के लिए जमीनों के अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू है। एनएचएआई बक्सर के अधिकारियों के अनुसार गंगा पुल के दोनों सिरे बक्सर व भरौली में पूर्व के बने पार्क के स्थान पर नया पार्क व उसके किनारे दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। इन दुकानों का आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा नए पार्क का सुंदरीकरण कराया जाएगा। इससे लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को गंगा किनारे के क्षेत्र में रुकने व घूमने का मौका मिल सकेगा। बिहार को फोरलेन लिंक रोड के जरिए भरौली होते हुए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के करीमुद्दीनपुर के उत्तमनगर स्थित इंटर एक्सचेंज से जोड़ा जाएगा।

### तीन माह पूर्व मिली थी स्वीकृति

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण गाजीपुर के जंगीपुर से बिहार प्रांत स्थित छपरा के रिविलगंज तक होना है। कुल 177 किलोमीटर फोरलेन सड़क है। करीब तीन माह पहले परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने भरौली-हैदरिया फोरलेन लिंक रोड निर्माण में संशोधन करते हुए बक्सर स्थित फोरलेन सड़क को भरौली स्थित गंगा पुल पार कर करीमुद्दीनपुर के उत्तमनगर में पहले से निर्धारित इंटरचेंज से जोड़ने की स्वीकृति दे दी। यहां ग्रीन फील्ड व पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की क्रासिंग है। इस नए सड़क की दूरी मात्र 17 किलोमीटर है। पुल के दोनों तरफ भरौली व बक्सर में पहले से ही पार्क स्थित है। लिहाजा इसे सुरक्षित करने व नए तरीके से निर्माण की कवायद भी एनएचएआई की ओर से की जा रही है।

### सड़क किनारे बनेंगी दुकानें

**बलिया।** एनएचएआई बक्सर, बिहार के अभियंता एके तिवारी ने बताया कि पूर्व के बने पार्क के स्थान पर नया पार्क यूपी-बिहार के दोनों सिरे पर बनना है। पार्क के पास सड़क किनारे दुकानों का भी निर्माण होगा, जिसका आवंटन होगा। बक्सर में यह कार्य शुरू हो चुका है।

## युवक गिरफ्तार किशोरी बरामद

**बैरिया।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से मंगलवार को अपहरणकर्ता युवक व अपहत किशोरी को बरामद किया है। पिछले सितंबर माह में किशोरी के पिता की तहरीर पर उक्त युवक पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अपहरणकर्ता की काफी दिनों से तलाश कर रही थी। एएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि बैरिया निवासी पिता की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था, तबसे आरोपी फरार चल रहा था। लगातार छापेमारी की जा रही थी। मंगलवार को मुखबीर से सूचना मिली कि उक्त किशोरी को लेकर वह युवक कहीं भागने की फिराक में है। मुखबीर की सूचना का संज्ञान लेते हुए तत्काल चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्रा को भेजा गया और दोनों को हिरासत में ले लिया गया। किशोरी को मेडिकल कराने के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। किशोरी के बयान पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अपहरणकर्ता युवक को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया है।

# 'आप' का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**सौंपा ज्ञापन**

### भाजपा सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

जनसंदेश न्यूज



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता

**बलिया।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भाजपा की वादा खिलाफी के विरुद्ध कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिला प्रभारी अंकित कुमार राव ने कहा कि सरकार द्वारा सस्ती बिजली, किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध न कराये जाने एवं बिजली दरों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि को रोकने के सम्बन्ध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। हम भाजपा सरकार द्वारा किये गये वादों को याद दिला रहे है।

अनूप पांडेय ने कहा कि किसानों एवं जनता को महंगाई के दौर में और आर्थिक प्रताड़ना न दिया जाए। अमरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। सरकार ने बिजली की दरों में 23 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव भी रख दिया है, जिससे जनता पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा। जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि भाजपा सरकार ने आमजन एवं किसानों के साथ वादा खिलाफी किया है। इस अवसर पर मुकेश सोनी, प्रदीप कुमार, अंजनी तिवारी, संत प्रकाश सिंह, सुशील कुमार चौधरी, विजय राजभर, संदीप सिंह, अशोक गुप्ता, अंजनी तिवारी, कमलेश जी, अजय राय मुन्ना, पुष्पा भारती, बिंदु, जवाहर पासवान, अमरनाथ, गुलाम रसूल अंसारी, रजनीश अंचल, जवाहर पासवान, विक्रम आंबेडकर, विजय शंकर राजभर, शशि भूषण, संजय तिवारी पुतुल, रियाज अंसारी, छोटे लाल शर्मा, दीपक राजभर, उधारी राजभर, राहुल, मुकेश सोनी, कमलेश वर्मा, श्याम जी, वीरेंद्र भारतीय, परमात्मा मित्र, अभय कुमार वर्मा, मोहन जी वर्मा, कन्हैया पांडे, गिरिजेश पांडे, रवि शंकर यादव, दूधनाथ यादव, अरविंद, संजय कुमार पांडे, बिहारी लाल यादव, नवीन कुमार, अखिलेश कुमार यादव, शिवजी यादव, अंजनी कुमार राजभर, संदीप कुमार सिंह, कमलेश सिंह, छोटे लाल चौरसिया, सत्येंद्र नाथ वर्मा आदि मौजूद रहे।

# गो-तस्करी पर नहीं लग पा रहा अंकुश

जनसंदेश न्यूज

**तस्कर बेखौफ**

### महुली पीपा पुल से होकर भेजा जा रहा बिहार

> कड़ी नजर रखी जा रही है। कई गोवंश तस्करों पर कार्रवाई हुई है। किसी भी हाल में गोवंश की तस्करी नहीं होने दिया जाएगा।
>
> मदन पटेल, थानाध्यक्ष दोकटी

**बैरिया।** गोवंशों से प्रेम करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के राज में क्षेत्र में गोवंशों की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। दोकटी थाना क्षेत्र के रामपुर कोड़रहा ढ़ाला व कृष्णागढ़ ढ़ाला के रास्ते मुहली पीपा पुल होकर छोटे वाहनों में गोवंशों को लादकर गौ-तस्कर बिहार के बूचड़खाने में भेज रहे हैं। वही, दियारे में छुट्टा घूमने वाले सांडों की भी शामत आ गई है। गोवंश तस्कर उन्हें भी पकड़-पकड़ कर बिहार के बूचड़खाने में भेज रहे हैं। गौ-तस्करों के लिए यह धंधा काफी फायदे का है।

जानकारों के अनुसार एक साड़ से 20 से 25 हजार गौ-तस्करों को मिल जाता है। वही, पांच सौ रुपये में खरीदा गया जर्सी बछड़ा बिहार के बूचड़खानों में दो हजार में बिक रहा है। दूध ना देने वाली गायों में भी गौ-तस्करों को अच्छा खासा मुनाफा हो रहा है। अन्य मजहबों के साथ-साथ हिंदू धर्म के कुछ जाति विशेष के लोग भी गोवंशों की तस्करी में शामिल हैं। इनमें धतूरी टोला, मिस्त्र के मठिया, दलन छपरा, रामपुर कोड़रहा, मूज के डेरा सहित कई गांवों के लोग नेटवर्क बना कर गौवंश तस्करी में लगे हुए है। इस संदर्भ में कई बार क्षेत्रवासियों ने इलाकाई पुलिस को इसकी जानकारी दी, किंतु पुलिस इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से नहीं ले रही है। वहीं, डीसीएम, पिकअप व ट्रकों में भरकर रात के अंधेरे में जयप्रभा सेतु के रास्ते भी गोवंश बिहार के रास्ते बंगाल भेजे जा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया है और मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गोवंश की तस्करी पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# पुल निर्माण में एक साल और लगेगा

## चितबड़ागांव से 15 किमी हो जायेगी रसड़ा की दूरी

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** उप्र राज्य सेतु निगम द्वारा टोंस नदी के ऊपर चितबड़ागांव-पक्काकोट के पास बनाये जा रहे पुल में एक साल और लगेगा। पुल के निर्माण में लगभग दो दर्जन से अधिक कर्मचारी काम कर रहे है। इस पुल के निर्माण से चितबड़ागांव से रसड़ा की दूरी लगभग 15 किमी हो जायेगी। पुल के निर्माण से ग्रामीणों में खुशी है कि इस क्षेत्र का विकास होगा और आवागमन शुरू हो जायेगा।

योगी सरकार में मंत्री रहे उपेन्द्र तिवारी के प्रयास से इस पुल का शिलान्यास चार जनवरी 2022 को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हाथों हुआ था। इसमें लगभग 1750.65 लाख रुपये की लागत आयेगी। पुल की लंबाई 181.58 मीटर है। पुल की चौड़ाई साढ़े सात फुट होगी। कुल सात पीलर खड़े हो रहे है। वैसे, इस पुल के निर्माण को लेकर एप्रोच का भी काम होना है, लेकिन अभी टोंस नदी में पाया तैयार किया जा रहा है। नदी इस पार 200 एवं उस पार 325 मीटर एप्रोच होगा।



टोंस नदी में बन रहा पुल का पाया

### जोर-शोर से चल रहा कार्य



**बलिया।** उप्र राज्य सेतु निगम के सहायक अभियंता आरबी राम ने बताया कि काम जोर-शोर से चल रहा है। कोशिश है कि एक साल के अंदर पुल एवं एप्रोच बनकर तैयार हो जाय। इसको लेकर तेजी से कार्य कराया जा रहा है।

## मौसम में उतार-चढ़ाव से बिगड़ने लगा स्वास्थ्य

**बैरिया।** मौसम में उतार-चढ़ाव ने स्वास्थ्य सन्तुलन बिगाड़ना प्रारम्भ कर दिया है। बच्चों में निमोनिया, तेज बुखार, डायरिया जैसे संक्रमण तेजी से बढ़ रहे हैं। प्राइवेट डिस्पेंसरियो के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में भी इन दिनों ठंड जनित रोगों के रोगियो की भरमार है। फलस्वरूप चिकित्सकों को रोगियों के इलाज के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। सीएचसी सोनबरसा के अधीक्षक डा. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम परिवर्तन के समय बच्चे हो या बड़े, उन्हें ठंड लगने और उनकी तबीयत खराब होने की ज्यादा आशंका रहती है। इसलिए वर्तमान समय में अपने को ठंड से बचाने की जरूरत है। विशेकर बच्चों को तो बिल्कुल ही ठंड नहीं लगने देना है। बच्चों के लिए यह ठंड जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने लोगों से गर्म तासीर वाले भोजन करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भरपूर मात्रा में दवाइयां उपलब्ध है। जिन्हें भी इस तरह की परेशानी है, वह प्राइवेट चिकित्सकों के पास न जाकर सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। निःशुल्क समुचित इलाज की व्यवस्था शासन की मंशा के अनुसार उपलब्ध है।

# बंद कमरे में जांच करते रहे सीडीपीओ, रोष

## पुष्टाहार वितरण में अनियमितता की होनी थी जांच

**हालात**

### आंगनबाड़ी केन्द्र पर हमेशा ताला लटका रहता है

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** विकास खंड पंदह अंतर्गत ग्राम सभा चक बहाउद्दीन में बाल पुष्टाहार वितरण में की जा रही अनियमितता की शिकायत पर सीडीपीओ राजेन्द्र उपाध्याय ने जांच की। इसकी सूचना मिलते ही आंगनबाड़ी केन्द्र पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि, ग्रामीणों की शिकायत पर उप जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच करने पहुंचे सीडीपीओ ने खुली बैठक में जांच करने की बजाय बंद कमरे में कोरम पूरा करते नजर आये। इससे ग्रामीण आक्रोशित दिखे।

गांव की महिलाओं ने आरोप लगाया कि जांच अधिकारी अंदर कमरे में क्या जांच पड़ताल कर रहे है? इसकी भनक तक नहीं लग पा रही है। वहां न तो शिकायतकर्ता को बैठाया गया है और न ही आमजन को अंदर जाने की अनुमति है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता देवी एवं मिनी आंगनबाड़ी मुन्नी देवी द्वारा पिछले दो सालों से वितरण में अनियमितता बरती जा रही है। आपसी मिलीभगत कर पुष्टाहार का जमकर गोलमाल किया जा रहा है। कभी किसी को पूरा पुष्टाहार नहीं दिया जाता। यही नहीं, आंगनबाड़ी केन्द्र पर हमेशा ताला लटका रहता है।

आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री हमेशा अमर्यादित भाषा में बात करती है। इस दौरान कई बार आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं गांव की महिलाओं के बीच तू-तू, मैं-मैं की स्थिति भी बनी।

इधर, जांच अधिकारी राजेन्द्र उपाध्याय जांच की महज औपचारिकता पूरी करते नजर आये। इस अवसर पर दीनानाथ चौहान, विजय चौहान, निर्भय नारायण वर्मा, धनंजय वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, शारदानंद वर्मा, राजन, रंजना, आरती, पुष्पा, मंशा देवी, लक्ष्मी देवी, मालती देवी, ममता, पूनम, सुनिता आदि मौजूद रहे।

### पल्ला झाड़ते रहे जांच अधिकारी

**बलिया।** जांच के दौरान मौके पर मौजूद पत्रकारों ने जब जांच के बाबत सीडीपीओ से बात करनी चाही तो वह पल्ला झाड़ते रहे। इस सिलसिले में वह बात करना तो दूर मामले से अवगत कराना भी उचित नहीं समझे। इसे लेकर ग्रामीण काफी नाराज दिखे। महिलाओं ने आरोप लगाया कि जांच के बहाने मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

# दलनछपरा की टीम ने जीता फाइनल मैच

## विजेता और उप विजेता टीम को दी गयी ट्रॉफी



विजेता टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि एवं अन्य



प्रतिभागी को पुरस्कृत करती ममता सिंह एवं अन्य

**मझौवां।** श्री बहादुर बाबा सरस्वती पूजा समिति गंगापुर द्वारा रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दलन छपरा की टीम ने छह प्वाइंट से विजयी होकर कप पर कब्जा जमा लिया। बताते चले कि 26 जनवरी से श्री बहादुर बाबा पूजा समिति द्वारा कराए जा रहे रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में बलिया, दलन छपरा, भगवानपुर, नवकागांव, ब्यासी, नौरंगा, मुन छपरा सहित कुल आठ टीमों ने भाग लिया।

नौरंगा एवं दलन छपरा के बीच फाईनल मैच खेला गया। 40 मिनट के खेल में नौरंगा की टीम ने 29 प्वाइंट और दलन छपरा की टीम ने 35 प्वाइंट बनाया। इस तरह दलनछपरा की टीम छह प्वाइंट से विजयी हुई। मुख्य अतिथि गंगापुर के प्रधान प्रतिनिधि उमेश यादव तथा विशिष्ट अतिथि रिंकु गुप्ता एवं गौरी शंकर पांडेय रहे। इसके पहले अतिथियों ने एक साथ फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया। विजेता टीम दलन छपरा को मुख्य अतिथि ने कप प्रदान किया। वहीं, उप बिजेता टीम नौरंगा को रिंकु गुप्ता ने कप देकर हौसला अफजाई किया। वही, पुरी टीम के सदस्यों को गौरी शंकर पांडे, समसुदीन मास्टर साहब ने मेडल प्रदान किया। श्री बहादुर बाबा सरस्वती पूजा कमेटी के अध्यक्ष मनीष कुमार यादव, प्रेम यादव ने कमेंटेटर मनु कुमार, रेफरी श्रीकांत यादव, अमित यादव को सम्मानित किया। इस अवसर पर रवि कुमार, मोहन कुमार, शिवजी यादव, विपिन, कृष्णा, अरबिंद, ओमप्रकाश यादव, रजनीश आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**बलिया।** नेहरू युवा केंद्र बलिया के तत्वावधान में गौरी भैया महाविद्यालय सागरपाली में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. गौरी भैया की पत्नी ममता सिंह एवं विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह रहे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता सागर शेखर ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता में लगभग 200 युवा व युवतियों को खो-खो, स्लो साइकिलीन, 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ कराया गया। सागर शेखर ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र खेल मंत्रालय भारत सरकार की संस्था है। इस संस्था द्वारा युवा व युवतियों को संगठित करने हेतु खेल-कूद प्रतियोगिता, सिलाई-कढाई प्रशिक्षण व कई सारी ब्लाक स्तरीय, जिला स्तरीय व प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम कराया जाता है। प्रतियोगिता के समापन पर विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप सिंह ने नेहरू युवा केन्द्र का आभार प्रकट करते हुए ऐसे संगठनात्मक प्रतियोगिताओं को हर बार कराने का निवेदन किया, जिससे कि युवा व युवतियां संगठित रहे। इस अवसर पर डॉ. अनुराधा मिश्र, डॉ. आशा शर्मा, राजेश जी, रुबीना खातून, संध्या कुमारी, विराट उपाध्याय, गोपाल जी आदि मौजूद रहे। संचालन सोनू देव यादव ने किया।

# अभियान चलाकर लगाये जायेंगे 40 लाख पौधे

## पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण को लेकर विभाग गंभीर

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण को लेकर विभाग काफी गंभीर है। इसको लेकर जनपद में पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित हो गया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए वर्ष 2023-24 में अभियान चलाकर जिले में करीब 40 लाख पौधे रोपे जाएंगे। लक्ष्य पिछले सत्र की तुलना में पांच लाख कम हैं। इसकी तैयारी में विभाग जुट गया है और व्यापक प्रचार-प्रसार की तैयारी कर रहा है।

बता दें कि जिले में कोई घोषित वन क्षेत्र नहीं है। जनपद का कुल क्षेत्रफल 298100 हेक्टेयर है। वन विभाग की ओर से हर वर्ष नहर, सार्वजनिक स्थानों, रेलवे ट्रैक, सड़क की पटरियों आदि स्थान पर पौधरोपण कराया जाता है। बीते सात वर्षों में 19980 हेक्टेयर में 45 लाख पौधे रोपे गए। ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा व शहरी क्षेत्र में नगर निकायों के माध्यम से गड्ढे खोदवाए जाएंगे। पौधारोपण अभियान में आम, अमरूद, सहजन, शीशम, सागौन, आंवला, बरगद, पीपल व जामुन आदि के पौधे लगाए जाएंगे।

इस बाबत डीएफओ विमल कुमार ने बताया कि इस बार जिले में 40 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसकी तैयारी चल रही है। जल्द ही डीएम की अध्यक्षता में बैठक कर सभी विभागों का लक्ष्य निर्धारित होगा। ब्लाकवार अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को भी अपने कार्यालय परिसर पौधरोपण करना होगा।

## संक्षेप

### यज्ञ मंडप की परिक्रमा को जुट रहे श्रद्धालु



**बैरिया।** क्षेत्र के ठेकहां गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने वाले भक्तों का तांता लगा हुआ है। वहीं, संतों के प्रवचन में लोगों की भारी भीड़ जुट रही है। प्रवचन व धार्मिक अनुष्ठान में गूंज रहे मंत्रों से वातावरण धर्ममय हो गया है। दूर-दूर से लोग आकर यज्ञ में भाग ले रहे है। बता दें कि प्रसिद्ध सन्त स्वामी रामानंद दास जी महाराज के निर्देशन में विगत 27 जनवरी से शुरू इस यज्ञ की पूर्णाहुति चार फरवरी को भंडारा के साथ होगी। इस यज्ञ को लगातार भव्यता प्रदान करने के लिए यज्ञ समिति के विजय बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह, सतन सिंह, जितेंद्र सिंह, श्रवण सिंह, अमित सिंह, छोटू सिंह, अखिलेश राम, अरविंद चौबे आदि तत्परता से लगे हुए है।

### सनबीम स्कूल में कराटे कैम्प व कलर बेल्ट टेस्ट संपन्न



**बलिया।** बलिया शोतोकान कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में एक दिवसीय कराटे कैम्प एवं कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन सनबीम स्कूल अगरसंडा में किया गया। इसमें विद्यालय के बालक-बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। सृष्टि गुप्ता, श्रेया सिंह, राशि, शिवम् यादव, प्रियम, पुष्कर, विभान चंद्र, अर्थ कुशवाहा, रितुराज, सक्षम सिंह, शिवम् येलो बेल्ट, माही मिश्रा, लोकराज, राशि गुप्ता, सूर्यांश तिवारी अरेंज बेल्ट, हनी सोनी, वैभव गुप्ता परपल बेल्ट में पास हुए। यह द स्पोर्ट्स शोतोकान फेडरेशन उप्र के सचिव व बलिया शोतोकान कराटे एसोसिएशन के मुख्य प्रशिक्षक सेंसई एलबी रावत की देखरेख में किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह, कोच कमल यादव तथा विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अरूण सिंह गामा ने खिलाड़ियों से समय-समय पर अभ्यास करते रहने का सुझाव दिया। कहा कि बालिकाओं को कराटे की ट्रैनिंग एवं सेल्फ डिफेन्स सीखना बहुत जरुरी है।

### चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बलिया।** सिकंदरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की एक बाइक के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त को संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को सिकन्दरपुर के उन निरीक्षक वंश बहादुर सिंह मय हमराह के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान चोरी की मोटरसाइकिल ले जा रहे अभियुक्त राजनाथ यादव उर्फ गागा पुत्र स्व. सूर्यदेव यादव निवासी मिल्की, थाना सिकन्दरपुर को नगरा मोड़ तिराहे से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद हुई।

### शांति भंग में चार लोग गिरफ्तार



**बलिया।** गड़वार पुलिस ने विभिन्न मामलों में झगड़ा-फसाद कर शांति भंग करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध धारा 151, 107, 116 के तहत कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्गत आदेश के अनुपालन में मंगलवार को गड़वार के प्रभारी निरीक्षक ने विभिन्न मामलों में झगड़ा-फसाद कर शांति भंग करने वाले कुल 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध धारा 151, 107, 116 की कार्यवाही की है।

### दिव्यांगों की सेवा देव पूजा के समानः वीरेन्द्र



**बलिया।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राई-साइकिल योजनान्तर्गत नये वर्ष के प्रारम्भ में ही 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगताधारी दिव्यांगजनों को विकास खण्ड हनुमानगंज के प्रांगण में मोटराइज्ड ट्राई-साइकिल का सौगात देते हुए मुख्य अतिथि सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। ईश्वर कोई अंग छीनता है तो उसकी पूर्ति करने हेतु व्यवस्था भी देता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के कल्याण से ही देश का सर्वांगीण विकास संभव होगा। अतः दिव्यांग जनों की सेवा देव पूजा के समान है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सुरेन्द्र सिंह चुन्नू, सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, राजेश सिंह, मुरलीछपरा के ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह, गजेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार गौतम, सुशील कुमार तिवारी आदि सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों में वितरित किया कंबल व वस्त्र



**बलिया।** शहीद मंगल पांडेय के पैतृक गांव नगवां में मंगलवार को काशी दर्शन सेवा ट्रस्ट वाराणसी के तत्वावधान में ट्रस्ट की अध्यक्ष आराधना सिंह एवं शहीद मंगल पांडेय इंटर कालेज नगवां के प्रबंधक डॉ. बृकेश कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से जरूरतमंदों में कंबल एवं वस्त्र का वितरण किया। इस मौके पर प्रबंधक डॉ. पाठक ने कहा कि जरूरतमंद मानव की सेवा से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं होता। कहा कि काशी दर्शन सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा मानव कल्याण एवं जनहित के कार्य वास्तव में नेक एवं सराहनीय है। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, सचिव आदित्य नारायण पाठक, शिक्षक उदय भानु सिंह, विपुल चौबे, विजयशंकर पाठक, हरिशंकर पाठक, अनिल पाठक, राजकुमार निषाद, देवनंदन राजभर, गायिका लाडली पाठक, सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### रहस्यमय ढंग से किशोर गायब

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर पढ़ने के लिए स्कूल गया था। सोमवार को रहस्यमय ढ़ग से वह गायब हो गया। इसकी जानकारी होने पर परिजन परेशान हो गये। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला तो किशोर की माता ने बैरिया थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू की है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि बैजनाथपुर निवासी पूनम देवी पत्नी राजेश कुमार ठाकुर ने तहरीर दिया है कि उनका 16 वर्षीय पुत्र रोहित ठाकुर सोमवार को घर से स्कूल पढ़ने गया था। शाम को जब घर नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू हुई। उसका कहीं पता नहीं चला।

### उप्र-बिहार सीमा पर लगेगा सीसीटीवी कैमरा

**बलिया।** उत्तर प्रदेश-बिहार के बार्डर पर सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधियों पर लगाम लगाने को लेकर पुलिस गंभीर है। आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे अपराधी बेरोक टोक एक से दूसरे राज्य में चले जाते हैं। बार्डर के चेकपोस्ट की निगेहबानी तीसरी आंख से होगी। इससे आपराधिक व तस्करी गतिविधियों में रोक लगेगी और ड्यूटी पर तैनात जवान भी मुस्तैद रहेंगे। गणतंत्र दिवस के दिन डीआईजी अखिलेश कुमार ने बार्डर के गांवों का भ्रमण करने के दौरान भरौली गोलंबर पर बिहार से आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की तथा वहां स्थापित पिकेट व बैरियर का जायजा लिया। डीआईजी ने यूपी के प्रवेश द्वारा पर स्थित बड़े गेट पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। यहां बिना रोक टोक के वाहन व लोग यूपी-बिहार में प्रवेश करते हैं। जिम्मेदारों की मिलीभगत से आए दिन चोरी छिपे अवैध शराब, पशु तस्करी के मामले सामने आते हैं। सीसीटीवी कैमरे लगने से आने-जाने वाले लोगों पर नजर रहेगी। किसी घटना में पहचान होने में काफी मदद मिलेगी। सीओ सदर अशोक मिश्रा ने बताया कि डीआईजी आजमगढ़ अखिलेश कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था व संदिग्ध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए बड़े गेट पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया है। उनके निर्देशों के पालन में जल्द ही सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा।

# अपात्र कार्डधारकों पर विभाग ने कसा शिकंजा

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** एक तरफ जहां सरकार जहां पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क राशन बांट रही है, वहीं दूसरी तरफ अपात्र पात्रों के हिस्से का राशन हड़प कर जा रहे है। इससे गरीबों की परेशानी और बढ़ गयी है।

लेकिन अब वर्षों से गरीबों के हिस्से का राशन उठान करने वाले अपात्र राशन कार्ड धारकों पर विभाग द्वारा शिकंजा कस दिया गया है। बलिया, आजमगढ़ और मऊ में कुल 10,917 अपात्र राशनकार्ड सामने आए हैं, इन्हें निरस्त कर दिया गया है। यह सभी लोग पात्र गृहस्थी और अंत्योदय धारक हैं। खाद्य एवं रसद विभाग इनके स्थान पर नए गरीबों को जोड़ने के आदेश दिए हैं। अपात्रों की वजह से पात्र राशन लेने से वंचित हो जा रहे है। आजमगढ़ में सर्वाधिक 5119 पात्र गृहस्थी और 90 अंत्योदय कार्ड धारी अपात्र निकले हैं। बलिया में 4003 पात्र गृहस्थी व 101 अंत्योदय कार्डधारक, जबकि मऊ में 1559 पात्र गृहस्थी और 45 अंत्योदय कार्ड धारक हैं। अब इनके स्थान पर नए गरीबों को शामिल किया जा रहा है।

**कार्रवाई**

**बलिया, आजमगढ़, मऊ में 10,917 अपात्र राशन कार्ड आये सामने**

जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव ने बताया कि जिन लोगों के कार्ड निरस्त किए गए थे, वहां पर राशन वितरण पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पात्र को ही राशन उपलब्ध कराया जाएगा।

### जांच में राशन लेते मिले 336 मृतक कार्डधारक

**बलिया।** करीब तीन महीने तक चले सर्वे के दौरान अधिकांश मृतक भी मिले। बलिया में 4.77 लाख राशन कार्ड हैं। इसमें करीब 4.26 लाख कार्डधारकों की. घर-घर जांच की गई। इसमें सामने आया कि 336 कार्डधारकों की मृत्यु हो चुकी है। करीब 800 लेग ऐसे मिले, जो आर्थिक रूप से संपन्न है और निःशुल्क राशन का उठान कर रहे है। 2770 ऐसे कार्डधारक है, जो कही अन्यत्र विस्थापित हो चुके है। वहीं, 200 लोगों ने खुद ही कार्ड सरेंडर कर दिया है।

# हिंदी के साहित्य पुरोधा की मनाई गई जयंती

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के संस्थापक श्रीधर शास्त्री की जयंती मनाने के लिए विकास संस्कृति साहित्य एकेडमी के आनंद नगर कार्यालय पर सुदेश्वर अनाम की अध्यक्षता में सभा आयोजित की गई। सर्वप्रथम शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में अनाम जी ने कहा कि शास्त्री जी राष्ट्रभाषा हिंदी के साहित्य पुरोधा थे। डॉ. बृजेश सिंह ने कहा कि भारतवर्ष में गूंजे हमारी भारती, अंग्रेजी हटाओ-देश बचाओ के शाश्वत स्वरों को निनादित किया श्रीधर शास्त्री ने। संचालन करते हुए डॉ. फतेहचंद बेचैन ने कहा कि शास्त्री जी राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति तन-मन-धन एवं पूरी निष्ठा और लगन के साथ आजीवन समर्पित रहे। देश के हर कोने में सालों साल कहीं ना कहीं हमेशा कार्यक्रम कराते रहते थे। डॉ. आदित्य कुमार अंशु ने कहा कि शास्त्री जी के लिए राष्ट्र और राष्ट्रभाषा की आराधना ही उनका जीवन बन गया था। डॉ. नवचन्द्र तिवारी ने कहा कि शास्त्री जी कर्मशील जीवन और सौजन्य शील व्यक्तित्व के धनी थे। उनके अधूरे कार्य और संजोये हुए सपने साकार और पूरा करने के लिए उनके सुपुत्र शीलधर मिश्र महामंत्री भारतीय परिषद प्रयाग तन मन धन से प्रयासरत और समर्पित हैं।

**आयोजन**

**श्रीधर शास्त्री के चित्र पर अर्पित किया पुष्प**

इस अवसर पर डॉ. नंदजी नंदा, जितेंद्र त्यागी, विनय यादव विप्लव, डॉ. जितेंद्र स्वाध्यायी, कवियत्री कदंबिनी सिंह, अरविंद उपाध्याय, समाजसेवी दीना भाई, रमेश मिश्र हंसमुख, रामाशंकर वर्मा मनहर, डॉ. संतोष कुमार गुप्ता, राजेंद्र विद्रोही, विनय कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


## पूर्व प्रधान के निधन पर शोक दी श्रद्धांजलि

**बलिया।** ग्राम सभा बिसौली के पूर्व प्रधान कालिका सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन हुआ। इसमें उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। बता दें कि 23 जनवरी को हृदयगति रूकने से उनका निधन हो गया था। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्व.सिंह गरीबों, लाचार, असहाय और बेबस लोगों की समस्याओं को लेकर आजीवन चिंतित रहे। वह गरीबों के मसीहा थे। इस अवसर पर प्रधान प्रभुनाथ गुप्ता, प्रधान मानिकचन्द सोनी, पूर्व प्रधान आशुतोष सिंह गुड्डू, ललन यादव, राजू सिंह, प्रधानाध्यापक ओपी सिंह, लाल कुमार सिंह, ओपी यादव, रामप्रसाद सिंह, परमात्मा मिश्रा, ओपी सिंह, नारायण यादव, परमात्मा सिंह आदि मौजूद रहे। उनके पुत्र बलवंत सिंह ने आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता जनार्दन सिंह तथा संचालन मो. हुसैन आजाद ने किया।

### एन एच 31 पर शरण लिए कटान पीड़ितों को उपजिलाधिकारी ने जारी की नोटिस

**बैरिया।** कटान से बेघर होकर राष्ट्रीय राज मार्ग 31 पर शरण लिए 81 कटान पीड़ितों को उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अन्दर राष्ट्रीय राज मार्ग 31 खाली करने का अल्टीमेटम दिया है। उपजिलाधिकारी बैरिया ने ग्राम पंचायत केहरपुर व गोपालपुर के कटान पीड़ितों को नोटिस के माध्यम से कहा कि आप लोगों को ग्राम पंचायत दयाछपरा व मानसिंह छपरा में आवासीय पट्टा दिया गया है। साथ ही राजस्व टीम द्वारा उक्त पट्टे की भूमि पर कब्जा भी दिलवा दिया गया है। पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाये दो माह से अधिक बीत जाने के बावजूद कटान पीड़ितों के द्वारा अब तक राष्ट्रीय राज मार्ग 31 को खाली नहीं किया गया है, ऐसे में उपजिलाधिकारी ने एक सप्ताह का समय देते हुए एनएच 31 को खाली करने का आदेश दिया है। एसडीएम ने चेतावनी दिया है कि अगर एक सप्ताह के अन्दर कटान पीड़ित एनएच 31 खाली नहीं करते है तो वैधानिक कार्रवाई किया जाएगा और प्रशासन सख्ती से पेश आयेगा।

### बाल कमेटी द्वारा मां दुर्गा का 25वां वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया





**बलिया।** गुदरी बाजार में स्थित दुर्गा मंदिर पर 25वां वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भजन कीर्तन साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी के अध्यक्ष गौतम गुप्ता ने बताया कि आज के दिन माही मां दुर्गा का स्थापना हुआ था, जिसको हम लोग बड़े ही धूम-धाम से मनाते आ रहे हैं और आगे भी मनाएंगे। इस दौरान कमेटी के विक्की खान सभासद, प्रखर सराओगी, सुनील गुप्ता, मुरारी जयसवाल, अंशु सरावगी, टिक, जुगनू, बाबूधन, हरशीत कश्यप, कुश कुमार साहनी व सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सीडीपीओ ने की अनियमितताओं की जांच

## बाल पुष्टाहार वितरण मामले में की गई थी शिकायत

जनसंदेश न्यूज



**सिकन्दरपुर।** विकास खंड पन्दह अंतर्गत ग्रामसभा चकबहाउद्दीन में बाल पुष्टाहार वितरण में की जा रही अनियमितताओं की शिकायत पर सोमवार को सीडीपीओ राजेंद्र उपाध्याय ने जांच की। जांच की आहट से आंगनबाड़ी केंद्र पर सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। हालांकि ग्रामीणों की शिकायत पर उपजिलाधिकारी के निर्देश पर जांच को पहुंचे सीडीपीओ ने खुली बैठक में जांच करने की बजाय बंद कमरे में कोरम पूरा करते नजर आए। इससे ग्रामीण काफी आक्रोशित दिखे। गांव की महिलाओं का यह आरोप था कि जांच अधिकारी अंदर कमरे में क्या जांच पड़ताल कर रहे हैं इसकी भनक तक नहीं लग पा रही है न तो वहां शिकायतकर्ता को बैठाया गया है और न ही आमजन को अंदर जाने की अनुमति है।

**क्या है आरोप :** महिलाओं का आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता देवी व मिनी आंगनबाड़ी मुन्नी देवी द्वारा पिछले दो सालों से वितरण अनियमितता बरती जा रही है। आपसी मिलीभगत कर पुष्टाहार का जमकर गोलमाल किया जा रहा है। कभी किसी को पूरा पुष्टाहार नहीं दिया जाता। यही नहीं आंगनबाड़ी केंद्र पर हमेशा ताला लटका रहता है। आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री हमेशा अमर्यादित भाषा में बात करती हैं। इस दौरान कई बार आंगनबाड़ी कार्यकत्री व गांव की महिलाओं के बीच तू-तू, मैं-मैं की स्थिति भी बनी। उधर जांच अधिकारी राजेंद्र उपाध्याय जांच की महज औपचारिकता पूरी करते नजर आए। मौके पर मौजूद पत्रकारों ने जब जांच के बाबत सीडीपीओ से बात करनी चाही तो वे पल्ला झाड़ते रहे। इस सिलसिले में बात करना तो दूर वे मामले से अवगत कराना भी उचित नहीं समझे। इसे लेकर भी ग्रामीण काफी नाराज दिखे। महिलाओं ने आरोप लगाया कि जांच के बहाने मामले को दबाने का प्रयास अधिकारी द्वारा किया जा रहा है।

इस मौके पर दीनानाथ चैहान, विजय चैहान, निर्भय नारायण वर्मा, धनंजय वर्मा, जितेंद्र वर्मा, शारदानंद वर्मा, राजन, रंजना, आरती, पुष्पा, मंसा देवी, लक्ष्मी देवी, मालती देवी, ममता, पूनम व सुनीता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

**बलिया।** भाजपा नेता प्रतुल कुमार ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बांसडीह नगर पंचायत में व्याप्त समस्याओं से संबंधित तीन सूत्रीय मांग पत्र उप जिलाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता को सौंपा। बड़ी बाजार स्थित पुराने बक्शी खाने पर नवनिर्मित भवन को नगर पंचायत द्वारा अब तक अधीन न लिये जाने के साथ ही वार्ड 15 में बने मुक्ति धाम (शव दाह गृह) पर प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था न होने की समस्याओं से अवगत कराया। मांग पत्र में कहा कि बांसडीह नगर पंचायत में तीन प्रमुख गम्भीर समस्याएं हैं। 13 वर्षों से बंदोबस्त नक्शा नगर पंचायत कार्यालय में नहीं है। इसके कारण नगर की जनता को वरासत कार्य नहीं हो पाने के कारण विकट स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, दूसरी तरफ बांसडीह बड़ी बाजार में पुराने बक्शीखाना पर बनकर तैयार नव-निर्मित भवन को अब तक नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अपने अधीन नहीं लिया गया है। इसके साथ ही नगर पंचायत के वार्ड 15 देवरिया मौजा में स्थित बने मुक्तिधाम (शव दाह गृह) पर प्रकाश की व्यवस्था न होने के साथ ही पेयजल हेतु हैंडपंप की भी व्यवस्था तक नहीं है। इस मौके पर मुनजी गोड़, तेज बहादुर रावत, राजू दूबे, अरुण पांडेय, बलिराम साहनी, रविंद्र मिश्रा, सुधीर पासवान आदि उपस्थित रहे।

# दुर्गापुर में तैनात सेना के जवान की हार्ट अटैक से मौत

जनसंदेश न्यूज



**बेल्थरा रोड।** दुर्गापुर में तैनात सेना के जवान सैय्यद सलाउद्दीन की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे उभांव थाना क्षेत्र के बिठुआँ गांव के रहने वाले थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सैनिक को तैनाती स्थल पर सेना के जवानों ने मंगलवार को तिरंगे के साथ सम्मान पूर्वक सलामी देने के बाद पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया।

उभांव थाना क्षेत्र के बिठुआँ गांव निवासी सैय्यद सलाउद्दीन सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर पद पर तैनात थे, इन दिनों उनकी तैनाती दुर्गापुर में थी। वह अपनी बटालियन टीम के साथ ड्यूटी में लखनऊ आये थे। बीते सोमवार को ड्यूटी के दौरान प्रातः अचानक दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही ग्रामवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। अचानक हुई इस घटना से घरवालों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। उनके एक पुत्र अब्दुल और तीन पुत्रियां हैं। निधन की सूचना मिलते ही ग्रामवासी परिजनों के पास पहुंच कर रोते-बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाने लगे।

तैनाती स्थल से पार्थिव शरीर पहले लखनऊ से बेल्थरा रोड पहुंचा और उसके बाद उनके गांव बिठुआँ लाया गया। थानाध्यक्ष उभांव राजीव कुमार मिश्रा सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं राजनीतिक लोग मौजूद रहे।

ग्रामीणों की भीड़ देर रात तक दरवाजे पर खड़ी होकर पार्थिव शरीर का इंतजार करती रही। सेना के जवान की मौत से गांव में मातम छाया रहा और सेना के वाहन से शव पहुंचते ही कोहराम मच गया।

## राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में शिव प्रकाश राय का हुआ चयन, जनपद में खुशी की लहर

जनसंदेश न्यूज



**इंदारा, मऊ।** जिला वालीबॉल एसोसिएशन मऊ, की मऊ जनपद की टीम से वालीबाल खिलाड़ी शिव प्रकाश राय का चयन उत्तर प्रदेश सिनियर वालीबाल टीम में हुआ।

चयन टीम 2 फरवरी से 8 फरवरी तक गोहाटी आसाम में आयोजित राष्ट्रीय वालीबाल चैंपियनशिप में भाग लेंगी। इस खिलाड़ी का चयन 16 जनवरी से 29 जनवरी तक वाराणसी में आयोजित प्रदेशीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदर्शन के आधार पर किया गया। चयन शिव प्रकाश राय पुत्र धीरेंद्र राय अमिला बाजार जनपद मऊ के रहने वाले हैं।

इस अवसर पर जिला वालीबॉल एसोसिएशन मऊ के अध्यक्ष मदन सिंह, सचिव विनोद कुमार सिंह, उत्पल राय, क्रीड़ाधिकारी मुकेश सब्बरवाल, वरिष्ट उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार राय, प्रभात कुमार राय, क ोषााध्याक्ष रामअवध, संयुक्त सचिव, रामजीत, अरुण कुमार सिंह, रामजन्म चैहान, लालबहादुर त्रिपाठी, नसीम, नौशाद, शोएब, चंचल सोनकर संजय कुमार, दानिश, अरविंद कुमार सिंह, विनय कुमार राजभर, अजय शाहू आदि ने नेशनल चैम्पियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बिजली चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप

**इंदारा, मऊ।** परदहां ब्लाक क्षेत्र के पिपरीडीह बाजार में मंगलवार को बिजली विभाग द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग की सुचना मिलते ही अवैध कटीया कनेक्शन धारीयो में हड़कंप मच गया। चेकिंग अभियान में सात बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए एवं 81746 रुपये की राजस्व वसूली की गई।

टीम में एसडीओ कमलेश श्रीवास्तव, जेई देवेंद्र उपाध्याय लाइनमैन जय प्रकाश यादव, संतोष रामलाल संतोस योगेंद्र हरेंद्र अशोक, समेत दर्जनों स्टाफ मौजूद रहे इससे ग्रामीणों में हड़कंप का माहौल बना रहा। एसडीओ एसडीओ कमलेश श्रीवास्तव ने उपभोक्ताओं से अपील की गई कि नियमित संयोजन मीटर द्वारा ही उपभोग कर तथा कटिया कनेक्शन का उपयोग ना करें जिससे होने वाले राजस्व क्षति से विभाग बच सके।

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कामयाबी**

**चोरी की 3 बाइक, अवैध 2 तमचा भी बरामद**



**कोपागंज, मऊ।** मंगलवार को थाना कोपागंज पुलिस को उस समय सफलता हाथ लगी जब मुखबिर खास की सूचना पर कि भातकोल के तरफ से तीन बाईक से तीन चोर चोरी की बाईकों सहित धरियासाथ होते हुए कोपागंज की तरफ आ रहे है जो चोरी की बाईकों को हाईवे से होकर कही बेचने के लिए लेकर जाने वाले है जो भातकोल बाजार से निकल चुके है। अगर जल्दी किया जाय तो पकड़े जा सकते है। इस सूचना पर विश्वास कर कोपागंज थानाध्यक्ष अमित मिश्रा मौके पर मौजूद पुलिस टीम द्वारा टीम गठित कर मय मुखबिर खास को साथ लेकर धवरियासाथ कुर्थी जाफरपुर मोड़ पर रुककर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग करने लगा कि भातकोल की तरफ से तीन बाईक सवार व्यक्ति आते हुये दिखाई दिये तो मुखबिर खास ने दूर से ही बताया कि साहब ये जो तीनो व्यक्ति अलग अलग बाईकों पर सवार होकर आ रहे है यही वह व्यक्ति जिनके बारे मे मैं आपको बताया था इतना कहकर मुखबिर हट बढ़ गया पुलिस घेर कर चेकिंग करने लगे कि जैसे ही तीनो बाईक सवार व्यक्ति हम पुलिस वालो को देखे कि मोटर साइकिल घुमाकर भागने का प्रयास किये लेकिन कोपागंज पुलिस काफी फुर्ती दिखाते हुए उन तीनो व्यक्तियों को तीन बाईकों सहित समय करीब सुबह के 9 बजे पकड़ लिया गया। पकड़े गये सत्यम तिवारी व विकास सिंह उपरोक्त के पास से अवैध 02 अदद तमंचा, 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुई।

## नगर पालिका की ओर से डोर टू डोर अभियान आज



**मऊ।** नगर पालिका परिषद मऊ 01 फरवरी से 10-तक डोर टू डोर अभियान चलायेगी। मंगलवार को पालिका अधिकारियों ने सफाई नायकों संग बैठक कर अभियान को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा सफाई नायकों को आवश्यक निर्देश दिया।

यह अभियान तीन चरणों में (प्रार्थना-सहमत-चालान) चलाया जायेगा। जिसका उद्देश्य प्रतिदिन प्रातः 10 बजे तक शत प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन सहित पूर्णतया डोर टू डोर वेस्ट (कूड़ा) कलेक्शन सुनिश्चित करना है। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में अभियान के प्रथम चरण में 01 फरवरी से 15 फरवरी तक पालिका कर्मी ह्यह्य10-तकह्यह्य डोर टू डोर अभियान में लोगों को जागरुक करने का कार्य करेंगे तथा उक्त अभियान में आम जन से अपनी सहभागिता देने हेतु प्रार्थना करेंगे साथ ही लोगों को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन से होने वाले लाभों के बारे में अवगत करायेंगे। द्वितीय चरण 16 फरवरी से तीन मार्च तक तथा 04 मार्च से 31 मार्च तक तीसरे चरण के तहत गंदगी फैलाने वालों को सबक सिखाया जायेगा। गन्दगी फैलाने वाले को चिन्हित करते हुए चलाना करते हुए उनपर जुमार्ना लगाया जायेगा। बैठक में पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश व स्वच्छ भारत मिशन के डीसी मनीष सिंह व डीपीएम पियूष सिंह सहित पालिका के समस्त सफाई नायक उपस्थित थें।

# राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** मंगलवार को अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा द्वारा राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण/विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित वक्तागण द्वारा बच्चों के अधिकार एवं संरक्षण, पॉक्सो एक्ट, बाल संरक्षण अधिनियम 2015 के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी साथ ही साथ यह बताया गया कि यदि किसी किशोर के माता/पिता की कोरोना से मृत्यु हो गयी है तथा उन्हें कोई सहारा नहीं है तो ऐसे बच्चों को प्रतिमाह मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 4000/- संरक्षक के अकाउंट में दिये जाने की व्यवस्था है। इस दौरान किशोरों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उपस्थित लीगल एड डिफेंस काउंसिल को उनके मुकदमें की पैरवी तथा निःशुल्क विधिक सहायता हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान संप्रेक्षण गृह में कुल 86 किशोर निरुद्ध पाए गए। इसी दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ के तत्वाधान में तहसील विधिक सेवा समिति, सदर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित वक्तागण द्वारा दाम्पत्य विवादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण, स्थायी लोक अदालत की प्रक्रिया, सरकार द्वारा संचालित योजना, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के निःशुल्क विधिक सहायता, कोविड-19 ये बचाव हेतु वैक्सीनेशन एवं कुष्ठ रोग के प्रति भ्रामकता को दूर करने तथा 11 फरवरी को आयोजित होने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आमजन को जागरूक किया गया। साथ ही साथ जिला कारागार, मऊ में जेल-ई लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा नामित मजिस्ट्रेट अमित कुमार यादव द्वारा जिला कारागार से प्राप्त बन्दियों के प्रार्थना-पत्र पर जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर सुनवाई की गयी।

# मुख्तार अंसारी गिरोह पर बड़ी कार्रवाई

## सहयोगी की 2 करोड़ की संपत्ति जब्त





जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** संगठित अपराध/अपराधियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान में क्रम में मंगलवार को मुख्तार अंसारी गिरोह (आईएस 191) के सहयोगी अभियुक्त रफीक अहमद पुत्र हाजी वकील निवासी पठानटोला कस्बा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ जो लगभग तीन दशक से अपराध में संलिप्त है तथा आई0एस 191 गैंग का सहयोगी है।

**कसा शिकंजा**

**गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत पुलिस द्वारा किया गया जब्त**

यह अपने गैंग के संरक्षण में स्वयं तथा गैंग के सदस्यों द्वारा निर्दयतापूर्वक पशुओं का वध करके अवैध मांस के व्यापार से पर्यावरण को दूषित करने जैसे संगीन अपराध कारित कर अवैध तरीके से व्यवसाय से अपराधिक बल का लाभ पाते हुये अकूत धन इकठ्ठा किया गया है। अपराधिक क्रियाकलाप में संलिप्त रहकर अपराध से अर्जित किये गये धन से अपने पिता, चाचा व अपने भाई की पत्नी के नाम से क्रमशः मौजा सारहू स्थित आ0सं0 126 में रकबा 112 कड़ी व उसपर बना आलिशान मकान, आ0सं0 221 रकबा 57 कड़ी तथा व मौजा सारहू में ही आबादी रकबा कुल 138 वर्ग मीटर व उसपर बने मकान, कुल मूल्य 01 करोड़ 98 लाख 51 हजार 243 रुपए को अंतर्गत धारा 14 (1) गैंगेस्टर एक्ट मऊ पुलिस द्वारा कुर्क किया गया।

इस दौरान एसडीएम, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्रा, राजस्व टीम व भारी पुलिस बल मौजूद रही।

# अपने ही लगा रहे दामन पर दाग

## जिले में कुछ कर्मचारियों पर विजिलेंस कर चुकी कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिले के कुछ कर्मचारियों के कारनामों से विभाग की साख पर बट्टा लग रहा है। ये कर्मचारी बिना रुपये के काम न करने के आदी हो चुके हैं।

शिकायतकर्ताओं की पहल पर विजिलेंस ने कई कर्मचारियों की पोल खोली है। रिश्वत लेते ही कर्मचारी गिरफ्तार किए जा रहे हैं। इसमें कोषागार, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, एआरटीओ विभाग, आदि शामिल हैं, जहां बिना सुविधा शुल्क के काम जल्दी नहीं हो पाता है।

शासन की नीति है कि पारदर्शिता के साथ सभी विभागों में काम हो। लोगों की शिकायत प्राथमिकता के आधार पर हल की जाए। पर सच तो यह है कि कई कर्मचारी जेब भरने के चक्कर में फरियादियों को दौड़ाते रहे हैं। उनका सही कार्य भी बिना रुपये के नहीं हो रहा है। ऐसे कर्मचारियों से तंग आकर लोग विजिलेंस से गुहार लगा रहे हैं। उनकी शिकायत पर सक्रिय हुई टीम रंगे हाथ घूस लेते कर्मचारियों को पकड़ने में कामयाब हो रही है। एक साल के भीतर जिले में दस से अधिक कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम का मुकदमा लिखा जा चुका है। इनमें राजस्व कर्मी, पुलिस कर्मी के कर्मचारी शामिल हैं। उधर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि अगर कोई कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो शिकायतकर्ता एंटी करप्शन से शिकायत कर सकता है। पकड़े जाने पर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज किया जाता है। इसके बाद विभागीय कार्रवाई की जाती है।

# ढाई लाख की आयकर सीमा को बढ़ाकर छह लाख करे सरकार

**अपनी बात**

### नौकरी-व्यवसाय वालों को आयकर छूट बढ़ने की उम्मीद

**गाजीपुर।** आम बजट पेश होने में कुछ घंटे बचे हैं। मध्यम वर्ग के लोगों को उम्मीद है कि इस बजट में आयकर में राहत मिलेगी। नौकरी और व्यवसाय वाले आयकर दाताओं का कहना है कि वित्त मंत्री इनकम टैक्स स्लैब का दायरा बढ़ाएं। सरकार ढाई लाख की इस सीमा को बढ़ाकर कम से कम छह लाख करेगी।

इसके अलावा आयकर दाता चाहते हैं कि आयकर की सबसे ऊंची दर को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया जाए। वर्तमान में 80 सी के तहत टैक्स छूट की सीमा मात्र 2.50 लाख रुपये है। नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग के व्यापारी चाहते हैं कि इस सीमा को बढ़ाकर कम से कम छह लाख रुपए किया जाए। आयकर में मिलने वाली स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर कम से कम एक लाख करके वित्त मंत्री एक आम आदमी को बड़ी राहत दे सकती हैं। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए ऋण में छूट देने का भी प्रावधान रखा जाए।


गायत्री सिंह।


चौधरी दिनेश चंद्र राय।


भरत कुमार।


अरविंद नाथ राय।

### बोले लोग, कई सालों से नहीं बदला टैक्स स्लैब

सरकारी नौकरी करने वाले लोगों को आयकर में छूट प्रदान की जाए, जिससे कर्मचारियों की थोड़ी राहत मिले। 80सी के तहत भी बदलाव किए जाएं। **-गायत्री सिंह, शिक्षिका**

आम बजट में आयकर दाताओं के लिए छूट प्रदान की जाए। 80सी के तहत लिमिट बढ़ाकर छह लाख रुपये की जाए, जिससे राहत मिले। **-चौधरी दिनेश चंद्र राय शिक्षक**

औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए व्यापारियों को आयकर में छूट प्रदान की जाए। जिससे जिले में औद्योगिक क्षेत्र का विकास हो सके। **- भरत कुमार, सीए**

आगामी आम बजट में कर की दर तर्कसंगत होनी चाहिए। कई साल से टैक्स स्लैब को नहीं बदला गया है, इसे बदला जाना चाहिए। आयकर दाताओं को पिछले छह साल में कोई भी छूट नहीं दी गई है। जिसकी वजह से महंगाई के दौर में कर कटौती का सामना करना पड़ रहा है। **-अरविंद नाथ राय पेंशनर**

# पांच लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

**कामयाबी**

### लूट के समान के साथ नगदी बरामद

### पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान पांच लुटेरों को दबोचा

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जनपद में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सैदपुर पुलिस व स्वाट टीम ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास मोटरसाईकिल नगदी सहित अन्य समान बरामद करने का दावा किया है।

मंगलवार को पुलिस कप्तान द्वारा कचहरी स्थित अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया को बताया गया कि सैदपुर पुलिस व स्वाट टीम ने स्थानीय थाना क्षेत्र के भितरी अंडर पास से चेकिंग के दौरान पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिसियां पूछताछ व जामा तलाशी में अभियुक्तों के पास से दो बाईक एक लैपटॉप मोबाइल तंमचा कारतूस के साथ ही 4830 रुपया बरामद किया गया।

पुलिस टीम ने जयहिन्द पुत्र जितेन्द्र उर्फ गुड्डू राम निवासीग्राम विशेसरपुर छावनी लाइन थाना कोतवाली ,चन्द्रजीत कुमार पुत्र शिवकुमार राम निवासी हुसैनपुर थाना कोतवाली, मोनू उर्फ अश्वनी कुमार पुत्र विनय राम निवासी विशेसरपुर छावनी लाइन,मनीष चौहान पुत्र सुरेन्द्र चौहान निवासी ग्राम सलामतपुर (सनेहुआ)थाना कासिमाबाद, प्रताप कुमार पुत्र सोमारू राम बिन्द निवासी सकरा थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम सैदपुर कोतवाली प्रभारी शिवप्रताप वर्मा,स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय, सर्विलांस प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, लक्ष्मण यादव, यशवन्त सिंह, बच्चेलाल, गौरव कुमार, विकास श्रीवास्तव,आशुतोष सिंह, विनय यादव, प्रेमशंकर सिंह,राकेश सोनकर रहें।


कार्यालय में मीडिया के समक्ष आरोपियों को पेश करते एसपी ओमवीर सिंह।

# चोरों ने नकदी सहित गहनों पर फेरा हाथ

**मरदह।** थाना के भीखमपुर गांव निवासी कृष्णानन्द तिवारी के घर में चाहदीवारी के सहारे घर में दाखिल हुए चोरों ने नकदी,कपड़े एवं लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर चंपत हो गए। किसान कृष्णानन्द तिवारी परिजनों सहित अपने मकान के बरामदे में सोए हुए थे।

बीती रात्रि सोमवार को चोर चाहदिवारी फाद कर छत के रास्ते घर में दाखिल होकर तीन कमरों का ताला तोड़कर घुसे कमरों में रखे सूटकेस, बक्सों को तोड़कर नकदी,कीमती कपड़े एवं लाखों रुपए के सोने चाँदी का आभूषण चोरी कर लिया। पुनः चहदीवारी फादकर भाग गए। परिजनों को चोरी की भनक नही लग सकी। मंगलवार सुबह जब जागने पर घर में गए तो चोरी की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। कृष्णानन्द तिवारी ने चोरी की तहरीर मरदह थाने में दी है। मरदह थानाध्यक्ष दुष्यंत सिह ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है शीघ्र ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।


भीखमपुर गांव में चोरी के बाद मायूस परिजन।

# घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों को खोजा जायेगा:डीएम

## रायफल क्लब सभागार में डीएम ने ली बैठक,बनाई रणनीति

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में रायफल क्लब सभागार में मंगलवार को कुष्ठ रोग दिवस के संबंध में बैठक कर जागरूकता अभियान को सफल बनाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया गया कि हम सभी जनपद के लोग और जिला प्रशासन इस आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगे। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेंगे। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेंगें और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने दें। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए पूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने सभी जनपद वासियों से अपील किया है कि इस बार 30 जनवरी से 13 फरवरी, 2023 तक सघन कुष्ठ रोगी खोज एवं निगरानी अभियान चलाया जाना है, जिसके अन्तर्गत घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों को खोजा जायेगा। इसलिए अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर इस अभियान को सफल बनायें। इस अवसर पर समस्त सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# समिति के सदस्यों का अंशधन दो गुना किया जाय

**जमानियाँ।** स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति लि. पर मंगलवार को वार्षिक बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार राय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पिछली कार्यवाई की पुष्टि की गई तथा आडिटेड/ एसएस के अनुमोदन पर सर्वसम्मति से विचार करते हुए आडिट अनुमोदन के अनुपालन के सम्बंध में विभाग से आडिट कराने तथा आगामी वर्ष के बजट पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति के सदस्यों का अंशधन दो गुना किया जाय। उक्त मौके पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष भूमि विकास बैंक पं० रमाशंकर उपाध्याय, सचिव प्रेमसागर लाल, प्रमोद कुमार यादव, मुरली सिंह कुशवाहा, अवधेश यादव, रामजी राय, सिंहासन यादव, धीरेन्द्र कुमार राय, राजकिशोर सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, दिनेश सिंह, अवधेश सिंह, वाहिद खाँ, कादिर खाँ, रमायन यादव, शिवमूरत यादव, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# ताड़ीघाट रेलवे स्टेशन को बंद करने की भनक पर प्रदर्शन

**रोष**

### प्रदर्शनकारियों ने उप प्रबंधक को पत्रक सौंपकर दी चेतावनी

**सुहवल।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर के द्वारा अतिप्राचीन ताड़ीघाट रेलवे स्टेशन को बंद करने की तैयारी की भनक लगते ही मंगलवार को आक्रोशित दर्जनों गाँव के सैकडों ग्रामीणों, दुकानदारों व टैम्पू संचालकों ने रेलवे के इस निर्णय के विरोध में ताड़ीघाट रेलवे स्टेशन पहुंच वहाँ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। जिससे की अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे उप स्टेशन प्रबंधक? सुजित कुमार ने नारेबाजी कर रहे लोगों शांत कराने का प्रयास किया। मगर लोग नारेबाजी करते रहे। काफी मान मन्नौवल के बाद लोग शान्त हुए। प्रदर्शनकारियों ने रेल प्रबंधक को सम्बोधित एक ज्ञापन उप स्टेशन प्रबंधक सुजित कुमार को सौंपा। चेताया कि स्टेशन को विभाग के द्वारा बंद करने की किसी कोशिश को जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।वहीं उप स्टेशन प्रबंधक ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दिए गये ज्ञापन को महकमें के आलाधिकारियों तक पहुंचा दिया जायेगा।तब जाकर प्रदर्शनकारी शान्त हुए और मांगों के पूरा न होने पर रेल चक्काजाम से लेकर विशाल धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।इस दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रधान दीपक सिंह ने कहा कि यह स्टेशन जिले के अतिप्राचीन स्टेशनों में शुमार है।जिसका निर्माण 1880 में किया गया। इस स्टेशन के जरिए सैकड़ों दुकानदार, टैम्पों संचालकों के परिवार की आजीविका चलती है,इसे बंद कर दिए जाने से इन सभी के समक्ष बेरोजगारी व आर्थिक संकट खड़ा हो जायेगा। वहीं सुखवीर सिंह ने कहा कि स्टेशन को बंद किए जाने की किसी भी कोशिश का पुरजोर तरीके से विरोध होगा,कहा कि ट्रेन से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होने के साथ ही सैकड़ों लोगों की आजीविका इसी स्टेशन से चलती है। मालूम हो कि सोनवल में नये रेलवे स्टेशन के चालू होते ही महकमा इस ताडीघाट स्टेशन को हमेशा के लिए बंद करने की योजना बना रहा है।

इस अवसर पर मान सिंह,गोलू, अनिल,रमेश,धर्मेन्द्र, रमेश ,यशवीर, विजेन्द्र आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे। ताड़ीघाट स्टेशन के उप प्रबंधक सुजित कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा दिए गये पत्रक को आलाधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है।


ताड़ीघाट स्टेशन को बंद करने के विरोध में ताडीघाट उप स्टेशन प्रबंधक को पत्रक सौंपते प्रदर्शनकारी।

# एमओवाईसी के कामकाज पर डीएम खफा

**वेतन बाधित**

### रायफल क्लब सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जननी सुरक्षा योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत देवकली, मिजार्पुर, मनिहारी, जखनियां भदौरा, मुहम्मदाबाद, बाराचवर, एवं मरदह, के एमओवाईसी के द्वारा कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी देते हुए प्रगति में सुधार लाने तथा वीएचएनडी कार्यक्रम में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मनिहारी, सादात, रेवतीपुर , सुभाकरपुर, बाराचवर के एमओवाईसी को स्पष्टिकरण एंव मरदह एमओवाईसी का वेतन रोकने का निर्देश दिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, जेएसवाई के भुगतान, मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, 108/102 एम्बुलेंस की उपलब्धता, आशा,जेएसवाई भुगतान, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन,एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तपूर्वक समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान उन्होंने जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं कों निःशुल्क भोजन, स्वयं सहायता समुह के माध्यम से दिये जाने तथा दवा एव ड्राप बैक की सुविधा के साथ-साथ 48 घण्टे रोके जाने के दिये गये निर्देश दिये । जिलाधिकारी ने प्रसव उपरान्त लाभार्थियों,आशाओं को दिये जाने वाले जेएसवाई के भुगतान के सम्बन्ध में शत-प्रतिशत भुगतान का निर्देश दिया तथा उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर जेएसवाई भुगतान पेन्डिग है उसका तत्काल निस्तारण करवाते हुए भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आरोग्य योजनान्तर्गत जनपद में बनाये गये गोल्डेन कार्ड की जानकारी ली तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी परिवार का शत-प्रतिशत गोल्डेन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरगोविन्द सिंह,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एन एच एम) डा. उमेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश सिंह समस्त एमओवाईसी एंव अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।


रायफल क्लब सभगाार में बैठक लेती डीएम आर्यका अखौरी।

# प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ भाकपा का धरना जारी

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** भाकपा (माले) अखिल भारतीय किसान महासभा की ओर से गांव समाज बंजर भू माफिया ताकतों से खाली कराकर भूमिहीन घर विहीन गरीबों में आवासीय पट्टा करो,2017 हाईकोर्ट का आदेश लागू करों बगैर बैकल्पिक व्यवस्था हो रहे गैरकानूनी बेदखली पर रोक लगाओ, भू-माफियाओं को हुए नियम बिरूद्ध आवासीय पट्टा को रद्द करों , पट्टा धारकों को जमीन पर कब्जा दखल कराओ,आदि सवालों को लेकर हुरमुजपुर मझौली गांव में अनिश्चितकालीन धरना 13वां दिन क्रमिक अनशन मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा।

भाकपा (माले) का प्रतिनिधिमंडल कार्यालय सचिव योगेन्द्र भारती के नेतृत्व में डीएम से मिला।सात सूत्रीय मांग सौंपा आवश्यक कार्रवाई की मांग उठाई। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह ने कहा कि तहसील के लेखपाल और कानूनगो गांव -गांव में राजस्व सम्बंधित मामलों को हल निकालने के बजाय विवाद बढ़ाकर अवैध वसूली कर रहे हैं। जिसमें एसडीएम खुद हिस्सेदार हैं सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस की शिकायतों को बगैर स्थलीय जांच पड़ताल किए फर्जी और मनगढ़ंत रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामबृक्ष मौर्या अपनी भूमिधरी की अराजी सं0 102 में घर मकान बनाकर आबाद है। 132 लैड की जमीन का अवैध अतिक्रमण दूर- दूर तक नहीं है हल्का लेखपाल कानूनगो नायब तहसीलदार सादात और मनिहारी ने जबरिया बगैर किसी आदेश के गैरकानूनी तरीके धौंस धमकी देकर मझौली में मकान गिरवा दिया। जखनियां एसडीएम तहसीलदार हाईकोर्ट के 2017आदेश की अनदेखी कर रहे हैं। धरना -प्रदर्शन को लालबहादुर बागी रणधीर सिंह, सुनीता देवी रामबृक्ष मौर्य सोनी देवी,रीमा देवी शिवबचन मौर्य,धरमू राम, बीरेंद्र पांडेय अनिल कुशवाहा ,ने सम्बोधित किया।

## संक्षेप

### शातिर दो बाइक चोरों को पुलिस ने पकड़ा



**सुहवल।** स्थानीय थाना पुलिस ने मंगलवार की भोर में करीब ढ़ाई बजे ताड़ीघाट रेलवे क्रासिंग के समीप वाह?न चेकिंग के दौरान लूट की घटना को अंजाम देने जा रहे दो शातिर बदमाशों को एक चोरी की बाईक समेत तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ धर दबोचा। थाने लाकर उनसे कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान करने के साथ ही दोनों का मेडिकल मुआयना कराने के बाद उन्हें सक्षम न्यायालय में पेश किया।जहां उनके आरोपों की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने दोनों को चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेंज दिया। प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि उपनिरीक्षक राम बाबू अपने हमराही वसीम अकरम,रोहित व जितेन्द्र के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान गरूआमकसूदपुर के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे,कि इसी दौरान मलसा की ओर से एक तेज बाईक आती दिखी। जब पुलिस टीम ने बाईक रोकने का ईशारा किया तो सवार उसकी रफ्तार तेज कर गाजीपुर की ओर भागने लगे। घेराबंदी कर बाईक सवारों को ताड़ीघाट रेलवे क्रासिंग के समीप घेर लिया। पुलिस ने दौड़ाकर दोनों को दबोच लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मौके पर बाईक के कागजात मांगने पर वह नहीं दिखा सके। आरोपी दीपक यादव निवासी अंधारीपुर व सूरज सिंह कुश्वाहा निवासी ढढनी भानमल राय थाना सुहवल को गिफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि व हाईस्कूल की पढ़ाई के बाद नौकरी के लिए इधर उधर भटक रहे थे।

### जीव विज्ञान की प्रैक्टिकल परीक्षा संपन्न



**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र स्थित स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज टोडरपुर के इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में बैठने जा रहे करीब दो सौ पचास छात्र-छात्राओं का जीव विज्ञान का प्रेक्टिकल परीक्षा मंगलवार को कालेज के लेबोरेट्री हाल में संपन्न हुआ। बोर्ड द्वारा नियुक्त शिवजी कुशलावती इंटर कालेज पलीहईं रामनगर अकबरपुर के प्रवक्ता आलोक कुमार चौधरी ने जीव विज्ञान संबंधित विविध सामान्य प्रश्न परीक्षार्थियों से किया। जिसके उत्तर अधिकांश ने बिना संकोच के देकर अच्छे अंक के हकदार बने। इस प्रेक्टिकल परीक्षा में कुक्ष विद्यार्थी अनुपस्थित भी रहे।

### पुलिस ने हेरोइन के साथ आरोपी को पकड़ा



**गाजीपुर।** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर शातिर अपराधी हेरोइन तस्कर को 100 ग्राम हेरोइन व एक तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह, उ.नि भूपेन्द्र कुमार निषाद मय हमराह हे.का रामप्रकाश, हे.का. आशीष कुमार पटेल, नागेन्द्र कुमार, रामजीत यादव, कृष्णमोहन यादव, रोशन गोस्वामी ने मुखबीरी सूचना के हमीद सेतु रजागंज के पास से शातिर अपराधी हेरोइन तस्कर शुभम पाण्डेय उर्फ गौतम पाण्डेय पुत्र स्व. संजय पाण्डेय निवासी ग्राम अवथही थाना भांवरकोल को गिरफ्तार किया है। अपराधी के पास से 100 ग्राम नजायज अवैध हेरोइन व तमंचा-कारतूस बरामद किया है।

### 73 महिलाओं ने कराई नसबंदी

**सैदपुर।** शासन की मंशा पर सैदपुर कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वृहद निःशुल्क महिला नसबंदी का आयोजन किया गया। जहां पर आसपास के कई गांवों से करीब 100 महिलाएं पहुंचीं, जिसमें से सैदपुर व देवकली की 73 महिलाओं की सफल नसबंदी की गई। सीएचसी में सैदपुर समेत देवकली ब्लॉक के सम्बंधित गांवों की महिलाओं ने पंजीकरण कराया, जिसके बाद उनकी सफल नसबन्दी की गई। बाहर से आये सर्जन डॉ गुलाब शंकर सिंह पटेल ने सहयोगियों संग सभी की सफल नसबंदी की। महिलाओं को निःशुल्क दवाएं व एम्बुलेंस आदि की सुविधाएं दी गयी।

### प्रगतिशील मानव समाज पार्टी की बैठक संपन्न

**जमानियाँ।** क्षेत्र के ग्राम हेतिमपुर स्थित सन्त जुडे दास शिव मंदिर के प्रांगण में प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के तत्वावधान में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भोला बिंद ने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी गण युवाओं के साथ मिलकर अधिक से अधिक लोगों को प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के विचारधारा से जोड़कर आगे बढ़ाने का कार्य करें। हम अपना हक, अधिकार तथा आरक्षण ले कर रहेंगे। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष पवन कुमार बिंद, जिला उपाध्यक्ष मदन मुरारी बिंद, रामदुलार बिंद, राजकुमार बिंद, इंद्रासन बिंद, जनार्दन बिंद, सूबेदार बिंद, संजय बिंद, रुस्तम बिंद आदि लोग मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता पण्डुल बिंद वह संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार बिंद ने किया।

### बकायेदार 405 लाभार्थियों को चेतावनी

**गाजीपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जनपद के बकायेदार कुल 405 लाभार्थियों ने टर्मलोन, मार्जिंग मनी, शैक्षिक ऋण लिया है एवं उनके द्वारा किस्तों का भुगतान समय से नही किया जा रहा है, उन्हें भुगतान का अंतिम अवसर देते हुए पांच फरवती तक कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी में सम्पर्क कर अपनी किस्त जमा करें। अन्यथा देय धनराशि की वसूली के लिए सम्बन्धित तहसील द्वारा आरसी निर्गत करा दी जायेगी। निगम की ऋण ब्याज सहित वसूली के बकाये के रूप में करेंगे तथा वसूली की जाने वाली धनराशि पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि की वसूली की जायेगी।

### वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन

**गाजीपुर।** वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण अधिनियम 2007 के तहत विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृद्धजन आवास/वृद्धाश्रम, लंगड़पुर, छावनी लाईन, में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वृद्धजन आवास/वृद्धाश्रम की पूर्णतयाः जानकारी ली तथा परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छ पानी व मीनू के अनुसार भोजन एवं ठण्ड से बचाव के लिए कपडे. तथा समुचित प्रबंध हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया। प्रबंधक द्वारा चौबीस घण्टे आश्रम में ही रहकर वृद्धजन आवास,वृद्धाश्रम का सेवा दे रही है तथा उनके द्वारा यह भी बताया गया कि वृद्धाश्रम को संचालित करने के लिए कर्मचारीगण कार्यरत है। वृद्धजन आवास,वृद्धाश्रम में पुरूष और महिला दोनों रहते है। वृद्धाश्रम को देख-रेख के लिए विडियों कैमरा एवं विश्राम के लिए कुर्सी, टेबल, चौकी आदि की उचित व्यवस्था पाई गयी। वृद्धजन आवास,वृद्धाश्रम का मीनू विवरण के अनुसार उनको सप्ताहिक सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, शाम का नाश्ता व रात्रि का भोजन के बारे बताया गया तथा मौसमी सब्जी, फल भी दिया जाता है। वृद्धजन आवास/,वृद्धाश्रम में उनके लिए शामं को भजन संगीत, टेलीविजन की भी व्यवस्था है। प्रबंधक द्वारा बताया गया कि वे गांव-गांव के ग्राम प्रधान,सरपंच से जनसर्म्पक भी करती है कि अगर कोई वृद्ध बेसहारा हो, कोई देख-रेख न करने वाला हो तो वे सूचित कर इस नेक व पुण्य कार्य के भागीदर बन सकते है।


### डॉक्टरों की कमी, रेफर किए जा रहे मरीज

**सेवराई।** बिहार सीमा पर स्थित भदौरा ब्लॉक में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। यहां एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) व चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) संचालित हैं, लेकिन ये सभी रेफलर सेंटर से अधिक नहीं है। यहां से केवल मरीजों को रेफर किया जाता है। इसका मुख्य कारण स्टाफ व विशेषज्ञ चिकित्स्कों की कमी है और जांच आदि की सुविधाएं भी नहीं होना है। मरीज की हालत थोड़ी गंभीर होती है तो उसे रेफर कर दिया जाता है। सड़क हादसे में गंभीर घायलों को चालीस से पचास किलोमीटर दूर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया जाता है। ऐसे में मरीजों की जान पर बन आती है। भदौरा ब्लॉक में एक सीएचसी और बारा, गहमर, देवल, दिलदारनगर पीएचसी हैं। इनमें सबसे खराब स्थिति बारा और देवल पीएचसी की है। यूपी - बिहार सीमा पर होने के कारण मरीजों की संख्या अधिक होती है, लेकिन आयुर्वेद व होम्योपैथिक चिकित्सक के अलावा विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात नहीं होने के कारण मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पातीं। यहां कहीं भी महिला विशेषज्ञ भी नहीं हैं। केवल एएनएम डिलीवरी कराती हैं, लेकिन अगर किसी महिला की हालत बिगड़ती है तो जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जाता है।

## जनसंपादकीय

# राहुल की राजनैतिक परीक्षा

**अरुण खोटे**



30 जनवरी को राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा का श्रीनगर में समापन हो गया और इसी के साथ अधिकतर लोगों की जुबान में सवाल है कि अब क्या ? सवाल यह भी हो रहा है कि इससे कांग्रेस को क्या लाभ मिलेगा ? और सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या राहुल गाँधी की इस यात्रा से विपक्षी एकता का कोई रास्ता खुलेगा ? इन सभी सवालों के जवाब अभी आपस में उलझे जरुर दिख रहे हैं लेकिन इन सवालों को उठाने वाले वर्ग राहुल गाँधी की यात्रा को सकारात्मक रूप से जरुर देख रहे हैं और यही इस भारत जोड़ो यात्रा की सफलता का प्रस्थान बिंदु भी हो सकता है ।

पहले भी राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी को इस प्रकार के सवालों का सामना करना पड़ता था लेकिन तब सवाल कांग्रेस की बिगड़ी हुई साख और गैर जिम्मेदारी से उपजी नकारात्मक निराशा हुआ करती थी ।लेकिन अब राहुल और कांग्रेस के सामने जो सवाल खड़े किये जा रहे हैं उसमें लोगों की उम्मीद और सकारात्मकता ज्यादा नजर आ रही है । भारत जोड़ो यात्रा को लेकर राहुल गाँधी और कांग्रेस ने शुरू से ही सफलतापूर्वक यह स्थापित कर दिया था कि यह कांग्रेस की नहीं बल्कि राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा है ।राहुल भी अनेक पड़ावों पर यह स्पष्ट करते नजर आते रहे हैं वह देश की जनता के साथ संवाद करके देश के प्रति अपनी समझ को और व्यापक करना चाहते हैं ।? निश्चित रूप से राहुल गाँधी को इस यात्रा में यह लाभ अवश्य मिला होगा ।

**पार्ट टाइम पॉलिटिशियन कहे जाने से लेकर राहुल गाँधी की राजनैतिक परिपक्वता पर भी लगातार सवाल उठाये जा रहे थे जिसके चलते राहुल गाँधी 2014 में भाजपा की गढ़ी गई 'पप्पू' वाली इमेज से मुक्त नहीं हो पा रहे थे ।**

वास्तव में इस यात्रा के शुरू होने के पहले कांग्रेस और राहुल गाँधी को भीतर और बाहर से लगातार चौतरफा हमलों का सामना करना पड़ रहा था। कांग्रेस के भीतर जमे जमाये लुटियन दिल्ली के मठाधीश लगातार यह साबित करने की कोशिश में लगे हुए थे कि उनके प्रति राहुल और कांग्रेस पार्टी की नजर अंदाजी के चलते पार्टी का इतना बुरा हाल है। पार्ट टाइम पॉलिटिशियन कहे जाने से लेकर राहुल गाँधी की राजनैतिक परिपक्वता पर भी लगातार सवाल उठाये जा रहे थे जिसके चलते राहुल गाँधी 2014 में भाजपा की गढ़ी गई 'पप्पू' वाली इमेज से मुक्त नहीं हो पा रहे थे ।

भारत जोड़ो यात्रा ने इन सभी मिथकों के एक झटके में तोड़ कर राहुल गाँधी को कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता के रूप में नहीं बल्कि विपक्षी एकता के केन्द्रीय नेतृत्व के रूप में स्थापित कर दिया है । अब राहुल पप्पू वाली छवि से मुक्त होकर एक राजनेता के रूप में स्वीकार किये जा चुके हैं। इस प्रकार से राहुल गाँधी ने कई सारे किलों पर अपनी लगभग चार हजार किलोमीटर लम्बी पदयात्रा से फतेह हासिल कर ली है।

अब यह सफलता कांग्रेस पार्टी के लिये कितनी फायदेमंद होगी, यह भविष्य के गर्भ में है। यह कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों के कौशल पर भी निर्भर करता है ।

'नफरत तोड़ो देश जोड़ो' के नारे से शुरू हुई राहुल गाँधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' किसी भी तरह से गाँधी जी की यात्रा से बिल्कुल अलग यात्रा थी जो बहुत ही रणनीति और समझदारी के साथ समाज के अलग अलग वर्गों को विशेषरूप से गैर कांग्रेसी वर्ग को कांग्रेस के पास लाने की कोशिश भी थी जिसमें राहुल गाँधी को काफी हद तक सफलता भी मिली है ।? अलग अलग क्षेत्रों की महत्वपूर्ण हस्तियों से लेकर सामाजिक आन्दोलनों के लोगों का यात्रा के अलग अलग पड़ावों में दिखना भारत जोड़ों यात्रा की रणनीतिक सफलता कही जा सकती है।

भारत जोड़ो यात्रा ने युवाओं के उस वर्ग को भी प्रभावित किया है जो एक बेहतर भविष्य की उम्मीद में उग्र सांप्रदायिक भावना से ग्रसित हो चुका था। 'भक्त' के रूप में परिवर्तित युवा को अब यह साफ समझ में आने लगा है कि महंगाई और बेरोजगारी उसके भविष्य को चौपट कर चुकी है लेकिन विकल्प के अभाव में वह कुंठित होकर हर उम्मीद छोड़ चुका था। भारत जोड़ो यात्रा ने युवाओं के इस वर्ग को व्यापक रूप से प्रभावित किया है। हालांकि युवाओं का यह वर्ग अभी भी मोदी से व्यापक रूप से प्रभावित है लेकिन अब विकल्प की तलाश में जरुर है।

देखना होगा कि राहुल गाँधी और कांग्रेस के रणनीतिकार युवाओं के इस वर्ग को किस तरह से प्रभावित करते हैं ।

हालांकि पूरी यात्रा के दौरान राहुल गाँधी का धार्मिक स्थलों में जा-जा कर पूजा अर्चना करना इस यात्रा को कभी-कभी बोझिल भी बना रहा था और लोगों के मन में एक संशय भी पैदा कर कर रहा था। यह भाजपा आरएसएस के पिच पर खेलने का प्रयास भी लग रहा था। अगर यहाँ भी राहुल विशेष धार्मिक स्थलों में पूजा अर्चना करने से बचते हुए 'सर्वधर्म समभाव' जैसी कोई कोशिश करते तो यह उग्र हिंदुत्व का एक बेहतर गाँधीवादी जवाब हो सकता था। यह 'नफरत तोड़ो भारत जोड़ो' की थीम में काफी बेहतर साबित हो सकता था। यह कोशिश गांधीवाद की वैचारिकी की नींव पर कांग्रेस की पिच बन सकती थी ।


अब जब भारत जोड़ो यात्रा का सफलता पूर्वक समापन हो चुका है तब सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह है कि क्या भारत जोड़ो यात्रा का लाभ क्या कांग्रेस पार्टी उठा पायेगी ? क्योंकि कांग्रेस पार्टी मूलरूप से एक मास बेस पार्टी है जिसका जनाधार तो है लेकिन उस जनाधार को अपने वोट बैंक में बदलने के लिये जिस संगठनिक ढांचे की आवश्यकता है क्या वह कांग्रेस पार्टी के पास है ? हालाँकि इधर के कुछ समय से कांग्रेस पार्टी ने इस दिशा में कुछ काम जरुर शुरू किया है लेकिन अभी उसकी क्या स्थिति है यह उस पर ही निर्भर करेगा।

भारत जोड़ो यात्रा से उपजी उर्जा और सम्भावना को समेटना ही कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी की राजनैतिक परीक्षा होंगी।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## मलेशिया की कविता : नन्ही चींटियां

मैं थोड़ा सा शहद गिराती हूं जमीन पर/ कुछ चींटियां आ जाती हैं
कुछ मिनट बीते/ तो और चींटियां इकट्ठा हो गईं
देखते देखते चींटियों का तांता लग गया/ वे लाइन लगा कर चली आ रही हैं।
मैं उन्हें निहारते हुए सोचती हूं/ कि कैसे बगैर पुकारे,कोई आवाज निकाले
वे अपने तमाम दोस्तों को इकट्ठा कर लेती हैं/ कि जल्दी जल्दी आओ
देखो यहां खाने को कुछ है/ मैंने किताबों में पढ़ा था/ कि जंतु आपस में खूब बोलते बतियाते हैं
यह सब तो मैंने अपनी आंखों देख लिया /और उनकी दक्षता पर मोहित हो गई
एक दिन मैंने एक चींटी को कहते सुनाः यह मत भूलना कि हम/इंसान नहीं महज जानवर हैं
जब हम एक दूसरे के /अगल बगल से गुजरते हैं/ आपस में बोल बतिया लेते हैं
पर हम किसी भी हाल में / झूठ नहीं बोल सकते/ इंसान की तरह हम चतुर सुजान नहीं है
खुदा की बनाई तमाम कायनात में/ इंसान ही इकलौता ऐसा जीव है
जिसके पास झूठे बोल बोलने / और उन्हें पूरी धरती पर फैला डालने की/ काबिलियत है।



**- जुरीनाह हसन**
**मलेशिया की पोएट लॉरियट**
**(मलय भाषा से कवि के किए अंग्रेजी अनुवाद पर आधारित प्रस्तुतिः यादवेन्द्र )**

### न्यायपालिका को काबू में करने के लिए इजरायल और भारत किस तरह एक दूसरे से सीख रहे हैं?

# तीसरे खंभे की आजादी अब खतरे में ?

जनाब नेतन्याहू, जो फिलवक्त.इजराइल के प्रधानमंत्री हैं, को अंततः आला अदालत के फैसले के आगे झुकना ही पड़ा। उन्हें अपने मंत्रिमंडल के दूसरे नंबर के सदस्य आरेय देरी को हटाना ही पड़ा। दरअसल इजराइल की आला अदालत ने पिछले दिनों नेतनयाहू सरकार के गठबंधन के प्रमुख सहयोगी 'शास पार्टी' के नेता आरेय देरी के कैबिनेट मंत्री बनाने के निर्णय को खारिज किया था, जो उनकी सरकार में गृहमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री जैसे दो महत्वपूर्ण पद संभाल रहे हैं, और जिन्हें बाद में वित्त मंत्रालय जैसा अहम जिम्मा भी दिया जाने वाला था।

सर्वोच्च न्यायालय ने 10 बनाम 1 अर्थात बहुमत के फैसले में यह कहा कि उनकी नियुक्ति अत्यधिक रूप में अतार्किक है क्योंकि वह न केवल आपराधिक मामलों में पहले दोषी साबित किए जा चुके हैं बल्कि वर्ष 2022 में भी टैक्स फ्रॉड के किसी मामले में उलझे हैं। गौरतलब है कि नेतन्याहू खुद इन दिनों घूसखोरी, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे आरोपों का सामना कर रहे हैं, और अदालत में उन पर मुकदमा भी चल रहा है। आरेय देरी हमेशा ही विवादों में रहते आए हैं। उन्हें घुसखोरी, धोखाधड़ी आदि के लिए वर्ष 1999 में तीन साल की सजा भी हुई है। बाद के दिनों में वर्ष 2021 में कर उल्लंघन से जुड़े कुछ नए मामले भी सामने आए तब उनकी तरफ से यही संकेत दिया गया कि वह अब नेसेट अर्थात इजराइल की संसद से इस्तीफा देंगे और भविष्य में कार्रवाई से बचेंगे, जिसे उन्होंने अंजाम नहीं दिया और दिसम्बर 2022 में नेतन्याहू की सरकार - जिसे अभी तक की 'सबसे दक्षिणपंथी सरकार' कहा जा रहा है, उसमें महत्वपूर्ण पदों को लेकर मंत्री भी बने, यह ऐसा कदम था जिसने इजराइल की सर्वोच्च न्यायालय के बहुमत ने उन्हें पद के लिए अयोग्य माना।

क्या यह कहा जा सकता है कि नेतन्याहू सरकार ने पिछले ही माह पदासीन होने के बाद अदालत के अधिकार को सीमित करने का जो ऐलान किया था उसका एक माकूल जवाब वहां की आला अदालत ने भी दिया है कि वह ऐसी किसी कोशिश का पुरजोर विरोध करेगी। वैसे वे सभी जिन्होंने इजराइल की हाल की सियासी हलचलों पर गौर किया होगा तो वह बता सकता है कि दिसम्बर माह में फिर एक बार नेतन्याहू के प्रधानमंत्री बनने में कामयाब होने के बाद से ही वहां जबरदस्त उथलपुथल जारी है। इस बात को लेकर जबरदस्त चिंता प्रगट की जा रही है कि सत्ता पाने के लिए किस किस किस्म के दक्षिणपंथियों से नेतन्याहू ने हाथ मिलाया है। खुद आरेय देरी, जिन्हें अपने पद से हटना पड़ा, खुद बेहद कट्टरपंथी धार्मिक यहुदी पार्टी के लीडर हैं जो न केवल फिलस्तिनियों के अधिकारों को अधिकाधिक सीमित किए जाने के तथा उनके इलाकों में यहूदी बस्तियों को बढ़ाते जाने के पक्षधर है बल्कि समलैंगिकों के अधिकारों के विरोधी रहे हैं। इस नयी सरकार को अंधराष्ट्रवादी और कट्टर दक्षिणपंथी सरकार कहा जा रहा है जिसमें बेहद नस्लवादी - इजराइल सिर्फ यहूदियों के लिए - और अरब विरोधी मंत्री भी शामिल हैं, जिनमें से कुछ सभी फिलस्तीनी बस्तियों को इजराइल में मिलाए जाने के पक्षधर हैं। अगर नेतन्याहू के न्याय मंत्री लेविन के प्रस्तावों पर संसद की सहमति मिल जाती है -- जिसके तहत सर्वोच्च न्यायालय के किसी भी निर्णय को संसद के अंदर महज बहुमत से खारिज किया जा सकता था - तो वहां का सुप्रीम कोर्ट सारतः कार्यपालिका की एक शाखा में तब्दील हो जाएगा। तय बात है इसका सबसे अधिक फायदा तुरंत खुद नेतन्याहू या उनके देरी जैसे पूर्वमंत्रियों को भी होगा क्योंकि वहीं अब अदालत के फैसले की चिंता किए बगैर मनमाने ढंग से अपना शासन जारी रख सकेंगे।

अर्थात 120 सदस्यों वाली वहां की संसद /नेसेट में नेतन्याहू के गठबंधन के 64 सदस्य अदालत के किसी भी फैसले को उलट देंगे, जो उन्हें असुविधाजनक जान पड़े। यह महत्वपूर्ण बात है कि इतिहास की 'सबसे अधिक दक्षिणपंथी सरकार' द्वारा न्यायालय के अधिकारों को सीमित करने की जो कोशिशें चल रही हैं, उसके खिलाफ तेल अवीव और अन्य प्रमुख शहरों में इसराइल की विपक्षी पार्टियों और नागरिक समाज की पहल पर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन लगातार जारी हैं। बीते शनिवार को तेलअवीव में हुए प्रदर्शनों में एक लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने कहा कि हम इसराइल के भविष्य के लिए लड़ रहे हैं। इन प्रस्तावों को लेकर इसराइल के विपक्षी नेता ने कहा कि यह सुधार समूची कानूनी व्यवस्था को खतरे में डाल देगा। इसके पहले भी विरोधों की आवाज लगातार बुलंद हो रही है।

## मीडिया

**सुभाष गाताडे**



वैसे शेष दुनिया में इसराइल के इस अंदरूनी घटनाक्रम को लेकर चिन्ता की लकीरें तेज हो रही है। अलबत्ता यह बात दावे के साथ कही जा सकती है कि दक्षिण एशिया के इस हिस्से में - जिसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के तौर पर हम नवाजते हैं, जहां नेतनयाहू के 'बेस्ट फ्रेंड' मोदी की हुकूमत है, वहां के सत्ताधारी तबकों में वहां के आगे के घटनाक्रम को -खासकर न्यायपालिका पर बंदिशें लगाने की कोशिशों को - बहुत उत्कंठा से देखा जा रहा है।

वजह साफ है कि इस 'मदर आफ आल डेमोक्रेसीज' में भी वही सिलसिला जारी है, अलबत्ता थोड़े अलग तरीके से। यहां न्यायपालिका पर कभी सीधे हमले करके, कभी अन्य तरीके से दबाव डाल कर वही कोशिशें चल रही हैं।

फिलवक्त.यह कहना मुश्किल है कि किस मुल्क ने किस मुल्क को प्रेरित किया ?

क्या 2014 में सत्तारोहण के बाद भारत में जनतांत्रिक संस्थाओं पर - फिर चाहे संसद हो या कार्यपालिका हो एक तरह से नकेल डालने की जो कोशिशें यहां तारी हैं, उससे नेतन्याहू ने प्रेरणा ग्रहण की है या नेतन्याहू के आक्रामक कदमों पर मोदी सरकार फिदा हो गयी है और उसी सिलसिले को दोहराना चाहती है।

वैसे मोदी के वजीरे आजम बनने के बाद से ही इसराइल के साथ भारत के संबंध अधिक गहरे हो चले हैं ।

याद कर सकते हैं कि इसी गहराते रिश्ते का प्रतिबिम्बन भारत में इसराइली दूतावास के प्रतिनिधि द्वारा जारी उस टिवट में मिल सकता था, जो उसकी तरफ से तीन साल पहले किया थाः 'ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे' इस ट्विट में तत्कालीन प्रधानमंत्री नेतन्याहू और मोदी की एक शार्ट क्लिप शेयर की गयी थी और पीछे शोले का गाना चल रहा था। मौका था अंतरराष्ट्रीय मैत्री दिवस का और नेतन्याहू अपने 'बेस्ट फ्रेंड' मोदी को पहले ही बधाई दे चुके थे और उसी अंदाज में मोदी ने भी जवाब दिया था।

अगर हम विगत कुछ सालों पर निगाह डालें तो यह देख सकते हैं कि मोदी और नेतन्याहू की इस दोस्ती का इतिहास ज्यादा पुराना नहीं है। नेतन्याहू - जो इसराइल के इतिहास के अब तक के सबसे अधिक समय तक रहनेवाले प्रधानमंत्री हैं - जो पहली दफा 1996 में इस पद पर बैठे थे / जो कार्यकाल 1999 तक चला था / जब राष्ट्रीय राजनीति में नरेंद्र मोदी कहीं भी नही थे, शायद वह भाजपा के कामकाज के लिए मददगार के तौर पर भेजे जाते संघ प्रचारक के तौर पर किसी राज्य का जिम्मा संभाल रहे थे और 2014 में ही प्रधानमंत्री बने थे।

यह अलग बात है कि मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत का रूझान इसराइल की तरफ अधिक बढ़ा दिखता है और नेहरू काल से चली आ रही फिलस्तिनियों के समर्थन की नीति लगातार हल्की होती जा रही है।

यह भी देखने में आ रहा है कि राज्य चलाने के चंद नुस्खे भी भारत इसरायल से हासिल कर रहा है।

इसराइली जासूसी साफ्टवेयर पेगासस - जो निशानदेही पर नागरिकों की निगरानी करता है - तथा जिसने पिछले कुछ समय से दुनिया में हंगामा मचा रखा है / जिसने दुनिया के तमाम मुल्को में जांच को भी जनम दिया है और वहां की सरकारों को एक तरह से शर्मिंदा भी होना पड़ा है/ वह इसराइल और भारत के ऐसे ही 'मधुर रिश्ते' के बीच खरीदा गया था, जब वहां नेतन्याहू प्रधानमंत्री थे।

अभी पिछले ही साल 'तुरंत न्याय' दिलाने के नाम पर बुलडोजर का इस्तेमाल भाजपाशासित सूबों में तेजी से शुरू हुआ, जिस रणनीति पर इसराइल की हुकूमत लंबे समय से काम करती रही है जिसके तहत लोगों को गैरकानूनी ढंग से सामूहिक सजा दी जाती है। अगर आप किसी अभियुक्त का मकान गिराने जाए - बिना अदालत द्वारा उसके मामले पर कोई सुनवाई किए हुए - तो उसके साथ मकान में उसके साथ रहने वाले तमाम लोग भी दंड का भागी बन जाते हैं। उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ यह सिलसिला मध्यप्रदेश, गुजरात और बाद में असम तथा कर्नाटक में भी पहुंचा है, जहां सामाजिक एवं धार्मिक अल्पसंख्यकों के मकानों को गिराने के पीछे 'गैरकानूनी अतिक्रमण' का आसान तर्क परोसा जा रहा है।

कोई सवाल नहीं, अदालती कार्रवाइयों की समाप्ति का कोई इंतजार नहीं, कानूनी दांवपेंच की कोई जगह नहीं।

वैसे यह महज संयोग नहीं है कि इसराइल और भारत एक साथ ही न्यायपालिका पर अंकुश लगाने में मुब्तिला है, नेतन्याहू बाकायदा बिल लाकर इसे करना चाहते हैं तो मोदी सरकार विभिन्न तरीकों से आजमा रही है।

भारत सरकार की फिलवक्त.कोशिश जजों की नियुक्ति के मामले में अपना औपचारिक दखल कायम करना चाहती है, तथा उसे इस बात की कोई चिंता नही कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर किस तरह का यह आघात होगा।

अभी तक न्यायपालिका में जजों के चयन का जिम्मा सिर्फ कॉलेजियम के हाथों होता है, जो न्यायाधीशों का ही एक पैनल होता है। इस कॉलेजियम में ही निचली अदालतों के न्यायाधीशों को प्रमोट करने या अग्रणी कानूनविदों को न्यायाधीश बनाने का प्रस्ताव तैयार होता है, जो केन्द्र सरकार को भेजा जाता है। अगर केन्द्र सरकार किसी पूर्वाग्रह के चलते इस चयन पर सवाल उठाती है तो ऐसा नहीं कि वह नियुक्ति रूक जाती है, कॉलेजियम चाहे तो उसे फिर लौटा सकती है और फिर केन्द्र सरकार को नियुक्ति करनी ही होती है।

हम यह देख सकते हैं कि केन्द्र सरकार की तरफ से न्यायपालिका की इस प्रणाली को कमजोर करने तथा अपने नुमाइंदों को वहा बिठाने के लिए ढेर सारी कसरत की जा ही है। कानून मंत्री किरण रिजजू ने तो बाकायदा सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश को पत्र लिखा कि न्यायाधीशों के चयन की सिलेक्शन कमेटी में सरकारी प्रतिनिधि भी रहना चाहिए इतनाही नहीं उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने जयपुर में एक व्याख्यान में न केवल संविधान के बुनियादी ढांचे पर सवाल उठाए बल्कि जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। अभी ताजा बयान में दिल्ली बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोलते हुए किरण रिजिजू ने 'न्यायाधीशों' को चुनाव नहीं लड़ने पड़ते, इस बात पर जोर देते हुए उनके चयन में सरकार की दखलंदाजी की अलग ढंग से हिमायत की।

वैसे न्यायपालिका पर अपना वर्चस्व पूरी तरह कायम करने के पीछे की सरकार की बदहवासी समझ में आती है। 2019 के चुनावों के पहले सर्वोच्च न्यायालय में - जब रंजन गोगोई प्रमुख थे, जो सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद राज्यसभा के सांसद भी बनाए गए, जिन्होंने सरकार के लिए असुविधाजनक लगनेवाले तमाम मुद्दों को कभी छुआ नहीं - केन्द्र सरकार के लिए यह स्पष्ट था कि लोकतंत्र के इस तीसरे खंभे से उसके लिए किसी भी किस्म की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा, अब स्थितियां बदली हैं। 2024 में लोकसभा के चुनाव होने हैं, 2023 में कई राज्यों के भी चुनाव हैं, तथा भारत जोड़ो यात्रा आदि मुहिमों से तथा सरकार की अपनी नाकामियों से उसे अपनी जीत सुनिश्चित नहीं दिखती ; इसलिए वह न्यायपालिका को पूरी तरह अपने पक्ष में करना चाहती है।

लोकतंत्र के दो अहम खंभों पर - विधायिका और कार्यपालिका पर उसका नियंत्रण कायम हो चुका है और लोकतंत्र का चौथा खंभा लोकप्रिय भाषा में मुख्यधारा का मीडिया गोदी मीडिया में रूपांतरित हो चुका है। और बचा है तीसरा खंभा न्यायपालिका का।

सरकार जानती है कि संविधान को पूरी तरह कमजोर करने और हिन्दु राष्ट्र की बढ़ने के उसके इरादे में न्यायपालिका कभी भी बाधा बन सकती है। उस पर अपना वर्चस्व कायम किए बिना इसे अंजाम नहीं दिया जा सकता। सर्वोच्च न्यायालय ही संविधान का असली संरक्षक है, जिसकाा प्रमुख काम संविधान के कानूनों के तहत नागरिकों को प्रदत्त बुनियादी अधिकारों पर हमले न हो, उनमें कटौती न हो और केन्द्र में सत्तासीन सरकार जो खुद नागरिकों को धर्म के आधार पर बांटने की जुगत भिड़ा रही है, उसके लिए यह तमाम बातें प्रतिकूल हैं।

फिलवक्त.यह बात भले इतिहास हो चुकी है कि किस तरह भाजपा के पूर्ववर्ती लोगों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिन्दु महासभा जैसी तंजीमों ने न केवल संविधान बनाने का विरोध किया था बल्कि भारत के इतिहास में पहली दफा स्त्रियों को - खासकर हिन्दू स्त्रियों को सीमित अधिकार देने की कोशिश में प्रस्तुत हिन्दू कोड बिल का भी विरोध किया था।

अपने ताजा कदम के जरिए जिसका तााल्लुक घोषित रूप में समलैंगिक सौरभ कृपाल जैसे व्यक्ति को उच्च न्यायालय में नियुक्त करने के प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लगा कर - जिसे लेकर केन्द्र सरकार ने लंबे समय से अडंगा लगाया था - सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से यह स्पष्ट किया है कि सरकार द्वारा न्यायपालिका पर अंकुश लगाने की कोशिशों पर वह भी चुप नहीं बैठेगी। पिछले दिनो मुंबई में अपने नानी पालखीवाला व्याख्यान में मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड ने संविधान का बुनियादी ढांचा / जिस पर उपराष्टपति धनकड़ ने हमला किया थ्ज्ञा / किस तरह हमारे लिए ध्रुव तारा है, यह बात करते हुए अपने रूख को साफ किया है।

न्यायपालिका की स्वायत्तता बनाए रखने और कार्यपालिका के मनमानी दखल से उसे दूर रखने का यह संघर्ष एक लंबा संघर्ष है और फिलवक्त इस बात का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि दोनों मुल्कों में इसका क्या नतीजा निकलेगा।

वैसे नतीजा चाहे जो भी निकले लेकिन इसने दोनों मुल्कों की जनता के बीच के फर्क को अचानक रेखांकित किया है। एक तरफ जहां इस्त्राएल के नागरिक लोकतंत्रा को बचाने के लिए, न्यायपालिका के तीसरे खंभे की हिमायत के लिए लाखों की तादाद में सड़कों उतर रहे हैं, वहीं भारत की जनता मोदी सरकार की इन नापाक कोशिशों के बारे में खतरे को जानते हुए भी अभी भी इस मसले पर सड़कों पर नहीं है।यह चुप्पी कब तक बनी रहेगी, यह अहम सवाल है।

**( लेखक सोशल एक्टिविस्ट और स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं,)**

# महात्मा फुले : एक युयुत्सु महानायक

यूं तो वह उपेक्षित-तिरस्कृत और अंत्यज समाज में जनमे थे, अलबत्ता उन्होंने अपने क्रांतिकारी आचार-विचार से 'महात्मा' की उपाधि पाई। सड़ी-गली मान्यताओं, अंधविश्वासों और लांछनों को नतशिर होकर स्वीकार करने के विपरीत वह असमानता, शोषण और प्रताड़ना के खिलाफ जूझते रहे। उन्होंने अपने जीवन को अकारण नहीं जाने दिया। उन्होंने सुधार और परिवर्तन की साहसिक शुरूआत अपने घर से की और पत्नी को लिखना-पढ़ना सिखाया। उन्होंने पहली कन्या पाठशाला खोली। अस्पृश्यता के विरुद्ध मुहिम छेड़ी और पुरोहितों तथा पाखंड़ियों से लोहा लिया। उन्होंने शब्दों को हथियार बनाया और विद्रोह का शंखनाद किया।

अंत्यजों को पहलेपहल दलित की संज्ञा देने और शूद्रों के उत्थान के लिए प्राणपण से संघर्षशील इस योद्धा का नाम था ज्योतिराव गोविंदराव फुले यानी ज्योतिबा फुले। उनका जन्म 11 अप्रैल, सन् 1827 को बाम्बे प्रेसीडेंसी में पेशवाओं की नगरी पुणे में हुआ था। शूद्रों में परिगणित माली समाज में जन्म लेने के कारण वह शूद्रों की पीड़ा और मनोभावों से बखूबी परिचित थे। माली समुदाय परंपरागत तौर पर फूलों और तरकारियों को उगाने के व्यवसाय से जुड़ा हुआ था। ज्योतिबा के पुरखों के पुणे आने का वृत्तांत बड़ा रोचक है। उनके पूर्वज सातारा के समीप काटगन गांव में रहते थे। उनका कुलनाम था गोढ़े। ज्योतिबा के प्रपितामह जो गांव में छोटे दर्जे के ओहदेदार (चौघुला) थे, आजीविका के फेर में पुणे में खानवाड़ी चले आये थे। वहां उन्होंने फूलों के एख व्यवसायी की शरण ली, जिसने उन्हें कारोबार के गुर सिखाये। नये व्यवसाय ने परिवार को नया कुल नाम दिया फुले। देखते-देखते फुले-परिवार फूलों से मालाएं, गजरे, चटाइयां, आभूषण और सजावटी कलाकृतियां बनाने में इतना दक्ष हो गया कि उसकी ख्याति पेशवा तक पहुंची। फूलों के हुनर ने पेशवा का दिल जीत लिया। शाही प्रसंगों और रीति रिवाज में फुले परिवार की पूथ-परख होने लगी। पेशवा बाजीराव द्वितीय ने बतौर ईनाम फुले परिवार को 35 एकड़ जमीन बिना कर के अता की। बड़े भाई ने संपत्ति की देखभाल की जिम्मेदारी संभाली और फूलों की खेती और व्यवसाय का दायित्व छोटे भाई गोविंदराव के कांधे पड़ा। इन्हीं गोविंदराव ने चिमनाबाई से शादी की। चिमनाबाई ने दो संतानों को जन्म दिया। इनमें छोटे थे ज्योति, जिन्होंने 19वीं शती के उत्तरार्द्ध में अपने साहसिक नवाचार से बड़ा नाम कमाया।

## स्मरण

**डॉ. सुधीर सक्सेना**



माली-परिवार ने बतौर फुले परिवार पुणे में धन और प्रतिष्ठा तो अर्जित की, किन्तु शिक्षा से अब तक उसका वास्ता न था। बालक ज्योति भी दाखिले के बावजूद ज्यादा दिन स्कूल नहीं जा सके। उन्हें खेत और दुकान से जुड़ना पड़ा। दैवयोग से एक माली सज्जन ने गोविंदराव से गुजारिश की कि ज्योति को पढ़ने से न रोकें। फलतः वह पुनः स्कूल में प्रविष्ट हुए और उन्होंने सन् 1847 में स्थानीय स्काटिश मिशन हाईस्कूल से अंग्रेजी की शिक्षा पूरी की। गौर करें कि ज्योति की उम्र तब 20 साल हो चुकी थी। जैसा कि तब रिवाज था, तेरह साल की उम्र में उनकी शादी सावित्री नामक सजातीय कन्या से कर दी गयी, जिससे उन्हें एख संतान की प्राप्ति हुई।

ज्योतिबा के जीवन में निर्णायक मोड़ सन् 1848 में तब आया, जब वह अपने एक ब्राह्मण मित्र के विवाह में शरीक हुए। ब्राह्मण मित्र के पिता ने ज्योतिबा को उसकी जाति की याद दिलाते हुए सरेआम बुरी तरह फटकारा। इस घटना ने उन्हें घृणित जातिप्रथा के दंश का एहसास तो कराया ही, उनके जीवन की दिशा याकि कहें उनके क्रांतिकारी मिशन का स्वरूप तय कर दिया। लाख बाधाएं आईं, लेकिन वह अपने पथ से विचलित न हुए और अंततोगत्वा समाज-सुधार के नभोमंडल में ध्रुवतारे-सा प्रतिष्ठित हो गये।

सन् 1848 का ही वाकया है। इसी साल ज्योतिबा को अहमदनगर में एक कन्याशाला में जाने का मौका मिला। यह पाठशआला ईसाई मिशनरियों से परिचलित थी। घटनाएं अफना प्रभाव छोड़ रही थीं। इसी साल ज्योतिबा के हाथ एक किताब लगी। 'राइट्स ऑफ मैन'। लेखक थॉमस पेन। थॉमस पेन अमेरिकी युद्ध में कांग्रेस के विदेशी मामलों का सचिव था। सन् 1791 में प्रकाशित इस किताब ने ज्योतिबा पर अमिट प्रभाव छोड़ा और उनके मन में सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष की लौ जला दी।


नवाचार की आधारशिला रंग लाई। ज्योतिबा तालीम की अहमियत जान गये थे। जान गये थे कि अज्ञान ही दासता है। सबसे पहले उन्होंने अपनी जीवनसंगिनी सावित्री को लिखना-पढ़ना सिखाया। फुले युगल ने सन् 48 में ही पुणे में कन्याओं के लिए पहली स्वदेशी पाठशाला खोल दी। ज्योतिबा ने अपनी मौसेरी बहन सगुनाबाई क्षीरसागर को भी मराठी लिखना सिखा दिया। पुणे के उच्च जातियों ने इसे पसंद नहीं किया और अड़चने डालीं, लेकिन प्रगतिशील भारतीयों और योरोपियों ने फुले-दंपत्ति का साथ दिया। हालात ऐसे बने कि फुले परिवार ने सावित्री - ज्योतिबा को घर से निष्कासित कर दिया। ऐसे में उनके मित्र उस्मान शेख ने उन्हें शरण दी और उन्हीं के अहाते में फुले का स्कूल भी खुला। उस्मान और उसकी बहन फातिमा शेख का साथ और योगदान रंग लाया। फुले दंपत्ति ने महार बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल खोला। सन् 1852 तक पुणे में फुले-दंपत्ति के तीन स्कूल खुल चूके थे और वहां 273 लड़कियां तालीम पा रही थी। दुर्योग से सन् 1858 आते न आते सभी शालाएं बंद हो गयीं। इसका बड़ा कारण एक तो यह था कि सन् 1857 की क्रांति के फलस्वरूप योरोपियों से वित्तीय सहायता बंद हो गई थी। सरकारी इमदाद भी रूक गयी थी और तीसरा कारण कि पाठ्यक्रम पर मतभेदों के चलते ज्योतिबा ने स्कूलों के प्रबंधन से राजीनामा (इस्तीफा) दे दिया था। यह वह काल था, जब अंचल अपनाना सहने को बाध्य थे। उन्हें कमर से झाडू बांधकर चलना पड़ता था। उनकी बेटियां-बहनें जलसों में निर्वस्त्र नाचने को बाध्य थीं। विधवाओं को सिर मुड़ाकर रहना पड़ता था और उन्हें मांगलिक कार्यों से दूर रहना पड़ता था। बाल विवाह जोरों पर था। पुणे में विश्रामबाग वाड़ा में कन्या शाला खोलने के उपरांत ज्योतिबा ने अनेक कदम उठाये। उन्होंने विधवाओं के पुनर्विवाह की हिमायत की। सन् 1863 में उन्होंने विधवा महिलाओं की प्रसूति के लिए केन्द्र खोला। नवजात-मृत्यु की रोकथाम के लिए उन्होंने अनाथालय की स्थापना की। इसके पीछे काशीबाई नामक विधवा ब्राह्मणी की अपने संतान की हत्या और उसे दंड़ित किए जाने के मार्मिक प्रसंग का हाथ था। ज्योतिबा ने अपने घनिष्ट मित्र सदाशिव गोवंडे और पत्नी सावित्री के सहयोग से प्रसुति केन्द्र खोलकर साहसिक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी ओर से पुणे में दीवारों पर पर्चे चिपकाये गये, जिसमें लोगों से हृदयस्पर्शी अपील थी। यह केन्द्र नवें दशक के मध्य तक जीवित रहा। शोषित, वंचित जनों के लिए उन्होंने अपने घर के द्वार खोल दिये। अस्पृश्य जन वहां आकर उनके कुयें से निस्संकोच पानी पानी भर सकते थे। ज्योतिबा वर्ण-व्यवस्था या जातिप्रथा के घोर विरोधी थे। उनकी मान्यता थी कि बाहर से आये आक्रामक आर्यों ने स्थानीय समुदाय पर पाबंदियां और वर्जनाएं लाद दीं। अपनी बहुचर्चित कृति 'गुलामगिरी' में उन्होंने ईसाई मिशनरियों और ब्रिटिश उपनिवेशवादियों के प्रति इस नाते कृतज्ञता ज्ञापित की कि उनके कारण शेषित जातियों को एहसास हुआ कि वे भी मानवीय अधिकारों की पात्रता रखते हैं। उनके मुताबिक विष्णु के अवतार आर्यों की विजय गाथा के प्रतीक है। राजो बालि उनके तईं नायक था। उन्होंने वेदों के विरुद्ध भी मत व्यक्त किया। शूद्रों के लिए दलित संज्ञा का उफयोग करने का श्रेय ज्योतिबा को जाता है।

सन् 1882 में एख शैक्षिक आयोग के सम्मुख गवाही में ज्योतिबा ने शओषितों के बच्चों के लिए शिक्षा में मदद की गुहार की और कहा कि हाईस्कूलों और कॉलेजों में इन बच्चों को 'प्रोत्साहन' दिया जाना चाहिए। उन्होंने गांवों में प्राथमिक शिक्षा की अनिवार्यता की भी मांग की। जातीय समानता, दलित उत्थान, अंधविश्वास और भेदभाव उन्मूलन और खुशहाली के लिए उन्होंने सितंबर, सन् 1874 को सत्यशओधक समाज की स्थापना की। उन्होंने पुरोहितों के खिलाफ निर्भीकतापूर्वक आवाज उठाई। पुणे से प्रकाशित मराठी पत्र 'दीनबंधु' समाज का प्रवक्ता बनकर उभरा। अनेक ब्राह्मण, मुसलमान और सरकारी अफसर समाज के सदस्य बने।

ज्योतिबा फुले ने अपने जीवन में व्यापारी, कृषक और ठेकेदारी की भूमिका भी निभाई। मूला-मूठा नदी पर बांध, कूटराज टनल और यरवदा जेल के निर्माण में उनकी दिलचस्प भूमिकाएं रहीं। सन् 1873-86 में वह पुणे म्यूनिस्पैल्टी के मनोनीत कमिश्नर रहे। उनके अभंग तथा अनेक गद्य कृतियां हमारी थाती हैं। 11 मई सन् 1888 को बंबई के ख्यातनाम सुधारक विठ्ठलराव कृष्णाजी वाडेकर ने उन्हें 'महात्मा' की उपाधि से विभूषित किया। उनकी अनेक जीवनियां लिखी गईं। धनंजय कीर ने उन्हें 'फादर ऑफ सोशल रिवल्यूशन' कहकर पुकारा। डॉ. बीआर अंबेडकर ने उन्हें अपना गुरू माना। उनका देहांत 28 नवंबर, सन् 1890 को पुणे में हुआ। देश में अनेक स्थानों पर उनकी प्रतिमाएं हैं और अनेक संस्थानों का नामकरण उनके नाम पर हुआ। उन पर फिल्म भी बनी। भारत में समाज-सुधार की गाथा महात्मा फुले के जिक्र के बगैर अधूरी है।

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं, संपर्क 97111 23909)**

## व्यंग्य



# वसंत के नाम वारंट!

**अरविंद तिवारी**

जब कभी जनवरी में वसंत आया है,उसे आउटर पर ही रोक दिया गया है।सिग्नल इसलिए नहीं मिला,क्योंकि प्लेटफॉर्म पर शीतलहर एक्सप्रेस खड़ी थी।रिलवे का पूरा सिस्टम उस एक्सप्रेस गाड़ी को तवज्जो दे रहा था।ऐसे में जब सूचना मिली कि वसंत पंचमी एक्सप्रेस आउटर पर खड़ी है,तो कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।पूरा सिस्टम शीतलहर एक्सप्रेस को चाय कॉफी सर्व करता रहा।वसंत हैरान था क्योंकि वह निर्धारित समय पर आया था।स्टेशन पर शीतलहर एक्सप्रेस की गहमागहमी थी।वसंत आउटर पर अपनी ट्रेन से उतर कर फरार हो गया!

मैदानों में बरसात और पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही थी,फिर भी सरसों के फूल गांव गांव सौंदर्य प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहे थे,जैसे रविवार को राष्ट्रीय पर्व मनाया जा रहा हो!कोयल आम के पेड़ पर पुलकित होकर ऐसे गा रही थी,जैसे उसे किसी बड़े सियासी दल का प्रवक्ता पद हासिल हो गया हो।ऐसे संक्रमण काल में एक थानेदार प्रमोशन पाकर इंस्पेक्टर बन गया।पुलिस वालों के बारे में कुछ हास्य कवि कहते हैं कि उनका जब प्रमोशन होता है तो उनके द्वार वसंत दस्तक देने लगता है।इस बार यह उक्ति चरितार्थ नहीं हुई।गणतंत्र दिवस के दिन वसंत को आना था,पर बारिश आई।

हाल ही में प्रमोट हुए पुलिस इंस्पेक्टर की पत्नी साहित्य में दखल रखती थी।सैंया भए कोतवाल तो डर काहे का!वह वसंत देखना चाहती थी।उसकी एक ही फरमाइश थी,₹मुझे वसंत चाहिए₹।प्रमोट हुए पुलिस इंस्पेक्टर का साहित्य से उतना ही लेना देना था,जितना हिंदी के लाफ्टर टाईप के हास्य कवियों का हिंदी साहित्य से होता है।पत्नी की जिद और अपने नए कार्यभार से त्रस्त होकर, उसने अपने मातहत पुलिस कर्मियों को हुक्म दिया,वसंत जहां कहीं भी,जिस हाल में हो,तुरंत हाज़िर किया जाय।किसी नेता के कुत्ते या अन्य पशुओं की गुमशुदी का मामला होता,तो पुलिस तुरंत हाज़िर कर देती।पर मामला वसंत का था,जिसकी मुकम्मल पहचान पुलिस कर्मियों के पास नहीं थी।

पूरी कोतवाली का खाना पीना हराम हो गया।पीने के बारे में गारंटी से नहीं कह सकते थे कि क्या हुआ,पर वसंत को फरार घोषित कर दिया गया।इंटरपोल को सूचना दे दी गई,यदि वसंत किसी दूसरे देश में पाया जाए,तो इस कोतवाली के सुपुर्द कर दिया जाए!एक दिन कोतवाली को गोपनीय सूचना मिली कि शहर का लोकल हिंदी कवि उस बाग का पता जानता है,जिसमें वसंत छुपा है।लोकल कवि के पड़ोसियों ने बताया कि यह कवि 'बाग में बगरयो वसंत है' बार बार गाता रहता है।पुलिस ने लोकल कवि के घर दबिश दे दी।वह लोकल कवि थर थर कांप उठा!उसने साफ साफ कह दिया कि वह किसी वसंत का पता नहीं जानता।इस बार ठंड ने वसंत को आने ही नहीं दिया।जहां तक ₹बाग में बगरयो वसंत₹ वाली पंक्ति की बात है,तो यह पंक्ति उस कवि ने किसी रीतिकालीन कवि की चुराई है।पुलिस खुश हुई,चलो वसंत न सही,एक चोर तो पकड़ में आ गया!पुलिस ने कवि को हवालात में बंद कर दिया और शहर के सभी बाग बगीचे देख डाले।इंस्पेक्टर ने चूंकि थोड़ी बहुत हिंदी कविता पढ़ रखी थी,इसलिए कवि को रिहा कर दिया गया।

जब वसंत पंचमी को बीते हुए कई दिन बीत गए, तो उस इंस्पेक्टर ने भारी मन से अपनी पत्नी को सूचित किया,वसंत का कहीं पता नहीं चल रहा है।इंस्पेक्टर को आशंका थी,पत्नी कलह करेगी।पर उसकी पत्नी ने मुस्कराकर कहा, 'वसंत आ गया है। आते ही एक विवादित फिल्म देखने बैठ गया।वहां से निकला तो किसी नए देवधाम की छटा देखने चला गया है।' इंस्पेक्टर की पत्नी का दावा है,वसंत को वे लोग ही पहचान सकते हैं,जो प्रकृति के बेहद नजदीक हैं।पर्यावरण के दुश्मनों को यह वसंत दिखाई नहीं दे सकता।इंस्पेक्टर सोचने लगा,कहीं मैं भी पर्यावरण का दुश्मन तो नहीं हूं?

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# पात्र लाभार्थियों का बनाया जाय गोल्डेन कार्ड : मण्डलायुक्त

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने कहा है कि प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना-आयुष्मान भारत योजना जो सरकार द्वारा वित्त-पोषित विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा, आश्वासन योजना है। मण्डल के सभी पात्र लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड उपलब्ध कराकर शत प्रतिशत संतृप्त किया जाय। उन्होंने इस सम्बन्ध में अपर निदेशक, स्वास्थ्य एवं तीनों जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य की प्राप्ति हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ ही अन्य विभागों का सहयोग लिया जाय।

मण्डलायुक्त श्री चौहान द्वारा गत दिवस मण्डलीय समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर निदेशक, स्वास्थ्य डा. ओपी तिवारी द्वारा

**बैठक**

**लाभार्थियों को करें जागरूक**

**गोल्डेन कार्ड बनाने और निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध करने में लायें तेजी**

आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं तथा मण्डल के जनपदों में योजना की प्रगति के सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये विवरण की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना में देश के किसी भी सरकारी व सूचीबद्ध प्राइवेट अस्पतालों में स्वास्थ्य उपचार के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक की धनराशि प्रतिवर्ष उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक लाभार्थी को अस्पताल में भर्ती होने से तीन दिन पहले और 15 दिन बाद तक का उपचार, जॉच एवं दवाइयॉ आदि मुफ्त उपलब्ध होती हैं तथा लाभार्थी इसका लाभ पूरे देश में किसी भी सरकारी अस्पताल अथवा किसी भी सूचीबद्ध निजी अस्पताल से ले सकता है। इसके साथ ही इस योजना में लगभग 1670 प्रक्रियायें और पैकेज शामिल हैं। इस योजना में गंभीर बीमारियों का इलाज के साथ ही डायलिसिस, डबल वाल्व रिप्लेसमेन्ट, बाइपास सर्जरी, एनजीओ प्लास्टी आदि की सुविधा भी मुफ्त प्रदान की जाती है।

मण्डलायुक्त श्री चौहान ने कहा कि इस योजना में इतनी सारी सुविधायें उपलब्ध होने के बावजूद जनपद आजमगढ़ में कुल 462286, मऊ में 314869 एवं बलिया में 451912 गोल्डेन कार्ड बनाये जा सके हैं, जिसके सापेक्ष इस वर्ष आजमगढ़ में 9466, मऊ में 7383 एवं बलिया में 5424 लाभार्थी उपचारित हुए हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि आमजन को योजना के सम्बन्ध में पूरी जानकारी नहीं है। मण्डल में गोल्डेन कार्ड बनाने हेतु माह अक्टूबर से अभियान प्रारम्भ किया गया है।

इस सम्बन्ध में अपर निदेशक, स्वास्थ्य ने इस अवधि में बने गोल्डेन कार्ड का विवरण देते हुए बताया कि माह अक्टूबर में आजमगढ़ में 6664, मऊ में 88916, बलिया में 7734, नवम्बर में आजमगढ़ में 66324, मऊ में 27372, बलिया में 35623 बने हैं, जबकि दिसम्बर में आजमगढ़ में 111686, मऊ में 89254 एवं बलिया में 35330 कार्ड बनाये गये हैं, जिसमें आशाओं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं पंचायत सहायकों का सराहनीय योगदान रहा है।

# स्वच्छ पेयजल को तरस रहे ग्रामीण

## ओरिल में जलापूर्ति दो वर्षों से बंद

**जनसंदेश न्यूज**

**पवई (आजमगढ़)।** अहरौला विकास खंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत ओरिल में जलापूर्ति के लिए लगाए गए पाइप खराब होने के कारण दो वर्षो से हर घर नल से जल नही पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से किया पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।


ओरिल गांव में जलापूर्ति के लिए बना टैंक

प्रदेश सरकार द्वारा करोड़ों के बजट से अहरौला ब्लाक की सबसे बड़ी इस ग्राम पंचायत के बड़ी टंकी का निर्माण और पूरे ग्राम पंचायत में पेय जल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन बिछाई गई थी। योजना के ग्राम सभा को हस्तानांतरण के बाद कुछ दिन घरों को जलापूर्ति की गई फिर वह जगह जगह पाइप के टूट जाने से बंद हो गई। नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं कराया गया और खराब पाइप लगा दी गई। भाजपा के मैगना मंडल अध्यक्ष सूरज कुमार अग्रहरी ने कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को ज्ञापन देकर खराब पाइप को बदलवाने के साथ ही जलापूर्ति को निर्बाध ढंग से शुरू कराने की अपील किया है।

## संक्षेप

### शिक्षा प्रेरकों ने उठायी कार्यों के सत्यापन की मांग



**आजमगढ़।** साक्षरता कल्याण समिति ने साक्षर भारत योजना अंतर्गत कार्यरत शिक्षा प्रेरकों के कार्यों के सत्यापन के संबंध में जिलाधिकारी को पत्रक सौंप कर कार्यवाही की मांग की। जिलाधिकारी को सौंपे गये पत्रक में शिक्षा प्रेरकों ने बताया कि हमारे कार्यों के सत्यापन के संबंध में निदेशालय द्वारा बीते तीन अक्टूबर को पत्र जारी हुआ। हम सभी शिक्षा प्रेरकों ने बीएसए कार्यालय पर ज्ञापन के माध्यम से कई बार अवगत कराया परंतु अभी तक किसी भी ब्लाक पर सत्यापन का कार्य पूरा नहीं किया गया जिससे शिक्षा प्रेरकों का बकाया मानदेय पांच वर्षों से शासन स्तर पर लम्बित पड़ा है। वेतन न मिलने से शिक्षा प्रेरक भुखमरी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दस दिन में शिक्षा प्रेरकों के कार्यों का सत्यापन नहीं हुआ तो शिक्षा प्रेरक संघ बीएसए कार्यालय का घेराव करने को बाध्य होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर राधेश्याम सरोज, प्रदीप कुमार, सुजीत सिंह, राम सेवक सिंह, अमर कुमार गोंड़, ज्ञानती भारती, बबिता यादव, सावित्री विश्वकर्मा, सुमित्रा सरोज यादव आदि मौजूद रहीं।

### विहिप का जिलाध्यक्ष बनने पर जयशंकर सिंह का हुआ स्वागत



**लालगंज आजमगढ़।** गोरक्ष प्रांत देवरिया जिले में हुए अधिवेशन में जनपद के उमेश सिंह उर्फ जयशंकर सिंह को विश्व हिन्दू परिषद लालगंज का जिलाध्यक्ष व नागेन्द्र सिंह को प्रान्तीय संगठन मंत्री घोषित किया गया। विश्व हिन्दू परिषद लालगंज का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह रहा पूर्व प्रधान संजय सिंह के नेतृत्व में जयशंकर सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए जयशंकर सिंह ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन ने दिया है उस जिम्मेदारी को पालन करुंगा। हिन्दू समाज के निचले तबके के लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करुगा। जिससे ि कवे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। इस अवसर पर अभिजीत सिंह, अभिनव सिंह, मोनू सिंह, भानूप्रताप सिंह, प्रभाकर सिंह, मनोज सिंह, नरेश तिवारी, कृष्ण माथुर, फौजदार राजभर, रामप्यारे यादव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त जिला पंचायत राज अधिकारी को किया गया सम्मानित



**आजमगढ़।** पंचायत राज सेवा परिषद के तत्वाधान में जिल पंचायत राज अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तसव के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पूर्व में सेवानिवृत्त हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सुबास पाण्डेय, लालजी राय, लालजी सिंह, अखिलेश राय, रवीन्द्र नाथ पाठक, बाढ़ूराम यादव, मुन्नीलाल चैहान, रामप्रसाद यादव को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला, संजीव कुमार, संजय सिंह जिला विकास अधिकारी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी दर्वे, गिरीश चतुर्वेदी पूर्व अध्यक्ष कर्मचारी महासंघ आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष अमरजीत सिंह, एवं संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रान्तीय महामंत्री शान्तिशरण सिंह ने किया। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद राय, जिलामंत्री अनिल कुमार, सफाई कर्मी संघ अध्यक्ष सीपी यादव, महामंत्री ओंकार नाथ, नवीन चतुर्वेदी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### चड़ई में कुश्ती प्रतियोगिता आज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के चडई स्थित अखाड़े पर बुद्ववार को जयबजरंग अखाड़ा द्वारा कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है दंगल प्रतियोगिता में पूर्वांचल के कई जनपदों के पहलवान प्रतिभाग करेगें। राम अवध यादव, अमरजीत यादव ने बताया कि सुबह से देर शाम तक दंगल प्रतियोगिता चलेगी। उन्होने बताया कि प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त पहलवानों को पुरस्कृत किया गया जायेगा बाकी सभी पहलवानों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा।

### कृष्ण की भक्ति से सुधरता है दोनो लोक

**लालगंज (आजमगढ़)।** लहुवां कला में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा से आये मुख्य भागवत कथाकार सुब्रत ब्रह्मचारी तथा हरिओम ब्रह्मचारी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की भक्ति से मनुष्य का इह लोक तथा पर लोग दोनों सुधरता है। कथा वाचक ने कहा कि भगवान को समर्पित करके किया गया कार्य कभीं भी व्यर्थ नहीं जाता। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिया गया गीता का उपदेश विश्व की सर्वश्रेष्ठ धरोहर है। भागवत कथा के आयोजन कर्ता फुलेन्द्र सिंह ने बताया कि भागवत कथा का शुभारंभ 27 जनवरी को हुआ है जिसका समापन 2 फरवरी को भंडारे के साथ होगा। इस अवसर पर राम अवतार सिंह, पद्मनाथ सिंह, सुधीर सिंह, ओंकार सिंह जितेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, करिया सिंह, गोपाल तिवारी, गोविंद सिंह, भूपेंद्र सिंह, राम बेलाश सिंह आदि मौजूद रहे।

### किशुनपुर गौशाला में चारे का अभाव

**आजमगढ़।** जहानागंज ब्लाक के ग्राम सभा किशुनपुर में बने गौशाला का बूरा हाल है वहां पशुओं को खाने के लिए चारा उपलब्ध नहीं है। वहां पशु अधिक संख्या में बीमार हैं। जहानागंज ब्लाक के ग्राम सभा किशुनपुर में बने गौशाला का खस्ता हाल है। वहां पशुओं को खाने के लिए चारा उपलब्ध न होने के कारण ज्यादा संख्या में पशु बीमार हैं। प्शुओं को पानी पीने के लिए सोलर पम्प लगाया गया है। जो दिन मे ही चलता है। विद्युत की व्यवस्था न होने के कारण पशुओं को समय से पानी भी उपलब्ध हनीं हो पाता। इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी सदर ने बताया कि ऐसी बात नही है, आठ लाख रुपये चारा के लिए आया था जिसका भुगतान करा दिया गया है।

# कैंप लगाकर बनाया गया आधार कार्ड


आधार कार्ड के लिए आवेदन करते लोग

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज (आजमगढ़)।** नगर पंचायत कटघर लालगंज प्राथमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को बाल विकास परियोजना विभाग लालगंज में रजिस्टर्ड जीरो से 5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाया गया।

विकास परियोजना अधिकारी लालगंज राम निवास सिंह ने बताया कि पोस्ट आफिस द्वारा कैम्प लगाकर आर्यन, शानवी, शिवांश, प्रियांशु, परी सोनकर, आनवी, आलोक आदि बच्चों का आधार कार्ड बनाया गया। जिन बच्चों का आधार कार्ड बनाया जा रहा है उनका जन्म प्रमाण पत्र, माता या पिता अभिभावक का आधार कार्ड, अभिभावक वह मोबाइल नम्बर लेकर आये जो आधार कार्ड में लिंक हो। जीरो से 5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड यहां पंजीकरण किया जा सके व उसका आधार नामांकन हो सके।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका मन्जूलता राय, मुख्य सेविका खुर्शीद बानो, आगनवाडी कार्यकत्री गीता यादव, रेखा सिंह, सहायिका भगवती यादव आदि उपस्थित रहीं।

# धड़ल्ले से हो रही है मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा समेत आस पास मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री धडल्ले से की जारी है। विभाग जांच के नाम पर कोरम पूरा करता है। कस्बे के निजामाबाद मोढ समेत अन्य भाग ऊजीगोदाम. शाहपुल शहीदवारा आदि क्षेत्रो मे डिब्बा बंद मिठाईयां धडल्ले से बेची जा रही है। यही दशा पनीर खोवे की भी है। सस्ते दाम के चक्कर में उपभोक्ता इनके गुणवत्ता पर ध्यान नही देते। डिब्बा बंद मिठाइयों की दशा है कि लग्जरी वाहनो से इसकी आपूर्ति होती है। बंद पैकेटों में सुबह से शाम आपूर्ति की जाती है। ऊजीगोदाम मे तो सुबह ही डिब्बा बंद मिठाई लदे वाहन नजर आने लगते है। विभाग द्वारा कभी कभार इस पर अभियान चलाया जाता है फिर ठंढे बस्ते मे डाल दिया जाता है। जबकि इसके प्रयोग से सेहत बिगड रही है। क्षेत्र के राजेश कुमार, रवि कुमार सिह आदि ने मिलावटी धंधे पर रोक लगाने की मांग की है।

# किसान करें मार्केटिंग टाई-अप का प्रयास : जिलाधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय मानीटरिंग समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी द्वारा केंद्र सरकार की योजनाएं, 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धनह्व तथा ह्वकृषि अवस्थापना निधिह्व की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने सीबीबीओ पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति और नेशनल एग्रो फाउंडेशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी किसान उत्पादक संगठनो को सलाह दिया कि मार्केटिंग टाई-अप का प्रयास करें, ताकि व्यापार को और बड़े पैमाने से किया जा सके। इसके अलावा, एफपीओ सदस्यता अभियान चलाएं, शेयर पूंजी बढ़ाएं और ऋण के लिए बैंकों से संपर्क करें। उन्होंने निर्देश दिया


बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

कि एफपीओ वैज्ञानिक तरीके से अपना बिजनेस प्लान तैयार करें और इसे जमीनी स्तर पर लागू करें। कृषि विभाग बड़े पैमाने पर निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाये और कृषि विज्ञान केंद्र भी एफपीओ की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए एफपीओ द्वारा वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मदद करे।

उन्होंने सभी विभागों को कृषि अधोसंरचना कोष को बढ़ावा देने और पात्र प्रस्तावों को जुटाने के भी निर्देश दिए। उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने राज्य सरकार की आत्मनिर्भर कृषक संभावित विकास योजना की जानकारी सदन को दी।

जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड ने समिति को कृषि अवस्थापना निधि योजना की विशेषताएं बताते हुए जनपद में ऋण आवेदनों की स्थिति के बारे में बताया। जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्डों में किसान उत्पादक संगठनों के निदेशक और सीईओ को पंजीयन प्रमाण पत्र सौंपा गया।

# सदर तहसीलदार को किया गया सम्मानित


तहसीलदार को सम्मानित करते सुभाष तिवारी कुन्दल व संजय कुमार पाण्डेय।

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिला सहकारी बैंक में चेयरमैन जयप्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में बैंक और पत्रकार संगठनों द्वारा सामाजिक सेवा, सद्भाव विषयक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें तहसीलदार सदर उमाशंकर त्रिपाठी को उत्कृष्ट सामाजिक सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

ऑल इंडिया ग्रामीण ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने अंगवस्त्रम और सम्मान पत्र भेंट हुए कहा कि समाज की सेवा करना एक पुनीत कार्य है। सदर तहसीलदार ने अपने दायित्वों का कुशल निर्वहन करते हुए इस भयंकर सर्दी में जरूरत मंदो को कम्बल और जगह जगह अलाव उपलब्ध कराने में प्रशंसनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज सरकार द्वारा गरीबो के लिए जो योजनाए संचालित की जा रही है, सरकारी अधिकारी, कर्मचारी उसे तत्परता से करते हुए सरकार की मंशा को पूरा कर सकते हैं। तहसीलदार सदर उमाशंकर त्रिपाठी ने सामाजिक सेवा और सद्भाव पर विशेष जोर देते कहा कि उनके द्वारा सदैव अपने कार्यों के द्वारा लोगो की मदद करने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय कुमार पाण्डेय ने किया। इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार संघ के अच्युतानंद त्रिपाठी, डॉ बृजेश राय, अशोक कुमार तिवारी, सौरभ उपाध्याय, मनोज पाण्डेय, रितेश पंडित, बंशीधर पाठक, अभिषेक पाण्डेय, पंचदेव पाण्डेय, संजीव तिवारी आदि लोग रहे।

# पवन की मदद के लिए आगे आये लोग

**इलाज के लिए दिये 29309 रुपये**

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** सामाजिक कार्यकर्ता रामकुवर यादव ने ब्लड कैंसर पीड़ित मासूम पवन राजभर की जिंदगी की सलामती के लिए श्री मुन्नर इंटर कॉलेज सदरजहापुर जखनियां गाजीपुर के विद्यालय में भिक्षाटन किया। विद्यालय परिवार द्वारा 12257 रुपया व यशोदा बालिका इंटर कॉलेज नारायणपुर कंचनपुर आजमगढ़ द्वारा 4151 रुपया का योगदान दिया गया। इसी क्रम में त्रिमूर्ति सरस्वती इंटर कॉलेज नारायणपुर प्रजापतिपुर आजमगढ़ के विद्यालय द्वारा 2399 तथा नारायणपुर के प्रधान धर्मेंद्र द्वारा 5000 रुपया व डब्बू चैहान मिस्त्री ऐराखुर्द ने 5000 रुपया व प्रहलाद यादव लठवा ने 500 रुपए की मदद की। इस प्रकार कुल धनराशि 29309 रुपए उक्त बालक पवन राजभर की माता को दिया गया।

# कोतवाली प्रभारी ने पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

**जनसंदेश न्यूज**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय बस स्टॉप पर कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने सामूहिक रूप से लोगो को एकत्र कर यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए सुरक्षित रहने के बारे में बताया और संकल्प दिलाया।


बस स्टाप पर यातायात नियमों की जानकारी देते कोतवाली प्रभारी

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दो पहिया वाहन चलाने वाले को हेलमेट, साइड शीशा, इंडिकेटर, का प्रयोग करना चाहिए जिससे आप सुरक्षित रहें। उन्होंने बताया कि आप बेशक कुशल चालक हों, आपको पीछे से, आगे से, साइड गली से अन्य चालक आपको ठोकर मार दें। आपके सर में चोट आने से आपकी जान भी जा सकती है तो आपकी कुशलता किस काम की। यातायात नियम आपके सुरक्षा के लिए होते हैं। चलते समय मोबाइल पर बात करना अक्सर खतरनाक साबित होते हैं। एक मिनट रुक कर बात कर आगे बढ़े। चार पहिया वाहन के चालकों व अगली सीट पर यात्रा करने वाले को सीट बेल्ट अवश्य प्रयोग करना चाहिए। आप अपने परिवार के लिए महत्वपूर्ण हैं। चालान काटना सरकारी खजाना भरने के लिए नहीं बल्कि आपको सही मार्ग दिखलाने के लिए काटा जाता है। कुछ लोग विदेशों में रहकर वहां के नियम की कठोरता बताते हैं। यहां आकर वही नियम भूल जाते हैं। अपने जीवन का मूल्य समझें।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किये गये 26 पुलिस कर्मी

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट, उत्कृष्ठ सेवा पदक वर्ष 2021 हेतु चयनित जनपद के कुल 26 पुलिस कर्मियों को पुलिस कार्यालय में सेवा पदक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।


पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित पुलिस कर्मी

एसपी श्री आर्य ने बताया कि अति उत्कृष्ट सेवा पदक निरीक्षक अशोक दत्त त्रिपाठी, निरीक्षक संजय कुमार सिंह, निरीक्षक नवल किशोर सिंह, निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, निरीक्षक निशात जमा खाँ, उप निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक संजय कुमार तिवारी, मुख्य आरक्षी राजबली यादव, मुख्य आरक्षी रिजवान अहमद खान, मुख्य आरक्षी लल्लू सिंह, मुख्य आरक्षी सत्येन्द्र नारायण सिंह, मुख्य आरक्षी राम प्रवेश यादव, मुख्य आरक्षी गणेश चन्द्र यादव, मुख्य आरक्षी रामनरेश यादव, मुख्य आरक्षी अजय कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार, मुख्य आरक्षी हरीजी पाठक, मुख्य आरक्षी चालक संजय कुमार राय, महिला मुख्य आरक्षी चन्द्रवती देवी आरक्षी विरेन्द्र बहादुर सिंह, को दिया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट सेवा पदक से निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी चालक भानु प्रताप सिंह, आरक्षी संजय कुमार सोनकर, आरक्षी रमेश, आरक्षी अजय शंकर यादव, आरक्षी प्रदीप कुमार सिंह को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

### ग्रामीणों को दी गयी योजनाओं की जानकारी

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के पकरडीहा गांव में बड़ौदा यूपी बैंक नंदना शाखा द्वारा नाबार्ड एवं बड़ौदा यूपी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में स्वयं सहायता समूह, ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन पकरडीहा पर किया गया। अध्यक्षता अरविंद सिंह ने की। मुख्य अतिथि शाखा प्रबंधक आशुतोष सिंह रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सरकार एवं बैंकों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में किसान क्रेडिट कार्ड, पशु लोन, मछली पालन सहित सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं के विषय में शाखा प्रबंधक ने विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि जो भी कृषक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे हैं भले ही छोटी जोत के हैं अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनवा लें। उन्होंने बताया कि बैंक कभी भी किसी ग्राहक से एटीएम कार्ड का नंबर सीवीवी नंबर ओटीपी नंबर आदि नहीं पूछता है। कोई फोन करके आपसे पूछे तो न बताएं। इससे वित्तीय फ्रॉड को रोका जा सकता है। इस मौके पर संत विजय सिंह, दयाराम वर्मा, राजेंद्र गुप्ता, रमजान, बशीर अहमद, राम विनय, सुजीत सिंह, विवेक सिंह, राजू गुप्ता, राकेश सिंह, रामदीन प्रजापति, शब्बीर आदि मौजूद रहे।

# बापू ने विश्व को अहिंसा व शांति का पाठ पढ़ाया : अबुल लैस

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज (आजमगढ़)।** एमएम इंग्लिश पब्लिक स्कूल बनारपुर सलेमपुर में महात्मागांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। विद्यालय के सह प्रबन्धक फैजान अहमद, प्रधानार्थ राजेश सिंह आदि ने महात्मा गांधी के चित्र पर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए विद्याथीर्यों व शिक्षकों ने दो मिनट का मौन धारण किया।

विद्यालय के चेयरमैन अबुल लैस खान ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमने बापू के देश में जन्म लिया, जिन्होनें विश्व को अहिंसा एवं शान्ति का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मिर्जा आसिफ बेग, सुनील कुमार, योगेन्द्र नाथ यादव, हाफिज शफीउर्रहमान, शैलेन्द्र सिंह, रविकुमार, अबु बकर, चन्दन प्रजापति, सतवन्त कुमार रावत, गुल शमन आरिफ, जेबा फिरदौस, अनीता सिंह, अनीता सरोज, शीजा


दो मिनट का मौन रखते विद्यालय के बच्चे

बानो, प्रीती मौर्या, आरिफा बानो, हिना साहनी, शकीला अंसारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इसी क्रम में देवगांव कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर 2 मिनट का मौन रखा गया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी का महत्वपूर्ण योगदान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर लालगंज ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अहेमर वकार, रामानंद सागर, राकेश गुप्ता, पंकज राय, परवेज अहमद हाशमी, किशन गुप्ता, बादल कुमार, हाजी रियाज अहमद, पवन मौर्य, कमाल अहमद, रीता देवी, सगीर अहमद, सोहराब कुरैशी, विजय कुमार, जावेद अहमद हाशमी, इंद्रदेव चैहान आदि मौजूद रहे।

# कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**जनसंदेश न्यूज**

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील में मंगलवार को सहरिया गाँव के सैकड़ों महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों के साथ तहसील में उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरना देकर मांग पत्र सौंपा।

एसडीएम को सौपे पत्रक के माध्यम से ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनके गाँव के प्रधान ने जबरन उनके बाप दादा कि दफन कि कब्रिस्तान में जेसीवी से समतल कर कब्जा कर रहे हैं जिसमें दलित समाज के लोग दफन किये गये हैं चुन्नीलाल पुत्र स्वर्गीय किशोर ने बताया कि जिस जगह पर हमारे बाप दादा दफन हैं उसी जगह को जबरन समतल कर प्रधान स्वजल धारा पानी टँकी का निर्माण करा रहे है जबकि गाँव में बहुत सी जमीन सरकारी खाली पड़ी है और महंगी जमीनों पर भूमाफियाओं का कब्जा हैं। राजनीतिक द्वेश वश प्रधान दलित बस्ती कि कब्रिस्तान पर बनवाने जा रहे हैं इसी बात से आक्रोशित ग्रामीण तहसील मुख्यालय पर पहुंच कर ज्ञापन देकर न्याय कि गुहार लगाये है। उपजिलाधिकारी निजामाबाद कुंदन राज कपूर ने उक्त प्रकरण कि जाँच कर न्याय के आश्वासन से ग्रामीण वापस अपने घर गये है लेकिन दो तीन दिन से कब्रिस्तान को लेकर गाँव में तनावपूर्ण महौल बना हुआ है।


एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते ग्रामीण

# शासकीय धन गबन करने वाला लिपिक गिरफ्तार

## श्रीगांधी विद्यालय इंटर कॉलेज का धन स्वहित में प्रयोग किए जाने का आरोप


पकड़ा गया आरोपी

**कछवां।** स्थानीय थाना क्षेत्र में स्थित श्री गाँधी विद्यालय इंटर कॉलेज में कार्यरत सहायक लिपिक विजय शंकर को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन वाराणसी टीम ने गिरफ्तार किया। आरोप हैं कि सह आरोपियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की नियत से फर्जी हस्ताक्षर, फर्जी मोहर के व कूटरचित अभिलेख तैयार करके सरकारी खजाने से 28 लाख व्यक्तिगत लाभ में लिया गया। शिकायत पर जाँच करने पहुंची आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन वाराणसी की टीम को सफलता मिली। श्री गाँधी विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रबंधक हरिमोहन सिंह ने स्थानीय थाना पर प्रथम सूचना रिपोर्ट वर्ष 2018 में इस बात का अंकित कराया था कि चंद्रभूषण उपाध्याय के द्वारा स्वयं को प्रबंधक मानते हुए वर्ष 2013 से वर्ष 2016 के मध्य फर्जी मोहर, हस्ताक्षर एवं सदस्यों की फर्जी सूची धोखाधड़ी से अन्य आरोपियों से मिलीभगत कर-के विद्यालय की लगभग 28 लाख रुपया का लाभ व्यक्तिगत हित में लिया गया है। जिससे संस्था को क्षति पहुँचाई गई है। वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश शासन ने प्रकरण की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन वाराणसी को सुपुर्द किया था। प्रकरण की जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर एक आरोपी को मंगलवार को विद्यालय से दोपहर में ईओडब्लू टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी का अभियान पुलिस महानिदेशक ईओडब्ल्यू लखनऊ आर.के. विश्वकर्मा और पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू डी प्रदीप कुमार के द्वारा निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा, निरीक्षक विध्यवासिनी मणि त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी रामाश्रय सिंह और आरक्षी सरफराज अंसारी की एक टीम का गठन किया गया था। गिरफ्तार आरोपी की संलिप्तता संबंधित धारा व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अपराध में पाया गया। गिरफ्तार युवक को भ्रष्टाचार न्यायालय वाराणसी में पेश कर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। वहीं टीम ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# तेजाब फेंककर पचास हजार की लूट, मामला संदिग्ध

जनसंदेश न्यूज

**कछवां।** स्थानीय थाना अंतर्गत अगियाबीर गांव में युवक के उपर तेजाब डालने का मामला प्रकाश में आया है। ट्रक चालक शिवम यादव पुत्र पप्पू यादव निवासी अगियाबीर, गड़ौली जोकि मंगलवार की सुबह करीब चार बजे अपने घर से ट्रक लेकर निकला ही था कि गांव के ही हरिजन बस्ती के सामने खड़े दो व्यक्तियों ने मुंह बांधकर मारपीट कर उसके उपर तेजाब फेंककर भाग गए।

जानकारी के अनुसार बताया गया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के अगियाबीर गांव के रहने वाले पप्पू यादव ट्रक मालिक है उनका पुत्र शिवम यादव उम्र 25 वर्ष स्वमं ट्रक संचालक और ड्राईवर है और भाड़े पर ट्रक चलाता है। मंगलवार की भोर में सवा तीन बजे के करीब घर से वाराणसी के हरहुआ स्थित बीएचएल कंपनी से माल लोडकर के अंकुल उडीसा के लिए जाने के लिए निकला था। घर से जब कछवां वाया कटका रोड पर आने के लिए सिंगल रोड से आ रहा था और गड़ौली गांव के पास था। इसी दौरान रास्ते में तार लटक रहा था। जिसे हटाने के लिए ट्रक रोककर बाहर निकलकर ट्रक पर चढ़कर हटाने लगा तभी पीछे से तीन बाइक पर सवार चार अज्ञात हौसला बुलंद लूटेरे मुंह बांधे आए और ट्रक पर चढ़कर उसे लाठी से मारने लगे। इस दौरान चोट लगने से वह अचेत हो कर जमीन पर गिर गया। लुटेरो ने उसके उपर तेजाब भी फेंक कर घायल कर दिया और उसके पास लिए रास्ता खर्च का पचास हजार रुपए लूटकर फरार हो गये। घटना के बाबत जानकारी पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र से उपचार कराया, जहां से उसे ट्रामा सेंटर भदोही के औराई और औराई से रेफर होने के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर उपचार के लिए भेजा गया। उसके पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया और पुलिस मामले की छानबीन में जुटी गई।

## संक्षेप

### पैतृक गांव पहुंचे बांदा के पुलिस कप्तान



**जमालपुर।** उ.प्र.के बांदा जनपद के पुलिस कप्तान अभिनंदन सिंह का मंगलवार को अपने पैतृक गांव डबक पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक भवन का नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर लोकार्पण किया। ग्राम प्रधान दिनेश बियार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी है। ग्रामीण उनको अपने बीच पाकर काफी गदगद नजर आए। इस दौरान उनके बड़े पिता कृष्ण शंकर सिंह, नरसिंह चौहान, जोशी पटेल, बिहारी बियार, मोतीलाल सिंह, त्रिलोकी पटेल, ग्राम सचिव रोहित सिंह, बृजेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### जन सुनवाई के दौरान लड़की गायब होने की दी तहरीर

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के भावां डढ़िया गांव की एक महिला ने अपनी लड़की के बिना बताए कहीं चले जाने की बात बताई और लिखित तहरीर देकर खोजबीन करने की गुहार लगाई। शासन के दिशा-निर्देश पर राजगढ़ थाना प्रभारी ने जन सुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान थाना क्षेत्र की एक महिला अपने परिजनों के साथ पहुंची और बताया कि 27 जनवरी की रात को मेरी लड़की बिना बताए घर से गायब है। जिसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया। महिला के तहरीर पर थाना प्रभारी राणा प्रताप सिंह ने तत्काल टीम गठित गायब लड़की के तलाशने की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी राणा प्रताप सिंह ने बताया कि महिला द्वारा दिए गए तहरीर में किसी भी व्यक्ति के बारे में आशंका या स्पष्ट रूप से आरोपित नहीं किया गया है। लेकिन पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर सक्रियता से खोजबीन करने में जुट गई है। महिला को जल्द से जल्द न्याय दिलाने में मदद की जाएगी।

### ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर पलटा दाल लदा ट्रक

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर सोमवार की देर रात 12 बजे के करीब मध्य प्रदेश के बीना जिले से मटर की दाल लादकर वाराणसी जा रहे ट्रक का ब्रेक फेल होने से दाल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गया। ट्रक में सवार 30 वर्षीय चालक लालता प्रसाद निवासी कल्लनपुर रूरगांव थाना सट्टी जिला कानपुर देहात व 20 वर्षीय खलासी अमन निवासी कल्लनपुर रूरगांव थाना सट्टी जिला कानपुर देहात घायल हो गए संयोग ठीक था कि ट्रक डिवाइडर में जाकर फंस गया नही तो घाटी में नीचे गिरने से बड़ा हादसा हो सकता था। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल हेड कांस्टेबल मिथिलेश पांडेय, कांस्टेबल श्रीनिवास यादव ने घायल चालक व खलासी का न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज में प्राथमिक उपचार करवाया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश के बीना जिले से मटर की दाल लादकर वाराणसी जा रहे ट्रक का ब्रेक फेल होने से बड़का घुमान पर पलट गया। चालक व खलासी का प्राथमिक उपचार करवाया गया, जहां दोनों की हालत सामान्य है।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन घायल

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित सेमराकलां चौराहा पर मंगलवार शाम छह बजे के करीब दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक कमलेश यादव ने एंबुलेंस की मदद से पीएचसी हलिया भिजवाया। क्षेत्र के गलरा गांव निवासी 35 वर्षीय राजेश व 32 वर्षीय विनोद एक ही बाइक पर सवार होकर ड्रमंडगंज से अपने घर वापस लौट रहे थे कि सामने से आ रहे 28 वर्षीय बाइक सवार लवलेश तिवारी उर्फ मोनू तिवारी निवासी हाटा थाना हनुमना जिला रीवा मध्य प्रदेश से अनियंत्रित होकर टकरा गये जिसमें बाइक सवार राजेश व विनोद को गंभीर चोटे आई हैं वहीं दूसरा घायल बाइक सवार मौके से भाग निकला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक कमलेश यादव व कांस्टेबल विनोद यादव ने दोनों घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस की मदद से पीएचसी हलिया भिजवाया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक सहित महिला घायल

**हलिया।** हलिया ड्रमंडगंज मार्ग पर हरसड़ गांव के पास मगलवार को दो बाइकों कि भिडंत होने से बाइक चालक सहित दूसरे बाइक पर सवार महिला घायल हो गई। हलिया ड्रमंडगंज मार्ग हरसड़ गांव के पास पंहुचा कि विपरीत दिशा से आ रहे हलिया क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी बब्लू विश्वकर्मा के बाइक पर सवार रामकली बाइक में भिंडत हो गई। जिससे बाइक चालक सैफू व दूसरे बाइक पर बैठी महिला राजकली घायल हो गई। जबकि एक बाइक चालक बबलू बाल बाल बच गया और मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पंहुचे पुलिस घायलों को निजी साधन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया है।

### पेंशन में आधार के.वाई.सी. न करायें जाने पर रुकेगी पेंशन

**मीरजापुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजेश सोनकर ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि दिव्यांगजनों को निर्देशित किया जाता है कि शासन के निदेर्शानुसार आधार पेंशन के.वाई.सी. कराये जाने के उपरान्त ही पेंशन खाते में प्रेषित किया जायेगा। दिव्यांगजनों द्वारा अपने बैंक में के.वाई.सी. करा लिया गया है लेकिन दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, विकास भवन, मीरजापुर में पेंशन का के.वाई.सी. नहीं कराया गया है। कुल 3914 दिव्यांगजनों द्वारा यू.डी.आई.डी. कार्य न बनवाये जाने एवं 2604 आधार के.वाई.सी. न कराने वाले सभी दिव्यांगजनों को सूचित किया जाता है कि किसी कार्यालय कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पेंशन का आधार के.वाई.सी. कराना सुनिश्चित करें। उन्होने बताया कि पेंशन आधार के.वाई.सी. हेतु बैंक पासबुक, आधार कार्ड, मोबइल नम्बर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा दें। कार्यालय पेंशन का आधार के.वाई.सी. न कराये जाने पर पेंशन अनिवार्य रूप से बाधित हो जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी दिव्यांगजन की स्वयं की होगी।

### बीडीओ को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सौंपा पत्रक

**जमालपुर।** मंगलवार को क्षेत्र के रेरूपुर गांव में सरकारी राशन की दुकान आंवटन के लिए पंचायत भवन पर एडीओ पंचायत रामदूत सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। चुनाव में शीतला स्वयं सहायता समूह को सरकारी राशन के दुकान के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा पायल स्वयं सहायता समूह एवं राधेश्याम यादव ने भी दावेदारी पेश किया, लेकिन राधेश्याम यादव के दावेदारी को निरस्त कर दिया गया। पुराने समूह रहने से शीतला स्वयं सहायता समूह को वरीयता दी गई। सरकारी राशन की दुकान के चयन के खिलाफ ब्लाक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने बीडीओ को पत्रक सौंपा। पायल स्वयं सहायता समूह की सचिव सीमा देवी के नेतृत्व में ब्लाक मुख्यालय पहुंच कर महिलाओं ने प्रदर्शन कर बीडीओ को पत्रक सौंपकर फिर से चुनाव कराए जाने की मांग किया। बीडीओ रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि कोटे की दुकान का चयन शासन की मंशानुरुप हुआ है। ग्रामीणों का आरोप निराधार है। इस दौरान रीता, रेनू, शीला, सीमा, तेतरा, छोटक, दशरथ, मुलायम यादव, कतवारू, सियाराम, राधिका, कबूतरी, कांता यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के प्रति स्कूली बच्चों को किया जागरूक



**हलिया।** क्षेत्र के बिलरा पटेहरा गांव स्थित शहीद केसरी सिंह पब्लिक हाईस्कूल में मंगलवार को ड्रमंडगंज पुलिस ने सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार पटेल व महिला कांस्टेबल मधु वर्मा ने छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। थानाध्यक्ष अतुल पटेल ने छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमेशा पैदल और साइकिल चलाते समय सड़क पर अपनी लेन में चलें और अपने अभिभावकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर यात्रा करने के लिए कहें ताकि दुर्घटना से बचाव हो सके।

थानाध्यक्ष ने स्कूल की छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी असामाजिक तत्व के द्वारा यदि किसी भी छात्रा के साथ कोई गलत हरकत की जाती है तो छात्राएं अपने अभिभावक, परिजन, शिक्षकों तथा पुलिस को बिना झिझक के बताए जिससे उनके विरुद्ध कार्रवाई हो सके?। आवश्यकता पड़ने पर हेल्पलाइन नंबरों पर काल करें पुलिस सहायता के लिए तुरंत पहुंचेगी। छात्राओं को घर से बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी। इस दौरान पुलिस ने छात्राओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एंबुलेंस सेवा 108 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक अमन सिंह, तबस्सुम, रामलली, रविकांत, कांस्टेबल अशोक, प्रमोद, होमगार्ड हरिओम तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पुजारी के मामले में पुलिस ने पुत्र की तहरीर पर दर्ज की गुमशुदगी

**हलिया।** क्षेत्र के औरा स्थित हनुमान मंदिर व राधेकृष्ण मंदिर के लापता पूजारी के मामले में पांच दिन बाद मंगलवार को पुलिस ने पूजारी के पुत्र की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। क्षेत्र के थोथा गांव निवासी बेटा पवन गिरि ने तहरीर देकर बताया कि 80 वर्षीय पिता शिवबाबा उर्फ रामप्रसाद गिरी ग्राम औरा बरुआ के तीन मंदिरों की पूजा वहीं रहकर करते थे। अस्वस्थता की खबर मिलने पर मै जाता था। बीते 28 जनवरी को दस बजे रात्रि में मुझे सूचना मिली कि पिता मंदिर पर नही है। सुबह गांव में पंहुचने पर ग्रामीणों ने बताया कि 26 जनवरी की रात्रि में वे राधाकृष्ण मंदिर में सोये थे इसके बाद कहा गये नही जानते। तब हम लोग हर संदिग्ध स्थानों पर उनकी खोजबीन करने लगे है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि लापता पूजारी के पुत्र की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# किसान दिवस में सीडीओ ने सुनी समस्याएं

**बैठक**

## निस्तारण के दिये गये निर्देश

जनसंदेश न्यूज


किसानों की समस्या सुनतीं सीडीओ

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में पथरहिया स्थित विकास भवन में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के प्रत्येक विकास खण्डो से आये कृषको के द्वारा उठाये गये विभिन्न समस्याओं को सुना गया तत्पश्चात सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये गये।

बैठक में कृषक प्रतिनिधियों के द्वारा धान क्रय केन्द्रों पर बोरा की समय से उपलब्धतता कराने की मांग की गयी जिस पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक केन्द्रो पर केन्द्र प्रभारी के मांग के अनुसार बोरा की उपलब्धतता करायी जा रही हैं यदि कही कमी होगी तो वहां भी उपलब्धतता सुनिश्चित करायी जायेगी। सीखड़ विकास खण्ड के अन्तर्गत राजकीय ट्यूबेल नम्बर 197 के छतिग्रस्त नाली मरम्मत की मांग कृषको द्वारा की गयी।

जरगो जलाशय में बाण सागर नहर से पानी छोड़ने की मांग पर अधिशासी अभियन्ता बाण सागर द्वारा बताया गया कि फरवरी के अन्त एवं मार्च में फसल कटने के बाद जरगो जलाशय में पानी छोड़ा जायेगा। आकस्मिक निरीक्षण कर अनुपस्थित पाये जाने पर कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। बैठक में उप निदेशक कृषि डॉ अशोक उपाध्याय, तहसीलदार चुनार नूपुर सिंह, जिला कृषि अधिकारी पवन प्रजापति, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, सिचाई, लघु डाल सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी कृषक उपस्थित रहें।

# पुनः कराई जाय गांव की चकबंदी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को दिया पत्रक


ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को पत्रक देती प्रधान

**लालगंज।** ग्राम पंचायत धसड़ा की ग्राम प्रधान शांति देवी ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएस नवनीत सेहरा को पत्र देते हुए बताया कि ग्रामसभा धसड़ा में 2016/ 17 से चकबंदी प्रक्रिया चालू है किंतु हम किसानों की पेड़ पौधों की मालियत नहीं लगाई गई। चकबंदी का कार्य नायब, कानूनगो, लेखपाल, द्वारा मनमानी तरीके से किया गया।

किसी भी काश्तकार को मौका चक नहीं दिया गया। जिससे किसानों की अपूर्णनीय क्षति हुई है और चकबंदी का लाभ ही नहीं मिला। किसानों के मूल नंबर पर चक न देते हुए अन्यत्र चक दे दिया गया है। किसानों को 1/2 चक देने के बजाय 4/5 चक दे दिया गया है जिससे चकबंदी प्रक्रिया की अवहेलना की जा रही है। किसानों को मौका चक नहीं दिया गया। दरवाजे पर दूसरे को चक देने से लोगों में काफी परेशानी हो गई है। पर्चा 23 किसानों को प्राप्त हुआ। उसी दिन से काश्तकार तहसील का चक्कर लगा रहे हैं और चकबंदी प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग करते हुए पुनः चकबंदी नये सिरे से कराए जाने की मांग की जा रही है। किसानों द्वारा चकबंदी अधिकारी के यहां इस आशय की आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया गया है किंतु आज तक आपत्ति का निस्तारण नहीं हो सका। मांग किया कि नए सिरे से चकबंदी प्रक्रिया को शुरूआत की जाए जिससे चकबंदी का लाभ किसानों को मिल सके। पत्रक लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा ने समस्या का समाधान करने के लिए आश्वासन दिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद, गुलाबचंद विश्वकर्मा, राम आसरे, भूपेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, संदीप सिंह, दुर्गावती देवी, बसंती देवी, अनीता देवी, चिरौंजी, समसुद्दीन, रामसागर, चिंता पाल, बेचन राम, अमरेश, राजधारी, ननकू, सूर्यकांत, उमेश तिवारी आदि भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### सड़क तोड़कर जनता को परेशान कर रही है सरकार

**मीरजापुर।** आम आदमी ने पत्रक देकर विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन रुका हुआ है, उसे तत्काल वितरित करने का आदेश दें, जिससे विधवा, वृद्धा, विकलांग की परेशानी दूर हो और मीरजापुर नगर में जो सड़क खुदाई का काम चल रहा है। उससे जनता त्रस्त हो चुकी है। अच्छी-अच्छी सड़कें तोड़ी जा रही है, अगर तोड़ना ही था तो उसे बनवाया ही क्यों गया, इससे जनता के पैसों का दुरूपयोग हो रहा है और जनता को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर चलना दूभर हो गया इसे तत्काल बनवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। शहर में नाली-नालियों वर्षों से बजबजा रही है, नगर पालिका इस पर ध्यान नहीं दे रही है। इस सम्बन्ध में हम लोगों ने कई बार लिखित रूप से दिया लेकिन फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुयी। सबरी स्थित वार्ड न012 में सबरी चुंगी से जो नाला नटवाँ गया है। उस नाले का पानी लोगों के घरों में जा रहा है। इससे जीव-जन्तु भी जा रहे हैं। क्षेत्र की जनता परेशान हो चुकी है, उसे तत्काल सफाई कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पत्रक देने वालों चन्द्रावती, सागर, लकी नरायन, लक्ष्मी नारायन, लाम्मुल सन्तोष विश्वकर्मा लाल बहादूर आदि लोग मौजूद रहे।

# नमामि गंगे परियोजना के तहत छात्रों को दिलाई गई शपथ


शपथ लेते स्कूल के छात्र

**मीरजापुर।** चुनार क्षेत्र के आर्यावर्त माध्यमिक विद्यालय सिंधोरा पर मंगलवार को वन रेंज चुनार द्वारा राष्ट्रीय मिशन नमामि गंगे परियोजना के तहत छात्र जागरूकता कार्यक्रम, संगोष्ठी, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर पर्यावरण एवं राष्ट्रीय नदी गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाये जाने का संकल्प लिया गया।

वन क्षेत्राधिकारी एसपी ओझा के निर्देशन में वन दरोगा विनीत कुमार तिवारी, अरूण कुमार तिवारी एवं सीताराम सोनकर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने छात्रों को गंगा संरक्षण एवं संवर्धन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीश कुमार द्विवेदी ने छात्रों को गंगा सफाई हेतु शपथ दिलाया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रबंधक शंभूनाथ पांडेय ने कहा कि गंगा केवल नदी ही नहीं अपितु राष्ट्र गौरव भी है। गंगा नदी में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने पर जोर दिया। कहा कि इसके लिए भारत सरकार का जल शक्ति मंत्रालय नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से लगा हुआ है।

इस अभियान की सफलता सबकी भागीदारी से ही संभव है। तभी हम गंगा संरक्षण के स्वप्न को साकार कर सकते है। गंगा नदी के संरक्षण के लिए छात्रों के बनाए गए चित्रों की खूब सराहना हुई। इस दौरान निर्मला देवी, संतोष कुमार दूबे, अखिलेश कुमार सिंह, चंद्रमा प्रसाद द्विवेदी, चंद्रावती देवी एवं सुशील कुमार श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# एसपी ने जवानों को विदाई देकर कहा-दूसरी पाली शुरू


सेवानिवृत जवानों को अंग वस्त्र भेंट करते एसपी

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को वर्षो से साथ रहने वालों से जुदा होने से खुशी और गम दोनों पसरा रहा। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 5 पुलिस कर्मियों को विदाई दी। कहा कि अब बिना वर्दी के समाज के बीच से सेवा करने की दूसरी पाली शुरू हुई हैं।

सरकारी सेवा से मुक्त होने के बाद घर, परिवार और समाज की बिना वर्दी पहने दायित्व निर्वहन करने का काम शुरू होता है। जनवरी माह की 31 तारीख को सेवानिवृत हुए सहायक रेडियो अधिकारी सुरेश कुमार मिश्रा, निरीक्षक नागरिक पुलिस अनिल कुमार, उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस अरविन्द कुमार प्रेमी,उप निरीक्षक नागरिक पुलिस मुक्तेश्वर प्रसाद तथा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस राम लच्छन राम को विदाई दी गयी। इस दौरान

**समारोह**

## एसपी संतोष ने हर सम्भव मदद का दिया भरोसा

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से सेवाकाल के अनुभव के विषय में जानकारी साक्षा किया। विदाई समारोह में पुलिसकर्मियों को पुष्प माला, अंग वस्त्र भेंट करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिया गया। उनके सुखद, सफल एवं आनन्दमय भावी जीवन की कामना की गयी।

# जिले के युवक ने वाराणसी में लगाई फांसी

**बावन बीघा में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता हुआ मिला शव**

**कछवां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जमुना चौकी अंतर्गत दुनाई गांव निवासी हर्ष दुबे पुत्र लल्लु दुबे उम्र करीब 40 वर्ष का शव वाराणसी के भिखारीपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप बावन बीघा के बगीचे में एक पेड़ से लटकता हुआ मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

वही परिजनों को जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया। वहीं पेड़ से लटकते हुए हर्ष के शव को देख लोगों में तरह-तरह की चचाएं भी व्याप्त रही। वही सूचना पर पहुंची थाना राजातालाब की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पंचायतनामा भरकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। वही हर्ष दुबे को दो बच्चों में एक पुत्र और एक पुत्री है जिनके ऊपर से पिता का छाया हट गया। परिजनों समेत पत्नी और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

# बीएचयू कैंपस के सभागार में मोटे अनाज पर परिचर्चा

**कार्यक्रम**

## जागरूकता ही स्वास्थ्य का खजाना


मंच पर आसीन अतिथि

**मीरजापुर।** बरकछा स्थित बीएचयू साउथ कैंपस के सभागार में आरोग्य भारती के तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि तमाम रोगों का निवारण मोटे अनाज में समाहित हैं। जिसे आम लोगों से दूर कर दिया गया हैं। जिसे अपना कर ही तमाम विकारों से मुक्ति पा सकते हैं।

श्री वार्ष्णेय ने कहा कि वर्तमान वैश्विक स्वास्थ्य की समस्या का समाधान हमारे खानपान में समाहित हैं। मोटे अनाज का उपयोग करके हम स्वास्थ्य की कई समस्या से निजात पा सकते हैं। वर्तमान में 85% नॉन कम्युनिकेबल डिजीज का मुख्य कारण जीवन शैली हैं। डॉ. गणेश प्रसाद अवस्थी ने बताया कि कृषि प्रधान देश में कभी ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू की खेती बड़े ही लगन से किया जाता था। जिसे आम बोलचाल में मोटा अनाज कहा जाता है। उसकी जगह अब मांग के अनुरूप पुश्तैनी खेती अब गेंहू, धान, दलहन के बीच सिकुड़ गई थी। मोटा अनाज जिसे वैज्ञानिक मीलेट कहते हैं। अल्प मात्रा में सिकुड़ गया है। इसी के साथ तमाम रोग पांव पसारते जा रहे है। डॉ. टी. एन. द्विवेदी ने बताया कि मोटे अनाजों में मिनरल, विटामिन, एंजाइम और इन सॉल्युबल फाइबर काफी ज्यादा मात्रा में होते हैं। इसमें मैक्रो और माइक्रो जैसे पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं। इनका सेवन करने से बीटा-कैरोटीन, नाइयासिन, विटामिन-बी6, फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि खनिज लवण भी प्रचुर मात्रा में मिल जाता हैं। जिसकी जरूरत स्वस्थ रहने के लिए होती है। कार्यक्रम में डॉ. संदीप श्रीवास्तव, डॉ. विवेक सिंह आदि ने मोटे अनाज के उद्देश उपयोग, पोषण के गुणवत्ता पर विचार व्यक्त किया।

# पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों को करायें तत्काल हैण्डओवर : सीडीओ

## आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने के लिये जन प्रतिनिधि व अधिकारी आये आगे

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा विकास भवन में बाल विकास परियोजना विभाग के अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला पोषण समिति की बैठक कर प्रगति की जानकारी ली गयी। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद के 12 विकास खण्ड व एक नगरीय क्षेत्रों में कुल 2765 बीएचएसएनडी सत्र का आयोजन किया जाना था, जिसके सापेक्ष माह दिसम्बर 2022 में शत प्रतिशत सत्रो का आयोजन कराया गया। कुपोषण की स्थिति के बारे में बताया गया कि उम्र के सापेक्ष बच्चों का वजन, दुबलापन आदि का नियमित रूप से निगरानी की जा रही हैं, जिसमें विकास खण्ड सीखड़ में एक भी कुपोषित बच्चें को एनआरसी न भेजे जाने पर सीडीपीओ सीखड़ का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विकास खण्डवार सम्बन्धित एएनएम के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सीरप की उपलब्धतता सुनिश्चित करायी जाय। बैठक में पुष्टाहार की आपूर्ति, आंगनबाड़ी केन्द्रो के निर्माण की स्थिति, पोषण तथा आंगनबाड़ी केन्द्रो पर शौचालय निर्माण की स्थिति, पोषण ट्रैकर एप पर वजन फीडिंग तथा पोषण ट्रैकर एप पर आधार सत्यापन एवं गृह भ्रमण की समीक्षा की गयी।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 25 निमार्णाधीन भवन के सापेक्ष दो पूर्ण 13 छत स्तर तक, दो लिटेंल स्तर तथा 08 फिनिशिंग स्तर पर प्रगति हैं। जिसपर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फिनिशिंग वाले केन्द्रो को तत्काल पूर्ण कराते हुय हैण्डओवर कराना सुनिश्चित करें। गृह भ्रमण में विकास खण्ड लालगंज की सबसे कम प्रगति पर सीडीपीओ को शो-काज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा, सीडीपीओ विमलेश कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

# शासन की योजनाओं का पात्रों को मिले शत-प्रतिशत लाभ

**बोले मुख्य सचिव**

## मुख्य सचिव ने कलेक्ट्रेट सभागार में की विकास कार्यो की समीक्षा



कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र

**सोनभद्र।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभाविन्त करने व स्वच्छता कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु जनपद में मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी अभियान चलाकर लोगों को अपने घर के सामने बोरी टांगकर प्लास्टिक इकठ्ठा करने के लिए प्रेरित किया गया। पानी में फ्लोराइड व आयरन की अधिकता वाले क्षेत्रों में फिल्टर का वितरण किया गया और शुद्ध पानी पीने के लिए फिल्टर का उपयोग करने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया। जनपद में ग्राम समाधान दिवस का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने की कार्यवाही भी की जा रही है, सोन ग्रामोदय ऐप का निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से सीधे अपनी शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारी के संज्ञान में ला सकते हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि ग्राम समाधान दिवस के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का उनके गांव में ही निस्तारण किया जा रहा है, यह बहुत ही सराहनीय कदम है, क्योंकि जनपद में दूर-दराज क्षेत्रों से लोगों को जनपद मुख्यालय पर आने पर समस्याओं का सामना करना पड़ता था, अब उनकी समस्याओं का निराकरण उनके ही गांव में हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद के जिन क्षेत्रों में फ्लोराइड व आयरन की अधिकता है, उन क्षेत्रों में जिन-जिन घरों में फिल्टर का वितरण किया जा रहा है, उन ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी समय-समय पर कराया जाये। उन्होंने जनपद में ड्रैगनफ्रूट की खेती को बढ़ावा देने के लिए जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया। कहा कि जनपद के जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या है, उस पर कार्य किया जा रहा है, उसे शीघ्र ही दूर करने का प्रयास किया जायेगा। आयुष्मान कार्ड से हर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये।

मुख्य सचिव ने जनपद के पर्यटन पर बनायी गयी डाकूमेन्टी फिल्म को देखा और उन्होंने कहा कि जनपद में पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं, इसके सम्बन्ध में लोगों को अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध करायी जाये, जिससे पर्यटन की दृष्टि से लोगों का जनपद में आगमन हो और लोगों को रोजगार का अवसर भी मिल सके। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। पहले गांव का विकास होगा, तो जनपद का विकास होगा, फिर प्रदेश और देश का विकास होगा। जनपद की अर्थ व्यवस्था बेहतर करने हेतु लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराने होंगे, जिससे कि वह विकास के पथ पर अग्रसर हो सके। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद में दुर्घटना को रोकने हेतु साइनिज बोर्ड का निर्माण और लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करने का कार्य किया जाये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गयी हैं, संबंधित अधिकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाते हुए उनके जीवन में खुशहाली लायें। इस मौके पर डा. मुथु कुमार स्वामी बी मण्डलायुक्त मीरजापुर मण्डल, राकेश प्रकाश सिंह डीआईजी मीरजापुर, डीएम चन्द्र विजय सिंह, एसपी डा. यशवीर सिंह, सीडीओ सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी नमांमि गंगे आशुतोष दूबे सहित जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव से भेंट कर शिक्षा समस्या पर की चर्चा



मुख्य सचिव को प्रतीक चिन्ह देते प्रमोद जी महाविद्यालय के प्रबंधक डा. सुधीर मिश्र

**सोनभद्र।** जनपद भ्रमण पर आए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मगंलवार को मुलाकात कर मिलकर डा. सुधीर कुमार मिश्र प्रबंधक प्रमोद जी महिला महाविद्यालय तथा प्रदेश उपाध्यक्ष स्ववित्त पोषित महाविद्यालय एसोसिएसन ने जनपद पर आगमन होने पर स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान जनपद में उच्च शिक्षा की समस्याओं से अवगत कराया।

मुख्य सचिव श्री मिश्र ने संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मंच से सुधीर मिश्रा का नाम लेकर उनके द्वारा बालिकाओं के शिक्षा पर किए जा रहे अथक प्रयास की जमकर तारीफ की। एवम डा सुधीर मिश्रा से कहा कि आप अनवरत नेक कार्य करते हुए बालिकाओं के शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित होकर शिक्षा की ज्योंति जलाते रहिए। डा सुधीर ने कहा कि मुख्य सचिव महोदय का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मंच के माध्यम से प्रेरित करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया, हमारा प्रयास होगा कि जनपद की गरीब बालिकाओं को निः शुल्क अथवा उनकी क्षमता के अनुरुप शुल्क प्राप्त कर शिक्षित करते रहेंगे।

# देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सबको देना होगा योगदान

**बोले दुर्गा शंकर मिश्र**

## संत कीनाराम स्कूल के नव निर्मित भवन का किया लोकार्पण,प्रबंधन के प्रयास को सराहा

जनसंदेश न्यूज



नवनिर्मित स्कूल भवन का लोकार्पण करते मुख्य सचिव



मुख्य सचिव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते संत कीनाराम पीजी कालेज के प्रबंधक व प्राचार्य

**सोनभद्र।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को संत कीनाराम पब्लिक स्कूल एवं महिला महाविद्यालय भवन का किया उद्घाटन एवं संत कीनाराम महिला डिग्री कालेज, संत कीनाराम पीजी कालेज के भवन का शिलान्यास किया।

मुख्य सचिव ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये, इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सर्वप्रथम गणेश वन्दना, मॉ सरस्वती वन्दना, पूज्य संत कीनाराम की वन्दना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मुख्य सचिव ने अपने सम्बोधन में कहा कि संत कीनाराम की आशीर्वाद की कामना करता हूॅ, आज 30 साल बाद जनपद के मुख्यालय पर आकर काफी अभिभूत हूॅ, बनारस से जनपद सोनभद्र तक यात्रा के दौरान बनायी गयी सड़कों को देखकर काफी प्रसन्नता हुई।

1993 में मैं जनपद सोनभद्र के 8वें जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था, उस दौरान जनपद में ओबरा और दुद्धी में सरकारी महाविद्यालय बना था, मुख्यालय पर कोई महाविद्यालय नहीं था। इस विद्यालय की स्थापना उस समय छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत की गयी थी और इस महाविद्यालय में अब बीए, एमए, एलएलबी सहित अनेक कोर्स से सम्बन्धित डिग्री लोगों को प्राप्त हो रही है और यह महाविद्यालय का काफी विस्तार हुआ है, जिसको देखकर मैं काफी अभिभूत हूॅ। इसके लिए उन्होंने कालेज प्रबन्धन के द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की।

इस दौरान मुख्य सचिव महोदय ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्य मंत्री योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि जी-20 शिखर का नेतृत्व भी भारत कर रहा है, यह बड़े गौरव की बात है, पूरी दुनिया देख रही है। अगर आप संकल्प लेकर कोई कार्य करेंगें, तो सिद्धि आपको अवश्य मिलेगी, संकल्प का ही देन है कि स्वच्छता के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुये हैं, और स्वच्छता लोगों के जीवनशैली में आ चुकी है।

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अन्तर्गत 90 लाख आवास का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें से 70 लाख आवास लोगों को अब तक उपलब्ध कराये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि का कहना है कि वर्ष-2047 तक हम देश को पूर्ण विकसित देश बनायेंगे। अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के लिए गांव व जनपद की अर्थव्यवस्था बदलेगी, तभी प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था बदलेगी, इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 20 लाख करोड़ से अधिक धनराशि का निवेश करने का कार्य किया जा रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा निति लागू होने से शिक्षा क्षेत्र में बदलाव आएगा। अंत में उन्होंने कवि रविन्द्र नाथ टैगोर की कविता के साथ अपनी वाणी को विराम दिया। इस मौके पर मण्डलायुक्त, डीआईजी, डीएम, पुलिस अधीक्षक, हरिश्चन्द्रा रजिस्टार एमजीवीकेपी वाराणसी, डा. गया सिंह फाउण्डर संत कीनाराम ग्रुप एजुकेशनल, डा गोपाल सिंह प्रिन्सिपल संत कीनाराम उपस्थित रहे।

# संक्षेप

### गैंगेस्टर एक्ट आरोपी की 11 लाख रुपये की संपति कुर्क

**विंढमगंज।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में गैंगेस्टर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित आरोपी रामलोचन उर्फ कमाण्डर पुत्र सोना बच्चा, निवासी ग्राम हरिपुरा, विण्ढमगंज हाल पता- अमवार दुद्धी के विरुद्ध 14(1) की कार्रवाई करते हुए आरोपी द्वारा अर्जित अवैध धन से क्रय की गयी दो ट्रैक्टर मय ट्राली को जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में नियमानुसार कुर्क किया गया। दोनों वाहनों की कीमत 11 लाख रूपये बतायी गयी।

### संदिग्ध हाल में युवती ने लगायी फांसी, मौत

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के बाड़ी स्थित क्रशर क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर अस्थाई रूप से बनी झोपड़ी में रहने वाली एक युवती ने बांस की बल्ली में सूट के दुपट्टे से संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची चोपन व डाला पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि क्रशर प्लांट के समीप अस्थाई रूप से झोपड़ी लगाकर रह रहे बाबूलाल निषाद की 25 वर्षीय पुत्री रेशम पत्नी कमलेश निषाद ने झोपड़ी के पीछे बांस की बल्ली में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की छोटी बहन प्रमिला ने बताया कि पड़ोस में स्थित एक क्रशर प्लांट के मुंशी से सोमवार को विवाद हुआ था और इसके बाद यह घटना घट गई। इसको लेकर लोगों में तरह तरह की चचाएं व्याप्त रहीं। चौकी प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

### भौरों के हमले से छात्रा घायल

**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मझौली रामनगीना कालेज में भौरों के हमले से एक बीफार्मा की छात्रा घायल हो गयी। सहपाठी छात्रा के सूचना पर पीड़िता के मामा ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ इलाज चल रहा है। एक फामेर्सी कॉलेज में अध्ययनरत 26 वर्षीय छात्रा कृति कुमारी पुत्री कृष्ण कुमार निवासी स्थानीय कस्बा कालेज से घर आने के लिए निकल ही रही थी कि भनभनाये भौरों ने छात्रा पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसका उपचार सीएचसी में चल रहा है। चिकित्सक डा. शाह आलम के अनुसार युवती की स्थिति खतरे से बाहर है। बताया जा रहा है कि विद्यालय के मुख्य गेट पर भंवरों का छत्ता बना हुआ है। किन्हीं कारणों से भंवरे भनभना गए और छात्रा पर हमला कर दिया। किसी तरीके से छात्रा को विद्यालय के सामने रहने वालों ने कंबल ओढ़ाकर जान बचाई।

### हवन पूजन के साथ सम्पन्न हुआ काली मंदिर का वार्षिकोत्सव

**चोपन।** काली मंदिर पर जय मां काली सेवा समिति के सौजन्य से सोमवार को विधि विधान से मां काली का पूजन एवं भव्य श्रृंगार कर चौबीस घंटे के अखंड हरिकिर्तन का शुभारंभ किया गया जो मंगलवार को सम्पन्न होने के पश्चात हवन पूजन किया गया। अनपरा से आये जुड़वा भाईयों की कीर्तन मंडली ने एक से बढ़कर एक धुनों में कीर्तन कहकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों को समिति के अध्यक्ष हीरालाल वर्मा एवं संजय जैन द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ध्यान सिंह, दिव्य विकास सिंह, लल्लू श्रीवास्तव, पिंटू मिश्रा, मनीष सिंह, शेर खान, सुरेश जायसवाल, सियाराम तिवारी, मनोज चौबे, अजय सिंह, सतनाम सिंह, राजाश्रय जायसवाल, विरेंद्र विश्वकर्मा सहित मंदिर के पूजारी पं. मनीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# व्यावसायिक उत्कृष्टता मूल्यांकन का समापन

जनसंदेश न्यूज

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में व्यावसायिक उत्कृष्टता कार्य का मूल्यांकन आर डी कुलकर्णी गुणवत्ता चैंपियन, एरुकुल्ला नंद किशोर वरिष्ठ मूल्यांकनकर्ता, सोमनाथ भट्टाचार्जी मूल्यांकनकर्ता, दिनेश कुमार सिंह रौतेला मूल्यांकनकर्ता, एस. फिलिप्स पी थॉमस मूल्यांकनकर्ता, विवेकचंद्रा मूल्यांकनकर्ता द्वारा किया गया। इस दौरान गुणवत्ता सर्कल चैंपियन एवं निर्धारक द्वारा प्रचालन एवं अनुरक्षण विभाग, ईंधन प्रबंधन, सुरक्षा, पर्यावरण, चिकित्सा, मानव संसाधन, सीएसआर, कल्याणकारी गतिविधियों आदि जैसे सभी प्रमुख विभागों का आंकलन किया गया।

मूल्यांकन टीम द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली की कार्य संस्कृति के समग्र अनुभव को समझने हेतु महिला कर्मचारियों, युवा अधिकारियों, संविदाकारों, विक्रेताओं, यूनियन एवं

**गुड वर्क**

## एनटीपीसी सिंगरौली के कामकाज की सराहना की

एसोशिएशन जैसे महत्वपूर्ण हितधारकों के साथ भी गहन चर्चा की गई। आर डी कुलकणी व मूल्यांकनकर्ताओं ने एनटीपीसी सिंगरौली के कामकाज की सराहना की। उन्होंने एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सभी उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों हेतु सराहना व्यक्त की एवं समग्र बिजली उत्पादन व्यवसाय में सुधार एवं सभी हितधारकों से संबंधित विभिन्न मूल्यवान सुझाव भी दिए। इस मौके पर सतीश कुमार गुजरानिया, डा. एस के खरे, प्रबोध कुमार, एल के बेहरा, अशोक कुमार सिंह, जोसेफ बास्टियन समेत तमाम अधिकारी उपस्थित रहे। संचालन एन वेणुगोपाल अपर महाप्रबंधक एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।

# चंदौली जिले के प्रभारी मंत्री बने राज्यमंत्री संजीव सिंह गोड़



**डाला।** ओबरा विधानसभा के विधायक व समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ को चंदौली जिले का प्रभारी मंत्री बनाए जाने से नगर में खुशियों की लहर दौड़ गई। राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त किया। प्रभारी मंत्री बनाए जाने से जनपद के लोगों में जबरदस्त उत्साह है। तमाम कार्यकर्ताओं व उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। राज्यमंत्री ने कहा कि जिस जनपद का प्रभारी बनाया गया है, वहां सरकारी योजनाओं की समीक्षा, जनता से सीधा संवाद, विकास खंड का औचक निरीक्षण, दलित, मलिन बस्ती में सहभोज का कार्यक्रम रहेगा।

इसके साथ ही विकास कार्यों का स्थालीय निरीक्षण, विद्यालयों, अस्पतालों व गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के साथ महिला सुरक्षा, एससी-एसटी के प्रकरणों में अभियोजन की स्थिति, पुलिस पेट्रोलिंग, बाल यौन अपराध, व्यापारियों की समस्याएं और राजस्व संग्रह के प्रयास की समीक्षा की जाएगी। विकास कार्यों में कमी नहीं छोड़ी जाएगी। जनहित की समस्याओं का समाधान करने के साथ ही मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले विकास कार्यों को सफलता पूर्वक पूर्ण कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

# एबीपीएस में सड़क सुरक्षा आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित

**रेणुकूट।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल,रेणुकूट में विद्यालय की प्राचार्या डैफनी अंगर के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों के मध्य विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसी क्रम में विद्यार्थियों के मध्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने रोड सेफ्टी से संबंधित एक से बढ़कर एक स्लोगन लिखे। वहीं फैंसी ड्रेस के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति सभी के मध्य जागरुक करना था। कार्यक्रम के समापन में उप-प्राचार्या मनीषा वैष्णव ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। संचालन विद्यालय के सुरक्षा-संयोजक श्रीकांत यादव ने किया। इस अवसर पर प्रभाकर खंडूरी, राजकेशर सिंह, देवेंद्र सिंह, रानी पटेल, विरेंद्र कुमार, धीरेन्द्र सिंह राठौर, राजकुमार, नीरज सिंह, मलय साहा आदि उपस्थित रहे।

# चाकूबाजी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**मामला**

## हमलावरों ने दी जान से मारने की धमकी



**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत सेक्टर तीन स्थित सुंदर पान दुकान के समीप बीते सोमवार की देर शाम लगभग साढ़े सात बजे दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में पीड़ित 18 वर्षीय अनुराग त्रिपाठी पुत्र हरिश्चंद्र त्रिपाठी निवासी सेक्टर एक डी 144 ने बताया कि वह बीते सोमवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे सेक्टर तीन स्थित सुंदर पान की गुमटी के पास खड़ा था। इस दौरान अचानक दो लोगों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह घायल होकर वही गिर गया। पीड़ित ने बताया कि जाते जाते हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दिया।

आनन फानन में मौके पर मौजूद लोगों ने घायल अनुराग को ओबरा परियोजना अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार किया गया। मामले में पुलिस ने घायल अनुराग की तहरीर पर अल्तमस अली पुत्र स्व. हमीद निवासी पुराना थाना बस स्टैंड व तनवर कुरैशी पुत्र राजू कुरैशी निवासी चूड़ी गली के विरुद्ध संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इस मामले में मंगलवार की सुबह कस्बा चौकी इंचार्ज अमित त्रिपाठी ने मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेने के साथ घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया।

# हवन-पूजन व भंडारे के साथ हुआ राम कथा का समापन

जनसंदेश न्यूज



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु

**चोपन।** गड़ईडीह प्रितनगर में स्थित नर्वदेश्वर मंदिर परिसर में चल रही राम कथा सोमवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन के बाद मंगलवार को हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण किया। राम कथा का आयोजन नर्वदेश्वर पराम्बा शक्तिपीठ मंदिर समिति की ओर से करवाया गया था। कथा व्यास पं दिलीप कृष्ण भारद्वाज व साध्वी लक्ष्मी किशोरी ने भक्तों को राम कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा।

हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुगुर्णों की बजाय सदगुणों के द्वार खुलते हैं। राम कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। राम कथा से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। वहीं विधिविधान से पूजा कराई गई। इसके बाद आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति अध्यक्ष सुनील सिंह ने कथा को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करने वाले सहयोगियों के आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बारमती देवी, आरपी राम, प्रदीप अग्रवाल, उस्मान अली, बालेश्वर सिंह, शेर खान, सतनाम सिंह, विकास सिंह छोटकू, रघुराई भारती, हेमंत जायसवाल, राजेश शाहनी, अरविंद उपाध्याय समेत तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बजरंग दल ने फूंका स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला



दुद्धी में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंकते बजरंग दल के कार्यकर्ता

**दुद्धी।** समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्या द्वारा हिन्दू धर्म के ग्रंथ श्रीरामचरितमानस पर अभद्र टिपण्णी कर भारतीय संस्कृति को अपमानित करने पर आक्रोशित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार की दोपहर तहसील तिराहे पर स्वामी प्रसाद मौर्य का प्रतीकात्मक पुतला फूंक उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए कस्बा इंचार्ज संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य के करतूत से समस्त देशवासियों में आक्रोश व्याप्त है, ग्रंथ पर टिप्पणी से संगठन व हिन्दू समाज आहत है।

ऐसे में उनके खिलाफ कार्रवाई आवश्यक है। इस मौके पर राजन चौधरी, सुरेंद्र अग्रहरी, संदीप गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, सोनू, जायसवाल, पीयूष अग्रहरी, धीरज जायसवाल, अनुराग त्रिपाठी, मोहित जायसवाल, नीरज जौहरी मौजूद रहे।

# मूर्धवा में चाहरदीवारी बनाकर वन भूमि पर कब्जे का आरोप

जनसंदेश न्यूज



बाउंड्रीवाल बनाकर वन भूमि पर किया जा रहा कब्जा

**दुद्धी।** रेनुकूट वन प्रभाग के पिपरी वन रेंज के अंतर्गत मूर्धवा में आरा मशीन के सामने एक व्यक्ति द्वारा दर्जनों बीघा वन भूमि को कब्जा करने का आरोप पर्यावरण कार्यकताओं ने लगाया है। उनका कहना है कि वन विभाग इसे काश्त की भूमि होने का दावा कर रहा है लेकिन उन्हें संशय है कि यह पूरी तरह से वन भूमि है। पहाड़ी नुमा इस भूमि पर सैकड़ो हरे पेड़ भी विद्यमान है। इस कार्य को इतने धड़ल्ले से किया जा रहा है कि देखते ही देखते चाहरदीवारी बनाक बड़े बड़े पेड़ों को भी कब्जे में ले लिया गया है।

उक्त स्थल की प्रकृति देखने पर ही सघन वन भूमि प्रतीत हो रही हैजिसको लेकर मूर्धवा में चचाओं का बाजार गर्म है। पर्यावरण कार्यकर्ता दिनेश, जमुना, पीके शर्मा, रमेश यादव ,जिन्दलाल आदि ने डीएफओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कथित तौर पर वन भूमि पर हो रहे कब्जे की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इस संबंध में डीएफओ मनमोहन मिश्रा से तीन बार सेल्फोन पर सम्पर्क साधने की कोशिश की गई पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### राजस्व व वन विभाग पर मिलीभगत का आरोप

**दुद्धी।** मुर्धवा में वन भूमि पर अवैध कब्जा करवाने में वन विभाग के साथ ही साथ राजस्व विभाग के अफसरों की भी मिलीभगत का आरोप लग रहा है। लेखपाल कब्जा किये जाने वाली भूमि को उस व्यक्ति की वर्षो का कब्जा दिखा देते हैं इसके बाद वन विभाग चुप्पी साध लेता है जिससे रसूखदार लोगों को कब्जा कराने में आसानी होती है।

# जिले के निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से करें पूरा: जिलाधिकारी


कलेक्ट्रेट में परियोजनाओं की समीक्षा करती डीएम।

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में जनपद में निर्माणाधीन 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं पर तेजी से कार्य कराते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित किया जाय। जिन परियोजनाओं के अधिकतर कार्य पूर्ण हो चुके हैं, अवशेष कार्यों को अत्यंत शीघ्रता से पूर्ण कराकर हैंड ओवर कराने की कार्यवाही की जाए।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में समय सीमा व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब व गुणवत्ता में कमी किसी भी कीमत पर क्षम्य नहीं होगी। जनपद में निर्माणाधीन रिंग रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग, डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर आदि परियोजनाओं की प्रगति हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने के निर्देश दिए। डेडिकेटेड फ्रेट परियोजना के कार्यों में प्रगति लाए जाने हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण एवं मकान शिफ्टिंग आदि का कार्य शीघ्र कराए जाने के निर्देश डीएफसीसी व संबंधित अधिकारियों को दिए। सेतु निगम एवं डीएफसीसीआईएल के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में निर्माणाधीन ऐसे समस्त आरओबी जिनका अधिकतर कार्य पूर्ण हो चुका है, जन सामान्य की सुविधा के दृष्टिगत अवशेष कार्यों को अविलंब पूर्ण करा लिया जाए। कलेक्ट्रेट भवन के अवशेष निर्माण कार्यों को 15 मार्च तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराने, बाबा कीनाराम अघोर पीठ में समेकित पर्यटन विकास, मल्टीपरपज हॉल आदि निर्धारित कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाते हुए समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित कराए जा रहे इलिया लेवा मार्ग पर कर्मनाशा नदी पर तथा गड़ई नदी पर निर्माणाधीन सेतुओं को माह मार्च 2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्राम सभा फिरोजपुर में निर्माणाधीन आईटीआई के निर्माण कार्यों का टेक्निकल टीम द्वारा एक सप्ताह के अंदर सत्यापन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। नौगढ़ बांध के पुनरुद्धार का कार्य काफी समय से लंबित रहने तथा मौके कार्य नहीं कर रहे ठेकेदार व संस्था को ब्लैक लिस्ट कराने एवं नियमानुसार पेनाल्टी लगाने की कार्यवाही करें। जनपद में निर्मित होने वाले न्यायालय भवन की बाउंड्री निर्माण का कार्य माह मार्च तक पूर्ण करा लिए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्र उपस्थित रहे।

# बिजली के दाम बढ़े तो होगा जन आंदोलन

**बोले संतोष पाठक**

**समाज के सभी वर्गों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बिजली**


कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष व अन्य।

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली दरों में वृद्धि के प्रस्ताव के विरोध में आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही डीएम ईशा दुहन से मुलाकात कर मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। सांसद संजय सिंह के आह्वान पर प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के तहत आम आदमी पार्टी चंदौली ने सरकार द्वारा सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध न कराये जाने के विरोध तथा बिजली दरों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि को रोकने के लिये मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी पार्क में धरना-प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान योगी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में बिजली को लेकर कहा था कि चुनाव जीतने के बाद सरकार जनता को सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी जो कि भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में भी शामिल है। परंतु ऐसा नहीं हुआ। हाल ही में बिजली के दाम घटना तो दूर की बात बल्कि योगी सरकार ने बिजली की दरों में 23 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव भी रख दिया है जिससे जनता पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा और ये प्रस्ताव कहीं से भी स्वीकार करने योग्य नहीं है। कहा कि देश में 30 प्रतिशत तक कोयले का उत्पादन भी बढ़ा है फिर क्यों बिजली की दरें बढ़ाई जा रहीं है? राज्य सरकार ने जनता और विशेषकर किसान भाइयों के साथ वादाखिलाफी की है और अब उन्हें आर्थिक रूप से पीड़ित किया जा रहा है। कहा कि बिजली समाज के सभी वर्गों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुख्तार राय ने कहा कि हम आम आदमी पार्टी उक्त मामले में हस्तक्षेप कर जनता को सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए एवं बिजली के दामों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि को रोकने की मांग की, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ न पड़े। राजकुमार खरवार ने कहा अगर सरकार ने जनता को सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध नहीं कराई तो आम आदमी पार्टी आज के विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन के बाद चरणबद्ध आंदोलन भी करेगी। इस असर पर महासचिव प्रवीण चौबे, बुधिहिर पांडेय पांडेय, राजेश द्विवेदी उर्फ अर्चना पांडेय, विकास कुमार, राजकुमार पासवान, ओमप्रकाश प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### भिसोड़ी में दुकान का शटर तोड़कर चोरी


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के दुलहीपुर भिसोड़ी गांव के समीप यादव चैराहा के पास सोमवार रात खरी-चुनी की दुकान की शटर का ताला तोड़ कर लगातर दूसरी बार चोरी घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। दुकानदार बच्चे लाल यादव कोनिया, कजाकपुरा वाराणसी के निवासी हैं। यहां पर दो वर्षो से खरी चूनी की दुकान चला रहें हैं। लगभग एक वर्ष पहले भी चोरों ने इस दुकान में चोरी की थी उस समय लगभग साठ हजार रुपया चुरा कर ले गये थे। हौसला बुलंद चोरों ने एक फिर बच्चे लाल की दुकान में सोमवार की रात्रि में निशाना बनाया, परन्तु इस बार उन्हें सिर्फ लगभग पांच हजार रुपये के सिक्के ही हाथ लगे। वही दुकान के मालिक बच्चे लाल ने इसकी तहरीर मुगलसराय कोतवाली में दी है।

### पुलिस विभाग ने सेवानिवृत्त अफसरों व कर्मियों को दी विदाई



**चंदौली।** पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को एएसपी विनय कुमार सिंह ने अंगवस्त्रम व स्मृति चिह्न भेंट कर विदाई दी। साथ ही विभाग को दिए गए योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगामी भविष्य की शुभकामनाएं। इस दौरान अधिवर्षता आयु पूर्ण कर उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह, सुरेश पांडेय, बसंत लाल, गोपाल राय के अलावा मुख्य आरक्षी हरि मिलन पाठक व कृपा शंकर सिंह विभाग से सेवानिवृत्त हुए। विदाई समारोह में एएसपी द्वारा सेवानिवृत्त हुए अफसरों व कर्मचारियों को विदाई दी। साथ ही सभी के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की। कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस विभाग आप सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा।

### सड़क हादसे में घायल का ट्रामा सेंटर में चल रहा ईलाज

**नौगढ़।** सोमवार की रात अनियंत्रित होकर पिकअप व बाइक की हुई टक्कर में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। रात्रि में ही मृतकों की शिनाख्त सुरेश 40 वर्ष निवासी दानोगढा थाना चकरघट्टा व प्रदीप 29 वर्ष निवासी ग्राम पथरकुआं थाना मांची जनपद सोनभद्र के रूप में करके पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजवा दिया। वहीं दानोगढा गांव निवासी नन्दलाल 27 वर्ष को गंभीर रूप से घायल होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने घायल नन्दलाल की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने पिकअप वाहन व बाइक को कब्जे में ले लिया है।

# प्रमुख सचिव के समक्ष रखीं नौगढ़ क्षेत्र की समस्याएं

**जनसंदेश न्यूज**


प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मुलाकात करते गोविंद सिंह।

**नौगढ़।** क्षेत्र के पर्यावरण विद गोबिंद सिंह उर्फ बलिराम सिंह ने सूबे मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि काशी वन्य जीव प्रभाग रामनगर अन्तर्गत वनो का निरंतर दोहन व आरक्षित वनभूमि का भू भाग दिनों दिन सिमटता जा रहा है।

आरक्षित वनभूमि मे हो रहे अवैध निर्माण कार्य पर भी वन विभाग का अंकुश नहीं है। जनपद के सबसे पिछड़े व अशांत रह चुके क्षेत्र में समुचित शिक्षण संस्थाओं का अभाव एवं औद्योगिक संस्थान नहीं होने से गरीबों को मेहनत मजदूरी कर आय अर्जन करने के लिए देश के बड़े बड़े शहरों में पलायन करना होता है। चन्द्रप्रभा सेंचूरी एरिया में आसीन चन्द्रप्रभा जलाशय का जलीय प्रजातियों एवं पशु पक्षियों के लिए पानी आरक्षित होने, हंटिंग शूटिंग एवं फिशिंग के लिए प्रतिबंधित होने के बावजूद भी मत्स्य आखेट मे ठेकेदार को नीलाम कर दिया गया। ठेकेदार द्वारा जलाशय के पानी को भी प्रभागीय वनाधिकारी व अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग की मिलीभगत से बहा दिया गया। मत्स्य पालन के लिए चन्द्रप्रभा जलाशय का ठेका करीब 96 लाख रुपये में दिया गया था।जिसमें लगभग 40 लाख रुपये की राशि जमा होने पर ही जिम्मेदार अधिकारी द्वय की सैद्धांतिक सहमति पर ठेकेदार ने मत्स्य आखेट कर लिया, जिससे राजस्व की अदायगी भी नहीं हो सकी। कहा कि जंगली जीवों का समूह प्यास बुझाने के लिए गांवों बस्तियों की ओर रुख करने लगा है। जिनके प्राणों पर संकट शिकारी कुत्तों व शिकारियों से होने की प्रबल संभावना है। बताया कि मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण कराए जाने की विशेष पहल किए जाने का भरोसा दिया है।

### नौगढ़ बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**नौगढ़।** बार एसोसिएशन नौगढ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को तहसील परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी हेमंत मौर्या ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यानंद तिवारी सहित पदाधिकारियों को पद एवं दायित्वों के अनुरूप भली प्रकार से निर्वहन करने का शपथ दिलाया। शपथ ग्रहण के बाद बार एसोसिएशन नौगढ़ के अध्यक्ष सत्यानंद तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता हित में सदैव तत्पर रहकर समस्याओं का निराकरण कराना प्राथमिकता में शुमार रहेगा। बताया कि नवनिर्मित तहसील भवन में अधिवक्ताओं को खुले आकाश के नीचे बैठकर कार्य करने में हो रही घोर असुविधा के दृष्टिगत जल्द ही टीन शेड लगवाए जाने की पहल होगी। जिस आशा एवं उम्मीद के साथ अधिवक्ता साथियों ने अपना अमूल्य मत देकर के हमें पदासीन किया है। जिनके योगदान पर सदैव खरा रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करूंगा। शपथ ग्रहण करने वालों में महामंत्री विभूति नारायण व उपाध्यक्ष रणविजय व कोषाध्यक्ष रविशंकर शामिल रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार, उपजिलाधिकारी आलोक कुमार, तहसीलदार सुरेश चन्द्र मौजूद रहे।

# लापरवाही से चहनियां में लगा कूड़े का अंबार


चहनियां चैराहे के पास शिव मंदिर के समीप लगा कूड़े का ढेर।

**चहनियां।** कस्बा में एक दिन कूड़ा उठाया जा रहा है तो दो दिन कूड़े को नही उठाया जा रहा है। सफाई कर्मियों की लापरवाही से कस्बा में कूड़े का अंबार लगा हुआ है। सफाई कर्मियों की लापरवाही से कस्बावासियों में आक्रोश ब्याप्त है। चहनियां कस्बा में प्रतिदिन सफाई कर्मियों द्वारा सफाई करके कूड़ा मकान के सामने लगा देते है। जो प्रतिदिन सफाई कर्मी कूड़े की गाड़ी से कूड़ा फेंकते है। किन्तु इधर विगत कई दिनों से सफाई कर्मी एक दिन कूड़ा उठा रहे है तो एक दो दिन नागा कर दे रहे है, जिससे कूड़ा पूरे बाजार में इधर-उधर बिखरकर लोगों की दुकानों में जाता है। सफाई कर्मियों द्वारा इस लापरवाही को लेकर आक्रोश ब्याप्त है। कस्बावासियों का कहना है कि सरकार द्वारा सफाई कर्मियों को वेतन प्रतिदिन सफाई करने के लिए मिलता है जबकि ये एक दिन कूड़ा उठाते है तो दो दिन गैप कर देते है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। कस्बावासियों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराते हुए प्रतिदिन सफाई कराने की मांग की है।

# मारपीट में धारदार हथियार से हमला



**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव में 29 जनवरी की रात घरेलू विवाद में हुई मारपीट के दौरान एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में दी गई लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति व पत्नी के विरुद्ध मारपीट और एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। रामपुर गांव में सुशीला खरवार अपने दो पुत्र कृष्णा और दिनेश के साथ रहती है। उनके पति चंद्रभान बाहर रहकर नौकरी करते हैं। 29 जनवरी की रात 07:30 बजे के आसपास सुशीला देवी के घर के बाहर लगे करकट पर पड़ोस के लड़कों द्वारा पत्थर फेंकने को लेकर पड़ोसी चंदन यादव और ज्योति यादव के साथ सुशीला की कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई।

घटना के दौरान चंदन यादव हाथ में तलवार लेकर सुशीला देवी 45 वर्ष और कृष्णा खरवार 18 वर्ष को तलवार से हमला करके घायल कर दिया। आनन-फानन में सुशीला और कृष्णा को परिजनों ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। सुशीला ने घटना के बाबत लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी चंदन और ज्योति के विरुद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506, 452 और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल मुकेश कुमार ने बताया कि घटना के बाद से चंदन फरार चल रहा है उसकी पत्नी ज्योति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## लाखों खर्च के बाद भी सामुदायिक शौचालय बना शोपीस

**सकलडीहा।** तहसील मुख्यालय पर अधिवक्ताओं की मांग पर महीनों पर लाखों रूपया खर्च करके सामुदायिक शौचालय बनाया गया था। लेकिन शौचालय का उद्घाटन तो दूर शौचालय के समीप जलभराव के कारण अधिवक्ताओं में आक्रोश पनपने लगा है। बार अध्यक्ष अशोक मिश्र ने समस्या का समाधान कराने की मांग किया है। लम्बे समय से तहसील के अधिवक्ता सामुदायिक शौचालय की मांग कर रहे है। एसडीएम के निर्देश पर दो माह पूर्व लाखों रुपए खर्च करके सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया। लेकिन जिलाधिकारी द्वारा सामुदायिक शौलचाय का उद्घाटन नही किये जाने के कारण बंद पड़ा है। शौचालय का पानी शौचालय के आसपास बहने व जलभराव के कारण समस्या उत्पन्न होगया है। बार अध्यक्ष अशोक मिश्रा, सुरेश यादव, आशुतोष सिंह, दुर्गेश सिंह, संतोष सिंह, डीपी सैनी, राजेश पाल ने समस्या का शीघ्र समाधान की मांग किया है। तहसीलदार विकास घर दूबे ने समस्या का शीध्र समाधान कराने की बात कही है।

# पैमाइश को लेकर प्रशासन की मनमानी का आरोप

**नाराजगी**

**आक्रोशित ग्रामीणों ने राजस्व टीम पर लगाया मनमानी का आरोप**

**जनसंदेश न्यूज**


पैमाइश को लेकर ओड़वली गांव के समीप आक्रोशित ग्रामीणों को समझाती पुलिस।

**सकलडीहा।** ओडवली गांव में राजस्व विभाग की टीम पुलिस फोर्स के साथ मंगलवार को दोपहर में पैमाइश के लिए पहुंची हुई थी। इस दौरान वर्षो पूर्व बनी मकान में रह रहे परिवार को हटाने को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने राजस्व टीम पर मनमानी का आरोप लगाया। उधर तहसील प्रशासन ने ग्रामीणों के आरोप को निराधार बताया।

सकलडीहा रेलवे स्टेशन मार्ग पर ओड़वली पुलिया के समीप वर्षो पूर्व शंकर राजभर वगैरह को आराजी नंबर 95 पर (खाद गड्ढे के भूमि पर) आवंटन हुआ है। आराजी नंबर 96 पर तीन साल पूर्व मंजू तिवारी ने एक बिस्सा बैनामा लिया है। जबकि वर्षो से आराजी नंबर 96 पर शंकर राजभर द्वारा मकान बनाकर परिवार सहित रहते है। जब इसकी जानकारी मंजू तिवारी को हुआ तो थाना दिवस पर शिकायत किया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंची राजस्व टीम निर्मित मकान को 96 नंबर बताने पर ग्रामीण भड़क गये। काफी विरोध के कारण टीम वापस लौट गयी। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षो पूर्व निर्माण के दौरान क्यों नहीं पैमाइश कराया गया। मकान बनने के बाद गिराने की बात कही जा रही है। इस बाबत कानूनगो गयास-द्दीन व लेखपाल विकास गुप्ता ने बताया कि 96 नंबर पर मकान बना हुआ है। जहां परिवार रहता है। इस मौके पर एसआई मनेश शंकर द्विवेदी, शिवप्रसाद गिरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# समय से पूर्ण कराएं मेडिकल कॉलेज का निर्माण: डीएम



कलेक्ट्रेट में अफसरों संग बैठक करती जिलाधिकारी।

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में बाबा कीनाराम राजकीय मेडिकल कालेज परिसर चंदौली के निर्माण कार्यों की प्रगति से संबंधित तकनीकी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बाउंडरीबाल, सड़क, लाइब्रेरी व हास्टलों सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर कार्यदाई संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाया जाना सुनिश्चित हो। कहा कि आवश्यकता अनुसार अधिक संख्या में मजदूरों को लगाते हुए कार्य को निर्धारित समय सीमा मार्च 2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराएं। कार्य में मानक एवं गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने विद्युत स्टीमेट का रिमाइंडर भेजने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी वाराणसी और चंदौली सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नाबालिग के अपहरण के मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर गांव का ही युवक फरार हो गया है। किशोरी के पिता ने बीते 30 जनवरी को घटना के बाबत लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है पुलिस आरोपी युवक सहित उसके माता-पिता के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर अगली कार्रवाई में जुटी है। नाबालिग किशोरी के पिता पंचम साहनी ने बताया कि बीते 25 जनवरी की सायं 7 बजे उसकी लड़की सिवान में शौच करने गई थी। जहां से गांव का ही युवक दिलीप उर्फ पिंटू उसे बहला-फुसलाकर साथ में लेकर फरार हो गया। 2 दिन बाद उसके व्हाट्सएप पर आरोपी युवक दिलीप द्वारा उसकी बेटी और अपनी फोटो भेज कर धमकी दी जाने लगी। कोतवाल मुकेश कुमार ने बताया कि पंचम साहनी की तहरीर पर आरोपी युवक दिलीप उसके पिता कल्पु और माता कुसुम के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सर्विलांस के माध्यम से मोबाइल नंबर के लोकेशन को ट्रेस कराया जा रहा है।

# जर्जर पोल दे रहे दुर्घटना को दावत



नई बस्ती में जंग लगने के कारण जर्जर विद्युत पोल।

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के नई बस्ती स्थित वार्ड नंबर 6, महमूदपुर मोहल्ले में कई दशक से जर्जर पड़े विद्युत पोल बड़ी दुर्घटना को दे रहे हैं।

दावत वार्ड वासियों ने नाराजगी जताते हुए विद्युत कर्मियों पर लगाए आरोप वार्ड नंबर 6 निवासी संजीव कुमार सोनकर ने बताया कि कई सालों से यहां का विद्युत का पुल टूटकर लटका हुआ है, जिसकी शिकायत हम लोगों ने कई बार विद्युत विभाग को किया।

इसके बाद भी विद्युत कर्मियों की लापरवाही इस कदर है कि शिकायत के बाद भी पोल और जर्जर हुए तार को सही नहीं कराया गया। महमूदपुर निवासी संजय कुमार सोनकर ने बताया कि यहां पर एक पोल खराब नहीं है लगभग 4 से 5 पोल जर्जर पड़े हुए हैं, एक भी पोल गिरा तो इसके साथ तीन से चार पोल और भी गिर जाएंगे, जिससे बड़ी घटना हो सकती है इसका केवल कई मकानों से सटा हुआ है जो बारिश के समय मकानों में करंट आता रहता है कई बार लोगों को करंट लग चुका है जिसकी शिकायत हम लोगों ने अभी 15 दिन पहले ही विद्युत विभाग को किया था, बावजूद अब तक झज्जर बड़े पुल जर्जर पढ़े पोल और उसके तार को बदला नहीं गया है जिससे बड़ी घटना भी हो सकती है।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर दो को

**शहाबगंज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इलिया पर 2 फरवरी को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में जिला मुख्यालय के चिकित्सकों द्वारा जांच कर दवा दिया जाएगा। यह जानकारी देते हुये प्रभारी चिकित्साधिकारी निलेश मालवीय ने बताया कि शिविर में मानसिक रोग से सम्बन्धित मरीज शिविर का लाभ उठायें।

### दयानंद गिरि आश्रम पहुंचे विराट और अनुष्का

ऋषिकेश। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली आजकर धार्मिक यात्रा पर हैं। विराट अपनी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका के साथ लगातार मंदिर दर्शन करने के साथ ही साधू महात्माओं के आश्रम में भी पहुंच रहे हैं। विराट श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से पहले वृंदावन गए थे। उससे पहले वह अपनी पत्नी के साथ नैनीताल के एक मंदिर में भी दर्शनों के लिए गए थे। अब वह ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम पहुंच गए हैं। स्वामी दयानंद प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के भी गुरु हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार विराट आजकल ब्रेक पर हैं और अब वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से वापसी करेंगे।

# तीसरे टी20 मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत और न्यूजीलैंड

**अहमदाबाद।** भारत और मेहमान टीम न्यूजीलैंड बुधवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीसरे और अंतिम टी20 क्रिकेट मैच में जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम करने उतरेंगी। ऐसे में यह मुकाबला बेहद रोमांचक होना तय है। अब तक दोनो ही टीमें इस सीरीज में 1-1 से बराबरी पर है। न्यूजीलैंड ने पहला जबकि भारतीय टीम ने दूसरा टी20 मैच जीतकर सीरीज में वापसी की है। ऐसे में तीसरे मैच और सीरीज में जीत के लिए दोनो ही टीमें पूरी ताकत लगा देंगी हालांकि अगर आंकड़ों पर गौर करें तो इस मैच में भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। भारतीय टीम ने अब तक यहां खेले गये छह मैचों में से चार जीते हैं और केवल दो मैचों में ही उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम को रांची में खेले गए पहले टी20 मैच में 21 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद लखनऊ में भारतीय टीम ने कठिन हालातों के बाद भी जीत दर्ज की। जिसमें टीम इंडिया ने वापसी करते हुए 6 विकेट से मैच जीता और सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। अब तीसरा मुकाबला निर्णायक है जिसमें भारतीय टीम कोई गलती नहीं करना चाहेगी। इस टी20 सीरीज में भारतीय टीम का शीर्ष क्रम अब तक विफल रहा है। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ईशान किशन टीम को अच्छी शुरूआत नहीं दे पाये हैं। वहीं तीसरे नंबर पर राहुल त्रिपाठी भी रन नहीं बना पाये हैं। ऐसे में यदि तीसरा मैच जीतकर सीरीज पर कब्जा जमाना है तो शीर्ष क्रम के भारतीय बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वहीं पहले टी20 मैच में भारतीय टीम ने 15 रनों पर ही तीन विकेट खो दिए थे। ईशान शुभमन और आकाश पेवेलियन लौट गए थे जबकि दूसरे एकदिवसीय मैच में तीसरा विकेट 50 रनों पर गिरा था। ऐसे में शीर्ष स्तर पर भारतीय टीम को तीसरे मैच में यह गलती नहीं करनी होगी। शुभमन ने अब तक 5 और राहुल त्रिपाठी ने 4 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इन दोनो ही खिलाड़ियों ने अब तक अर्धशतक नहीं लगाये हैं। ऐसे में कप्तान हार्दिक पंड्या इस मैच में किसी एक की जगह पर पृथ्वी शॉ को अवसर दे सकते हैं। पृथ्वी जुलाई 2021 के बाद से ही भारतीय टीम से बाहर हैं। उन्होंने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए असम के खिलाफ 383 गेंदों पर 379 रन बनाये थे। इस पारी में पृथ्वी ने 4 छक्के और 49 चौके लगाये हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 98.96 का रहा है।

वहीं युवा तेज गेंदबाज शिवम मावी भी अब तक इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। पहले मैच में उन्हें 2 ओवर मिले थे जिसमें उन्होंने 19 रन देकर एक विकेट लिया था। वहीं दूसरे मैच में मावी को एक ही ओवर गेंदबाजी मिली थी। इसमें वह एक भी विकेट नहीं ले पाये। ऐसे में इस मैच में उनकी जगह तेज गेंदबाज उमरान मलिक को भी अवसर मिल सकता है। वहीं दूसरी ओर मेहमान कीवी टीम भी जीत के लिए पूरा जोर लगा देगी हालांकि यह उसके लिए आसान नहीं होगा।

**भारतीय टीम:** हार्दिक पंड्या (कप्तान) सूर्यकुमार यादव (उप-कप्तान) ईशान किशन (विकेटकीपर) शुभमन गिल दीपक हुड्डा राहुल त्रिपाठी जितेश शर्मा (विकेटकीपर) वॉशिंगटन सुंदर कुलदीप यादव युजवेंद्र चहल अर्शदीप सिंह उमरान मलिक शिवम मावी पृथ्वी शॉ मुकेश कुमार।

**न्यूजीलैंड टीम:** मिशेल सेंटनर (कप्तान) फिन एलेन माइकल ब्रेसवेल मार्क चैपमैन डेन क्लीवर डेवोन कॉन्वे जैकब डफी लॉकी फर्ग्यूसन बेन लिस्टर डेरेल मिचेल ग्लेन फिलिप्स माइकल रिपन हेनरी शिपले ईश सोढ़ी और ब्लेयर टिकनेर।



ब्रिटेन में डर्बी काउंटी और वेस्ट हैम यूनाइटेड एफए कप फुटबॉल में खेलते हुए।

## परामर्श शिविर में लाभान्वित हुए मरीज

**वाराणसी।** सारनाथ स्थित जेपी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क प्रसूति एवं स्त्री रोग परामर्श



शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श दिया गया इसके साथ ही निःशुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संध्या यादव पूर्व सीनियर रेजिडेंट बीएचयू एवं वरिष्ठ सहयोगी डॉ. सुनील यादव द्वारा स्त्री रोगों से जुड़ी समस्याओं के निदान हेतु परामर्श दिया गया। जांच में कुल 42 मरीजों में सर्वाधिक 20 महिलाओं में महावारी संबंधी अनियमितताएं पाई गई, 11 महिलाओं में पीसीओडी, तीन महिलाओं में फाइब्रॉराइड तथा आठ मरीजों में ल्यूकोरिया, बांझपन प्रेगनेंसी के दौरान ब्लडप्रेशर एवं रक्त की कमी आदि समस्याएं देखी गई। प्रसुति पूर्व सलाह व गर्भावस्था के दौरान खानपान, सावधानियां संबंधी जानकारी का भी लाभ गर्भवती महिलाओं को मिला। डॉ. संध्या ने बताया कि पीसीओडी के कारण महिलाओं में बांझपन, अनियमित महावारी एवं मोटापा की समस्याएं होती हैं।

## बाल कलाकारों ने काशी का नाम किया रौशन



**वाराणसी।** काशी की प्रतिष्ठित संगीत संस्था शिल्पायन द म्यूजिक हब के नवोदित बाल कलाकारों ने काशी का नाम बाहर की प्रतियोगिताओं में रोशन किया। इन नवोदित बाल कलाकारों में प्रियांशु घोष को गांधर्व प्रज्ञा की उपाधि और 21,000 की धनराशि झंकृति प्रतियोगिता में प्राप्त हुई। सुर संगम संस्थान जयपुर में अक्षत प्रताप सिंह एवं आद्या मुखर्जी को द्वितीय पुरस्कार एवं प्रत्येक को 10,000 की धनराशि दी गई। संस्था के अध्यक्ष पं देवशीष डे एवं सचिव डा रागिनी सरना ने बाल कलाकारों को बधाई देते हुए उनके उत्तरोत्तर मंगल की कामना की है।

## शेफाली-श्वेता और पार्शवी आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट घोषित की है। इसमें तीन भारतीय खिलाड़ियों कप्तान शेफाली वर्मा उपकप्तान श्वेता सेहरावत और स्पिनर पार्शवी चोपड़ा को शामिल किया गया है। शेफाली ने विश्वकप में 193 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वह 172 रनों के साथ ही टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी थीं। वहीं गेंदबाजी में भी शेफाली ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सात मैचों सबसे ज्यादा चार विकेट लिए और इस दौरान उसका इकॉनमी रेट 5.04 रहा। वहीं उपकप्तान श्वेता विश्वकप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। श्वेता ने पहले ही मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 92 रन बनाने के अलावा उन्होंने यूएई के खिलाफ नाबाद 74 और न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 61 बनाए। वहीं पूरे टूर्नामेंट में 99 की औसत और 139.43 के स्ट्राइक रेट से 297 रन बनाये।



भारत की ही पार्शवी को पहले तीन मैचों में केवल दो विकेट मिले पर इसके बाद उसने लय हासिल करते हुए छह मैचों में 11 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं। अंतिम सुपर सिक्स मैच में पार्शवी ने श्रीलंका के खिलाफ केवल 5 रन देकर 4 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में तीन और फाइनल में दो विकेट लिये। आईसीसी की इस टीम की कप्तानी इंग्लैंड की कप्तान ग्रेस स्क्रिवेंस को सौंपी गयी है।

ग्रेस को भी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भी मिला। इसके अलावा इंग्लैंड की ही लेग स्पिनर हन्ना बेकर और तेज गेंदबाज एली एंडरसन को भी इस टीम में जगह मिली है। इस टूर्नामेंट के लिए शामिल अन्य खिलाड़ी हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड की बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर श्रीलंका की हरफनमौला देवमी विहंगा बांग्लादेश की बल्लेबाज शोरना एक्टर दक्षिण अफ्रीका की विकेटकीपर कराबो मेसो ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मैगी क्लार्क और पाकिस्तान की बाएं हाथ के स्पिनर एनोशा नासिर शामिल हैं।

## बॉलीवुड न्यूज

### रूपाली गांगुली ने शो के बारे में की खुलकर बात

**मुंबई।** स्टारप्लस का सबसे पसंदीदा फैमिली ड्रामा अनुपमा दो साल से अधिक समय से बड़ी सफलता हासिल कर रहा है, इसकी व्यूअरशिप भी खूब है और अपनी आकर्षक



कहानी और शानदार प्रदर्शन के साथ भारत में टॉप रेटेड हिंदी फिक्शन शो बन गया है। यह शो 2020 में शुरू हुआ और हफ्ते दर हफ्ते टॉप टीआरपी रेटिंग हासिल करता रहा। यह भारतीय टेलीविजन पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो में से एक रहा है, जिसने अपनी जबरदस्त सफलता का प्रदर्शन किया है। इस खास मौके और कड़ी मेहनत को चिह्नित करने के लिए, टीम ने एक सेलिब्रेशन रखा जहां उन्होंने सभी की कोशिशों को पहचाना और हर एक व्यक्ति द्वारा किए गए उनके अमूल्य योगदान के लिए अपना आभार व्यक्त किया जिनकी वजह से आज शो इस मुकाम पर है। यह उनके समर्पण और वफादारी के लिए आभार व्यक्त करने का मौका है। इसके बाद टीम ने केक कटिंग सेरेमनी की। जैसा कि इस खास मौके पर शो की टीम मौजूद थी, *रूपाली गांगुली उर्फ अनुपमा ने स्टेज पर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा के लिए आपके आभारी हैं राजन शाही, आप एक जादूगर हैं और स्टार प्लस को धन्यवाद हमें वो बानने के लिए जो आज हम हैं। हम जहां भी जाते हैं मुझे खुशी होती है कि लोग मुझे रूपाली के बजाय अनुपमा कहते हैं, मुझे गर्व महसूस होता है। मैं अगले दिन काम पर वापस आने के लिए बहुत उत्साहित रहती हूं और मुझे उम्मीद है कि यह उत्साह जारी रहेगा। हम चलते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा , मैंने 2016 में अपने पिता को खो दिया था, लेकिन जब मैं सेट पर आती हूं तो मुझे उनकी मौजूदगी का ऐहसास होता है। इसलिए, यह मेरा घर है। यह मेरा घर है और मैं सेट पर कम से कम 12 घंटे बिताती हूं और मुझे हर दिन यहां रहना पसंद है। आप में से हर एक को धन्यवाद।

### दीपक मुकुट की फिल्मों में फिर से करेंगे खुद को साबित

**इंदौर।** भारतीय फिल्म निर्माण में दीपक मुकुट एक ऐसा नाम है जिसने दर्शकों को छोटे-छोटे अर्थपूर्ण सिनेमा देने के साथ शुरूआत की। समय के साथ, उनके लक्ष्य का सार मजबूत होता गया, जबकि पैमाना बड़ा होता गया। पिछले साल उन्होंने दर्शकों को दो मनोरंजक प्रोजेक्ट दिए जिनमें से एक सबसे बड़ी महिला प्रधान हिंदी एक्शन फिल्म धाकड़ थी और दूसरी मिस्ट्री थ्रिलर फोरेंसिक है। इस साल भी वह कुछ प्रभावशाली और दिलचस्प सिनेमा को



बढ़ावा देते हुए नई ऊंचाइयों को छूने का लक्ष्य बना रहे हैं, जिससे उन्हें एक्सपेरिमेंट करने के लिए एक बड़ा कैनवास मिल सके। ऐसे में जहां कुछ निमार्ता अपनी फिल्मों के शानदार प्रदर्शन के बाद अपने रास्ते से भटक जाते हैं, वहीं दीपक मुकुट के लिए, बड़े बजट, मनोरंजक और सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्में देने का उनका दृढ़ संकल्प और भी मजबूत हो गया है। उन्होंने चीजों को बहुत ही पॉजिटिव तरीके से लिया है और धाकड़ के खराब बॉक्स प्रदर्शन के बावजूद, कुछ और एंटरटेनिंग स्क्रिप्ट्स में पैसा लगाया और एक मौका और जोखिम उठाया है जिससे कोई भी दूसरे निमार्ता दूर भाग सकते हैं। धाकड़ की बॉक्स ऑफिस फेलियर ने मुकुट की जोश को कम नहीं किया क्योंकि उन्होंने इसका पॉजिटिव साइट देखा। वह कई लोगों के लिए एक उदाहरण बन गए और महिला प्रधान एक्शन फिल्मों के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया।

## स्टैंड के बाहर भी खड़े हो रहे वाहन, हो रही वसूली

**कैंट स्टेशन**

### कैंट स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर स्थित दो पहिया वाहन स्टैंड संचालक की मनमानी जारी

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी। कैंट** स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के द्वितीय प्रवेश द्वार पर स्थित दो पहिया वाहन स्टैंड संचालक की मनमानी से रेलवे से जहां रेलवे के राजस्व में घाटा हो रहा है वहीं राहगीरों सहित यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं में वाहन स्टैंड को भी माना गया है, ताकि अपने वाहनों से यात्री व स्टेशन पर आने वाले परिजन के वाहन पूरी तरह से सुरक्षित रहें, इसके लिए रेलवे की ओर से अपने सर्कुलेटिंग एरिया में कुछ क्षेत्र ठेका पर देने का प्रावधान है इससे रेलवे को भी राजस्व प्राप्त होता है। लेकिन इन वाहन स्टैंडों का ठेका मिलने के बाद संचालकों की ओर से मनमानी शुरू कर दी जाती जिस पर अधिकारियों व रेलवे की ओर से जारी निर्देश का भी असर नहीं होता है।

**दायरे से बाहर खड़े हो रहे वाहन**

द्वितीय प्रवेश द्वार का दो पहिया वाहन स्टैंड चारो तरफ से चहारदीवारी से बंद किया गया है। बावजूद इसके इस बाउंड्री के सामने दर्जनों वाहनों को संचालक की ओर से लगवा दिया जा रहा है, इस स्थान पर ऐसे वाहन 24 घंटे संचालित हो रहे हैं। इस ओर संबंधित विभाग से जुड़े कई कर्मचारियों को दिन भर आना होता है बावजूद इसके इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा।

**पूर्व में वसूली का रहा है मामला**

इस स्टैंड पर मानक से ज्यादा शुल्क लेने के संबंध कड़ी कार्रवाई के लिए स्टेशन निदेशक की ओर से मंडल में संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस पर भी कार्रवाई की जायेगी।

## बीएसएनएल कार्यालय के सामने गड्ढा करके छोड़ा



**वाराणसी।** जलकल विभाग भेलूपुर की ओर से सीवर का कार्य बीएसएनएल कार्यालय के सामने कराया जा रहा है। विगत तीन दिनों से केवल गड्ढा करके छोड़ दिया गया है और कई बार अनुरोध करने के बावजूद कार्य को पूर्ण नहीं कराया गया है। जिससे आने जाने वाले सभी व्यक्तियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इससे सरकारी कार्य में भी बाधा हो रही है और बीएसएनएल की केबल ऑप्टिकल फाइबर जो कई जिलों को नेटवर्क प्रदान करता है क्षतिग्रस्त होने की संभावनाएं हैं। ऑप्टिकल फाइबर केबल को सुरक्षित करा कर कार्य को अति शीघ्र पूर्ण को कहा गया है।

## हार्दिक की शिकायत के बाद पिच क्यूरेटर बर्खास्त

**मुम्बई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच लखनऊ में हुए दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में खराब पिच के लिए क्यूरेटर पर गाज गिरी है। इस पिच पर दोनो ही टीमें रन नहीं बना पायीं थी। इसके बाद भारतीय टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि टी20 मैचों के लिए ऐसी पिचें नहीं होनी चाहिये। हार्दिक के अलावा पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर और कई दिग्गजों ने भी इस पिच को सही नहीं बताया था। दोनो ही टीमों के लिए इकाना की पिच पर 100 रन बनाने भी मुश्किल हो गये। भारतीय टीम ने किसी प्रकार यह मैच जीतकर सीरीज में बराबरी हासिल की। मैच के बाद पिच को लेकर सवाल उठे। इसी को देखते हुए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिशन (यूपीसीए) ने पिच क्यूरेटर को बर्खास्त कर दिया है।



हार्दिक ने इस पिच को सदमा देने वाला विकेट करार दिया था। इस विकेट पर 39.5 ओवर में कुल 200 रन बने। हार्दिक ने इससे पहले रांची के जेएससीए स्टेडियम की पिच को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की थी। पंड्या ने कहा था कि दोनों मैचों में विकेट टी20 मैच के लायक नहीं था। सूत्रों के मुताबिक इकाना स्टेडियम के पिच क्यूरेटर ने इस मुकाबले के लिए काली मिट्टी वाली दो पिचें तैयार की थी हालांकि इसके बाद भी भारतीय टीम प्रबंधन ने अंतिम समय पर क्यूरेटर से लाल मिट्टी वाली नया पिच तैयार करने को कहा था। कम समय में इस नई पिच को सही तरीके से तैयार नहीं किया जा सका। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा था कि पिच को लेकर क्यूरेटर ही कोई जवाब दे पायेंगे।

## व्यापारियों से किये वादे पूरे करें प्रदेश सरकार

**उठी आवाज**

**लोकसभा चुनाव में होगी व्यापारियों की अहम भूमिका**

**वाराणसी।** प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश ने व्यापारियों से किये गये वादों को पूरा करने की मांग प्रदेश सरकार से की। संगठन की कानपुर में सम्पन्न व्यापारी महापंचायत में वक्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने तमाम वादे व्यापारियों से किये। व्यापारियों ने अपना वादा पूरा किया और अब सरकार की बारी है कि वह भी अपने वादों को पूरा करें। महापंचायत में जुटे प्रदेश के विभिन्न जिलों के व्यापारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा और तय हुआ कि इस बाबत एक पत्रक बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने कहा केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार ने किए गये वादे पूरे नहीं किये। हम मांग करते हैं कि व्यापारी से किये गए वादे पूरे हो। राष्ट्रीय महासचिव हाजी बदरुद्दीन अहमद ने कहा कि चुनाव के दौरान हर पार्टी व्यापारियों से तमाम वादे करती है, लेकिन जीतने के बाद भूल जाती है। उम्मीद है कि प्रदेश सरकार ऐसा नहीं करेगी और व्यापारियों से जो वादे किये गये हैं, उसे पूरा करेगी।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापंचायत को प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र गुप्ता, नीरज गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, मोहित अग्रवाल, रामशंकर गुप्ता, मनीषा जैन, स्नेहलता सिंह, सरिता शुक्ला, कीर्ति अग्निहोत्री आदि ने संबोधित किया।

## भाजपा ने की संगठन विस्तार व महाअभियान पर चर्चा

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें डाटा प्रबंधन एवं उसके उपयोग, संगठन विस्तार अभियान के अंतर्गत प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी मीना चैबे ने डाटा प्रबंधन एवं उसका उपयोग कैसे करें इस पर जानकारी दी। इस दौरान मीना चैबे ने कहा कि संगठन का विस्तार व महाअभियान के अंतर्गत मिस काल के जरिए नए सदस्य जोड़े जाएंगे। इसके लिए मोबाइल व तकनीक का सहयोग लिया जाएगा। अभियान से जुटाए गए डाटा का इस्तेमाल राष्ट्रहित में किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा कि निश्चित तौर से प्रदेश के द्वारा कार्यक्रम चल रहा है।

उसे हम सभी कार्यकताओं के अंदर एक ऊर्जा जगी है। हर कार्यकर्ता ऊजार्वान हो चुका है। जिस तरह से मोबाइल को चार्ज किया जाता है ठीक उसी प्रकार हम सभी कार्यकर्ता को चार्ज हो जाना है। इस दौरान उमाशंकर सिंह, सुजीत जायसवाल, शिवराज सिंह, जैनेंद्र कुमार, अनिल तिवारी, सुषमा जायसवाल, आलोक वरुण, देवेश पाण्डेय उपस्थित रहे।


भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला को संबोधित करते जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह।

## चंदौली के 100 विद्यालयों में चलेगी स्वच्छता की कक्षाएं

**चंदौली।** स्वस्थ इंडिया के तहत मंगलवार को सदर खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसका शुभारम्भ डीएम ईशा दुहन ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डेटाल इण्डिया के तहत जनपद के कुल 100 विद्यालयों को चयनित किया गया है। इसमें सदर ब्लाक के 50 विद्यालयों के 2 अध्यापकों को प्रशिक्षण देकर विद्यालयों में स्वच्छता संबंधित किट मुहैया कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि सप्ताह में 45 मिनट का एक क्लास रहेगा। इसमें बच्चों को स्वच्छता संबंधित टूल्स से 15 सप्ताह तक यह कार्यक्रम चलाया जायेगा। एक स्वच्छता कार्नर का निर्माण विद्यालय में डेटाल के द्वारा कराया जायेगा। बीएसए सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि अध्यापक जो प्रशिक्षण प्राप्त करें उसे विद्यालय में अपने स्वयं और बच्चों पर पूरी तरह से क्रियान्वयन कराएं। वाराणसी मण्डल संयुक्त निदेशक अवध किशोर सिंह ने कहा कि डेटाल इंडिया की ओर से वाराणसी जनपद में कुल 800 विद्यालयों में चल रहा है। इस कार्यक्रम को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एवं सांसद डा. महेंद्र नाथ पांडेय के निर्देश पर जनपद में कुल 100 विद्यालयों को चयनित किया गया है, जो विद्यालय का कार्य अच्छा रहेगा। उन विद्यालय के बच्चों और अध्यापकों को 2 अक्टूबर को स्वच्छ इंडिया के ब्रांड अम्बेस्डर अमिताभ बच्चन की ओर से सम्मानित कराया जायेगा। प्रशिक्षक संजय सिंह ने बताया कि बच्चों को अच्छी आदतें सिखायेगें तो समाज में एक बेहतर मैसेज जायेगा। यह कार्यक्रम वास्तव में बीमारी दूर करने का एक विशेष पहल है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# क्राफ्ट में आकृति, पोस्टर प्रतियोगिता में सुशांत प्रथम



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन में मंगलवार को क्राफ्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय जी-20 के प्रति जागरूकता था। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न तरह के क्राफ्ट,पोस्टर एवं पेंटिंग को प्रस्तुत किया।

क्राफ्ट में प्रथम स्थान आकृति सिंह, द्वितीय स्थान खुशी अरोरा और तृतीय स्थान पर आस्था यादव एवं सलोनी सोनी रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता

**कार्यक्रम**

**जी-20 के तहत आयोजित की गई प्रतियोगिता**

में प्रथम स्थान सुशांत सिंह, द्वितीय स्थान आराधना विश्वकर्मा और तृतीय स्थान अफरा एवं अदिति ने प्राप्त किया। पेंटिंग में प्रथम स्थान अमन सेठ, द्वितीय स्थान सलोनी सोनी ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बतौर निर्णायक मंडल में प्रो. वंदना राय, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. मनोज कुमार पांडेय उपस्थित रहे। इस मौके पर जी-20 की नोडल अधिकारी डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव ने जी-20 के उद्देश को समझाया। कहाकि यह हमारे देश के स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है। अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए हमें एकजुट होकर दुनिया के सामने अपनी ताकत और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करना है। इस अवसर पर अंबेसेडर डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि भारत का जी-20 अध्यक्ष बनना विकसित भारत के भावी तस्वीर की मात्र एक झलक है और भारत आने वाले समय में विश्व को वसुधैव कुटुंबकम के आर्थिक माडल से जोड़ने का प्रयास करेगा। इस प्रयास में हमारी नालेज इकोनॉमी और युवा शक्ति मददगार साबित होगी। इस अवसर पर डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. अनु त्यागी, संस्कार श्रीवास्तव, आंचल सिंह, किशन जायसवाल ओसिन आदि उपस्थित रही।

# कांग्रेस के बिना विपक्ष है अधूरा : सिराज मेंहदी

जनसंदेश न्यूज

**बातचीत**

**राकांपा के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा**

**जौनपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग हाजी सिराज मेंहदी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पूरे देश में अपना संदेश देने में कामयाब रही। हालांकि उत्तर प्रदेश में यात्रा बहुत कम स्थानों पर पहुंची बावजूद इसके उनकी यात्रा में जिस तरह से विपक्ष एकजुट होकर उनका समर्थन कर रहा है उससे यह बात साबित हो गया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बदलाव जरूर होगा। सिराज मेंहदी मंगलवार को शिया डिग्री कॉलेज में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव नजदीक है लेकिन लोग विकास के मुद्दे पर बात नहीं कर रहे हैं। चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष उनको यह देखना चाहिए कि देश का विकास रुका हुआ है और केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की ही चर्चा हो रही है जबकि चाइना हमारे देश के अंदर दाखिल होकर जमीन कब्जा कर रहा है। बेरोजगारी चरम



पत्रकारों से वार्ता करते सिराज मेंहदी

सीमा पर है। ब्यूरोक्रेट्स की मनमानी चल रही है ऐसे में लोग परेशान हैं उसकी तरफ नेताओं का ध्यान नहीं जा रहा है। सिराज मेंहदी ने कहा कि पाकिस्तान से हमारी दुश्मनी जग जाहिर है उसे हम कई जंगो में हरा चुके है, ऐसे में इस पर चर्चा कर भाजपा मुद्दे को से डाईवर्ट कर रही है। बावजूद इसके बार-बार जब चुनाव आता है तो भाजपा के लोग इसको मुद्दा बनाकर लोगों का ध्यान भटकाने का काम करते हैं। उन्होंने कहाकि आज किसान परेशान है लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार के नेतृत्व में विपक्ष को एकजुट किया जा रहा है और कांग्रेस के बिना विपक्ष पूरा अधूरा है। ऐसे में कांग्रेस को इग्नोर नहीं किया जा सकता। सिराज मेंहदी ने कहा कि एक अच्छे लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष होना जरूरी है यही लोहिया ने भी कहा था। ऐसे में जरूरत है कि हम लोग भाजपा को रोकने के लिए उनके जो वादे हैं जो वह पूरा नहीं कर सके जनता के बीच में जाएं और उस पर चर्चा करें।

उन्होंने कहा कि कुछ राज्य के मुख्यमंत्री कांग्रेस को इग्नोर करने की बात कर रहे हैं उन्हें देश हित में यह बात समझनी चाहिए कि कांग्रेस देश की एक सबसे बड़ी पार्टी है और उसके बिना हम आगे नहीं बढ़ सकते।

राम चरित मानस पर सवाल उठाने वाले सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या पर उन्होंने कहा कि उन्हें असल मुद्दे बेरोजगारी शिक्षा मदरसों की जांच का मुद्दा उठाना चाहिए पर ऐसे मामले को उठाकर वह भाजपा को बैठे-बिठाए उसका एजेंडा दे देते हैं। ऐसे बयानों से उनको बचने की जरूरत है क्योंकि राम चरित मानस पर किसी ने आज तक उंगली नहीं उठाई। जबकि देश ने बड़े से बड़े विद्वान पैदा किए हैं।

## मामूली विवाद में पिता-पुत्र पर कुल्हाड़ी से हमला



**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम खर्गसेनपुर में मंगलवार को शाम लगभग तीन बजे मामूली विवाद में दबंगों ने पिता पुत्र पर कुल्हाड़ी से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया।

गौरतलब है कि श्यामलाल यादव 64 वर्ष व जितेन्द्र यादव 35 वर्ष को दबंग ने उस समय कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया जब वह अपने नवनिर्मित मकान की दीवार की तराई कर रहे थे। तराई का पानी दबंग के आलू के खेत में चले जाने से मामूली कहा सुनी हो गयी। जिस पर दबंग ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसके चलते पीड़ित के सिर में गम्भीर चोटें आयी। घायलावस्था में परिजनों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं पीड़ित ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों ने मालगाड़ी को रोककर ट्रैक पर किया हंगामा

**करंजाकला।** मंगलवार की सुबह वाराणसी फैजाबाद रेल प्रखंड पर छपरा एक्सप्रेस मेहगांवा स्टेशन के आउटर पर करीब पांच घंटे तक ट्रेन खड़ी रही जिससे नाराज अभ्यार्थियों, यात्रियों ने जौनपुर जंक्शन की तरफ से आ रही मालगाड़ी रोककर छपरा एक्सप्रेस के ट्रैक के सामने हंगामा करना शुरू कर दिया। रेलवे कर्मचारी की माने तो दोहरीकरण के कारण ट्रेन को रवाना करने में देरी हुई है।

मंगलवार की सुबह मेहगांवा स्टेशन के आउटर पर सुबह करीब 4:15 पर छपरा एक्सप्रेस लगभग 5 घंटे तक रुकी रही। काफी समय बीत जाने के बाद जब ट्रेन रवाना नहीं हुई तो एसएससी जीडी की परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों ने छपरा एक्सप्रेस ट्रैक के साथ-साथ जौनपुर फैजाबाद मार्ग मेहगांवा स्टेशन के आउटर पर जौनपुर की तरफ से आ रही मालगाड़ी की ट्रैक पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। आनन-फानन में इसकी जानकारी



ड्राइवर और गार्ड ने जौनपुर आरपीएफ को दी। उधर ट्रेन में सवार एक मरीज की हालत बिगड़ने पर उसके परिजन और कुछ यात्रियों ने गार्ड से बातकर बेहतर इलाज की मांग की जिस पर लखनऊ से चलकर छपरा जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 15054 के गार्ड ने स्टेशन अधीक्षक से संपर्क कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा गया। मरीज की तबियत ज्यादा खराब होने से उसके परिजन और यात्रियों में गुस्सा और बढ़ता गया। यात्री ने बताया कि ट्रेन अपने निर्धारित समय से चल रही थी और 4:15 के आसपास मेहरावां रेलवे स्टेशन को पार कर मेहगांवा स्टेशन के आउटर पर आकर खड़ी हो गई। ट्रेन में सवार 200 से अधिक परीक्षार्थी शामिल थे जिन्हें सुबह 9 बजे एसएससी जीडी की हो रही परीक्षा में शामिल होने के लिए जा रहे थे ट्रेन की देरी के कारण कई लोगों की परीक्षा छूट गई। मौके पर किसी तरीके से ट्रैक को खाली कराकर ट्रेन को स्टेशन पर खड़ी करा दिया गया जहां पर ट्रेन को काफी देर खड़े होने के बाद एक बार

**दुस्साहस**

**पांच घंटे तक रुकी रही छपरा एक्सप्रेस**

**ट्रैक के दोहरीकरण और मरम्मत के कारण ट्रेन को रवाना करने में हुई देरी**

पुनः सभी यात्रियों ने स्टेशन अधीक्षक के कार्यालय में घुसकर हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसमें आरपीएफ के कुछ जवानों से यात्रियों की नोकझोंक भी हुई। आरपीएफ के जवानों ने यात्रियों को समझाया कि रेलवे के दोहरीकरण के कारण ट्रैक संख्या 1 और 2 पूरी तरीके से ब्लॉकिज चल रहा है। यात्रियों की माने तो कई यात्रियों ने बताया सभी ट्रेनों को पास दिया जा रहा था जिससे ट्रेन जौनपुर जंक्शन से चलकर लखनऊ के लिए जा रही थी। कई यात्रियों ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत

> जौनपुर जंक्शन से लेकर खेतासराय के दोहरीकरण का काम पूरा हो चुका है। ट्रैक संख्या 1 और 2 पर दो दिन के लिए दोनों ट्रकों को बंद कर दिया गया है जिससे ट्रेन के संचालन में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। 5 घंटे की देरी से ट्रैक में समस्याओं के कारण ट्रेन को रवाना किया गया।
>
> **अमित कुमार, स्टेशन अधीक्षक मेहगांवा**

ट्विटर के माध्यम से रेलवे बोर्ड को भी की है। रेलवे कर्मचारियों की माने तो जौनपुर से खेतासराय के दोहरीकरण का काम अंतिम चरण में है जिससे ट्रक संख्या 1 और 2 दो दिन से पूरी तरीके से बंद कर दिया गया है। 2 फरवरी के बाद इंट्रा को पर भी ट्रेनों का संचालन तेज गति से किया जाएगा। काम के चलते ट्रेन को रवाना करने में देरी हुई।

## संक्षेप

### दबंगों ने निर्माणाधीन दीवार को तोड़ा, विरोध करने पर किया फायर

**जफराबाद।** जलालपुर क्षेत्र के तालामझवारा गांव में कुछ दबंगों द्वारा एक व्यक्ति की निर्माणाधीन दीवार तोड़ने और तमंचे से फायर करने का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा स्थानीय थाने पर तहरीर दिया गया है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है। तालामझवारा गांव निवासी रवि भूषण चौबे ने पुलिस को दिये गए तहरीर में आरोप लगाया है कि मंगलवार की सुबह करीब दो बजे मेरे पड़ोसी सुधीर चौबे आदि ने मिलकर मेरे निर्माणाधीन दीवार को गिरा दिया और मना करने पर उन लोगों की तरफ से तमंचे से फायर किया गया। रवि भूषण चौबे ने बताया कि तमंचे से फायर होने के बाद हम लोग घबरा गए और किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागकर डायल 112 पर सूचना दिया। मौके पर पुलिस पहुंची तब तक वह लोग भाग चुके थे।

### विद्यालय में लगी एलईडी टीवी चोरी

**केराकत।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा पसेवा में बीती रात चोरों ने शैक्षिक स्तर बढ़ाने के लिए लगे एलईडी टीवी को चुरा लिया। क्षेत्र के पसेवा गाँव में सोमवार देर रात प्राथमिक विद्यालय पसेवा में लगी एलइडी टीवी को चोर ताला तोड़कर उठा ले गये। मंगलवार को स्कूल खोलने पहुँचे प्रभारी प्रधानाध्यापक रणजीत मौर्या ने देखा कि टीवी गायब है तो घटना की तहरीर कोतवाली में दी।

### गोवध निवारण के मुकदमे में फरार आरोपी धराया

**गभिरन।** गो-वध निवारण अधिनियम के मुकदमे में वांछित आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खुटहन थाने के निरीक्षक (अपराध) राम प्रवेश यादव व उनके हमराहियों ने आरोपित मुन्ना उर्फ जफर कुरैशी निवासी ग्राम पटैला को मंगलवार को मिले सुराग पर लक्ष्मी तिराहा बनुआडीह से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक लिखापढ़ी कर पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध खुटहन थाने में गो-वध निवारण एक्ट के अलावा बलवा, हत्या के प्रयास, जान से मार डालने की धमकी व क्रिमिनल ला एमेंडमेंड एक्ट के भी दो मुकदमे दर्ज हैं।

### गुमटी का ताला तोड़ चोरी

**सुइथाकला।** चौकी क्षेत्र के खानबड़ेपुर गांव के पास चाय पान की गुमटी का ताला तोड़ कर चोरी हो गयी। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी मुहम्मद काशिफ गांव के इण्डियन राइस मिल के बगल पुलिया के पास एक चाय पान की गुमटी रखकर किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार की रात चोरों ने उसकी गुमटी का ताला तोड़ कर उसमें रखा गैस चूल्हा, पान मसाला, वाटर कूलर व तीन ट्रे अण्डा उठा ले गये। मंगलवार सुबह गुमटी का ताला टूटा देख पीड़ित के होश उड़ गये। फिलहाल पीड़ित द्वारा पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने घटना स्थल चौकी क्षेत्र में न होने की बात बताई।

### आईजी ने सपत्नीक संत कीनाराम का किया दर्शन-पूजन

**चंदवक।** क्षेत्र के हरिहरपुर स्थित संत बाबा कीनाराम मठ का आईजी जोन वाराणसी के सत्यनारायण ने पत्नी रामालक्ष्मी के साथ दर्शन पूजन किया। इस दौरान उन्होंने महंथ राजू बाबा व अन्य से मठ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही बाबा कीनाराम व राजा बनारस से जुड़े संस्मरण को लोगों के बीच साझा किया तथा मठ के विकास व विस्तार के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमला सिंह, दरोगा सिंह, माधुरी सिंह, मीना सिंह, प्रशांत सिंह, अमित सिंह, निखिल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित हुए नवल किशोर

**जौनपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर कोतवाली के उप निरीक्षक नवल किशोर सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी ने अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया है। उप निरीक्षक को सेवा पदक से सम्मानित होने पर कोतवाल सतीश सिंह ने नवल किशोर सिंह को पदक लगाकर उनका मान बढ़ाया। उक्त अवसर पर थाने के सभी पुलिसकर्मियों ने पदक से सम्मानित होने वाले दरोगा को बधाई दिया।



# प्रधानाचार्य व अध्यापकों में नोकझोंक के बाद हाथापाई

## मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को संभाला

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में मंगलवार की दोपहर प्रधानाचार्य व अध्यापकों में किसी बात को लेकर मामला इतना बढ़ गया कि हाथापाई होने लगी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कोतवाल ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। जानकारी के अनुसार अटेंडेंस को लेकर एक अध्यापक द्वारा फोटोग्राफी वीडियो बनाने को लेकर प्रधानाचार्य से नोकझोंक हुई। तत्पश्चात बगल में खड़े अन्य अध्यापकों ने इस पर हस्तक्षेप किया जिसमें बात इतनी बढ़ गई कि प्रधानाचार्य और अध्यापकों के बीच हाथापाई होने लगी जिस पर एक अध्यापक ने कोतवाली में आकर प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी लाल बहादुर, प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले को किसी तरीके से शांत कराया।

## बाइकों की टक्कर में दो घायल

**खेतासराय।** क्षेत्र के यूनुसपुर के पास मंगलवार को दो बाइकों में टक्कर हो गई जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निकट के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक यूनुसपुर निवासी 38 वर्षीय रामवृक्ष पुत्र राम खेलावन सुबह घर से कहीं जा रहा था। खेतासराय-जौनपुर मार्ग पर पहुंचा था कि खेतासराय से जौनपुर की ओर जा रहे भटियारी सराय निवासी 20 वर्षीय फैसल पुत्र अबरार की बाइक से टक्कर हो गई जिसमें दोनों बुरी तरह घायल हो गए।

## दबंगों ने युवक को अधमरा कर विद्यालय के समीप फेंका, हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मडवां गांव स्थित विद्यालय के समीप एक युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पत्नी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

क्षेत्र के मडवां गांव निवासी 35 वर्षीय राधेश्याम पुत्र हरीप्रसाद मंगलवार की सुबह घायल अवस्था में विद्यालय के समीप खेत में पड़ा हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दिया। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद उक्त घायल की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं परिजनों का आरोप है कि पैसे की लेन देन को लेकर गांव के ही दबंगों ने मारकर विद्यालय के पास फेंक दिया है।

# लालू यादव को गोली मारने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

## कब्जे से पिस्टल 32 बोर व कारतूस बरामद, दो आरोपी फरार

**जौनपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना लाइन बाजार पुलिस को मुखवीर ने सूचना दी कि चांदपुर बालूमण्डी के पास लालू उर्फ शैलेश यादव को गोली मारने वाले बदमाश रामदयालगंज पुल के नीचे मन्दिर के पास मौजूद है। घटना के बाद बदमाशों ने षडयन्त्र रचकर वादी तथा मजरुब के खिलाफ क्रास मुकदमा लिखवाने के लिये शम्भूपुर निवासी जसवीर यादव अपने पैर में गोली मारकर क्रास मुकदमे का मसौदा तैयार कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम रामदयालगंज पुल के पास पहुँची और अभियुक्त जसवीर यादव पुत्र रविन्द कुमार यादव निवासी शम्भूपुर उचौरा थाना बक्शा को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक पिस्टल 32 बोर, एक जिन्दा कारतूस 32बोर तथा 3



पिस्टल के साथ गिरफ्तार अभियुक्त

जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद किया गया। मौके से अभियुक्त सचिन यादव उर्फ देव यादव निवासी बनपुरवा देवापार थाना मड़ियाहू तथा जानसन यादव पुत्र लालता प्रसाद निवासी देवापार थाना मड़ियाहू अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे। पकड़े गये अभियुक्त जसवीर यादव ने पूछताछ पर रविवार को थाने पर पंजीकृत मु.अ.सं. 49/23 धारा 307 भादवि की घटना में स्वयं तथा एफआईआर में नामजद अभियुक्तगण देवा यादव, जानसन यादव तथा रजनीश यादव द्वारा मजरुब लालू यादव उर्फ शैलेस यादव के उपर जान से मारने की नियत से फायर करने की बात स्वीकार किया है तथा अपने बचाव में क्रास मुकदमा लिखवाने के लिये झूठा साक्ष्य गढ़कर अपने पैर में गोली मारने की बात भी स्वीकारी।

# तीन सूत्री मांगों को लेकर लोकदल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** राष्ट्रीय लोक दल ने जिलाध्यक्ष धनीराम यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित 3 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि वर्तमान सत्र में 3 महीने गन्ना मिलों को चलते हो गया है किन्तु आज तक गन्ने के लाभकारी मूल्य की

**नाराजगी**

**5 फरवरी तक मांगें पूरी न होने पर सड़कों पर होगा प्रदर्शन**

घोषणा नहीं हुयी। किसान एकलौता ऐसा उत्पादक है जिसको अपने उत्पाद का मूल्य तय करने का भी अधिकार नहीं है। अपने खून पसीने से सींची हुयी फसल को मील मालिकों को देता जाता है लेकिन उसको यही नहीं पता होता है कि उसकी फसल का कितना पैसा मिलेगा। राष्ट्रीय लोकदल द्वारा एक माह से किसान संदेश अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पूरे प्रदेश से 2 लाख से अधिक किसानों ने किसान संदेश अभियान के माध्यम से



डीएम को पत्रक सौंपने जाते राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गन्ना मूल्य की घोषणा कराये जाने की मांग कर चुके हैं लेकिन अभी तक गन्ना मूल्य की घोषणा नहीं की गयी है जिससे गन्ना किसानों में भारी निराशा और असंतोष व्याप्त है। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने मांग किया कि सत्र 2022-23 का गन्ने का लाभकारी मूल्य की घोषणा की जाय। आवारा पशुओं से किसानों की फसल बचाने हेतु उचित समाधान किया जाय। बकाया गन्ना मूल्य का ब्याज सहित भुगतान कराया जाये। आगामी 5 फरवरी तक किसानों की समस्याओं का समाधान न किया गया तो कार्यकर्ता व पदाधिकारी 7 फरवरी को उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विशाल धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेंदारी सरकार की होगी। ज्ञापन देने वालों में अशोक कुमार यादव, अशोक शास्त्री, विनोद कुमार यादव, शैलेंद्र बेनबंसी, राम आसरे विश्वकर्मा प्रांतीय नेता, रिजवी मोहम्मद असलम सहित सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सहयोगियों को इकट्ठा कर पार्टी को करेंगे मजबूत : शिवपाल यादव

## सपा के राष्ट्रीय महासचिव का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का वाराणसी से सुल्तानपुर जाते समय नौपेड़वा बाजार में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।



इस दौरान मीडिया से बातचीत में स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान के बारे में पूछने पर कहा कि ये पार्टी का आधिकारिक बयान नहीं है ये स्वामी प्रसाद मौर्य के निजी विचार हैं। पार्टी सबको साथ लेकर चलने का काम करती है। राष्ट्रीय राजनीति में जाने के सवाल पर कहा कि पुराने सभी सहयोगियों को इकट्ठा करके पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस दौरान उन्होंने यूपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा देश को तोड़ने का कार्य कर रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था खत्म हो गई है। हर जिले में अपराधी दिन दहाड़े हत्या लूट कर रहे हैं। सरकार सिर्फ धर्म के नाम पर चुनाव प्रचार कर रही है। प्रदेश में खस्ताहाल सड़क, बेरोजगारी, विकास के दावों को मुंह चिढ़ा रहे है। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव, विधायक लकी यादव ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सपा जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, श्रवण जायसवाल, विस प्रभारी रामधारी पाल, विस अध्यक्ष सोचन राम विश्वकर्मा, पूर्व जिला सचिव संघर्ष यादव, ब्लॉक अध्यक्ष महावीर यादव, गुलाब यादव, विजय भारत प्रधान, राजेंद्र यादव प्रधान, मनोज यादव प्रधान सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ आप ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** सरकार द्वारा सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध न कराये जाने एवं बिजली दरों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि को रोकने के लिए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना की अध्यक्षता में योगी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्री में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

इसी क्रम में जिला अध्यक्ष सूर्यनारायण सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान वर्तमान सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में बिजली बिल के दाम घटना तो दूर की बात सरकार ने बिजली की दरों में 23% वृद्धि का प्रस्ताव भी रख दिया है जिससे जनता पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा और ये प्रस्ताव कहीं से भी स्वीकार करने योग्य नहीं है। वास्तव में देश में 30% तक कोयले का उत्पादन भी बढ़ा है फिर क्यों बिजली की दरें बढ़ाई जा रहीं हैं? राज्य सरकार ने जनता और विशेषकर किसानों के साथ वादाखिलाफी की है और अब उन्हें आर्थिक रूप से पीड़ित किया जा रहा है।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता

इसी क्रम में पूर्व विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी ने कहा कि बिजली, समाज के सभी वर्गों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी क्रम में जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि सरकार बिजली के दामों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि को रोकने की उचित कार्यवाही करे जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ न पड़े। इसी क्रम में महिला प्रकोष्ठ की जिला महासचिव पूजा सिंह ने कहा कि गलत कार्यों के खिलाफ पार्टी सदैव संघर्ष करती रहेगी। महिला प्रकोष्ठ की वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बंदना मिश्रा, मड़ियाहूं के लक्ष्मी नारायण चौरसिया ने भी सम्बोधित किया। इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से नारायण सिंह मुन्ना, राधिका गौड़, अमरनाथ यादव, विद्याधर मिश्रा, बंटी अग्रहरि, इस्लाम खान, सुनील शर्मा, दीपक मौर्य, इसरावती बिंद, शिवम सरोज, मोहम्मद शाहिद, श्यामलाल, पिंटू चौधरी, अनिल विश्वकर्मा, राकेश गौड़ इत्यादि सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# साइकिल से कोचिंग जा रही छात्रा को डंपर ने रौंदा, मौत

**दुखद**

**मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम को**

**हादसे के बाद तेज रफ्तार डंपर को लेकर चालक उसी गति से हुआ फरार**

**जनसंदेश न्यूज**


घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देते परिजन

**भदोही।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित अयोध्यापुरी पकरी तिराहा के पास मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल से कोचिंग जा रही छात्रा को रौंद दिया। जिससे छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। छात्रा के मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। बेसुध हालत परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। जहां पर सभी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के पाठकपुर रयां निवासी आंचल पाठक (17 वर्ष) पुत्री मंशा पाठक सुबह के घर से निकली कोचिंग जाने के लिए साइकिल से निकली थी। वह जैसे ही नगर के स्टेशन रोड स्थित अयोध्यापुरी पकरी के पास पहुंची ही थी कि एक तेज रफ्तार डंपर उनको रौंदते हुए निकल गया। मौके पर ही आंचल की मौत हो गई। जबकि चालक डंपर लेकर फरार हो गया। घटना के बाद पीछे साइकिल से आ रही मृतका की सहेली ने इसकी सूचना उनके घर वालों को दी। वह भी मृतका के साथ नगर के मर्यादपट्टी स्थित एक कोचिंग सेंटर जा रही थी। जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बेसुध हालत में परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। जहां पर सभी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेना चाहा तो परिजन विरोध करने लगें। हालांकि पुलिस ने परिजन को समझा बुझाकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों ने कोतवाली में पहुंचकर अज्ञात डंपर चालक के विरुद्ध तहरीर दी। मृतका आंचल नगर के लिप्पन तिराहे के पास स्थित ज्ञानदेवी बालिका इंटर कालेज में कक्षा 11 की छात्रा थी।

## जरूरतमंदों में बांटे गए कंबल व ऊनी वस्त्र



**ज्ञानपुर।** औराई विकासखंड के जगन्नाथपुर गांव में समाजसेवी अनिल त्रिपाठी ने अपने पिता स्वर्गीय शालिग्राम तिवारी (भरत) की आठवीं पुण्यतिथि के मौके पर सुंदरकांड का आयोजन कर घर पर जरूरतमंद व्यक्तियों में 250 कंबल व ऊनी वस्त्र बांटकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस दौरान लोक गायक राजेश परदेसी द्वारा भक्ति भजन प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में वाराणसी की गायिका संगीता सरगम एवं भदोही के गायक किशन अलबेला आदि अपने भजन प्रस्तुत किए। इस मौके पर मनोज मिश्रा (ब्लाक प्रमुख डीघ), राजेंद्र सिंह मुन्नू, रामबाबू जायसवाल, सिद्धनाथ शुक्ला, अजीत तिवारी, राजीव तिवारी, सियाराम पांडेय, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, इंद्रजीत तिवारी, सुजीत तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# बिजली की दरों में 23% वृद्धि के प्रस्ताव पर आप का धरना

**मांग**

**जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर आप कार्यकताओं ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

**जनसंदेश न्यूज**


जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता

**भदोही।** सरकार द्वारा सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध न कराये जाने एवं बिजली दरों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि को रोकने को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा इस दौरान आम आदमी पार्टी के काशी प्रांत के महासचिव मनोज गुप्ता ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान वर्तमान सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में बिजली को लेकर ये स्पष्ट किया था कि चुनाव जीतने के बाद सरकार जनता को सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी। इधर हाल ही में बिजली के दाम घटना तो दूर की बात है बल्कि सरकार ने बिजली की दरों में 23% वृद्धि का प्रस्ताव भी रख दिया है। जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि वास्तव में देश में 30% तक कोयले का उत्पादन भी बढ़ा है फिर क्यों बिजली की दरें बढ़ाई जा रहीं हैं ? इसी सन्दर्भ में गत 25 जनवरी को आम आदमी पार्टी द्वारा राजधानी लखनऊ के इको गार्डन में सरकार द्वारा की गई वादाखिलाफी के खिलाफ प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में चेतावनी धरना प्रदर्शन भी किया गया था अगर सरकार ने जनता को सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध नहीं कराई तो आम आदमी पार्टी आज के विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन के बाद चरणबद्ध आंदोलन भी करेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से इंजीनियर राजन सिंह, अशोक यादव, पंकज कुमार, विनय कुमार, हीरालाल यादव, रोशन मंसूरी यादव, अरविंद, पंचम, सुरेश कुमार पाल, अरुण कुमार पासवान, वरुण कुमार यादव, जितेंद्र उपाध्याय, राजेश, सिकंदर अली, रोशन अली आदि उपस्थित रहे।

## कठौता प्राथमिक विद्यालय पहुंचे डीएम, छात्रों से पूछे प्रश्न



**भदोही।** प्राथमिक विद्यालय कठौता का मंगलवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्रों से आत्मीय संवाद करते हुए उनसे कुछ प्रश्न पूछे। डीएम के पूछे गए प्रश्नों का अधिकांश छात्रों ने सही जवाब दिया। छात्रों के सही उत्तर से गदगद जिलाधिकारी ने छात्रों को उत्साहित करते हुए कुछ ज्ञान की बाते भी बताई। उन्होंने एमडीएम भोजन की गुणवत्ता का भी परीक्षण किया तथा प्रतिदिन आहार तालिका के अनुसार भोजन बनाये जाने का निर्देश दिया। उन्होंन उपस्थित शिक्षकों से अध्ययन, अध्यापन विषयक जानकारी ली। विद्यालय का निरीक्षण करते हुए मौजूद पंजिकाओं का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय परिसर का एक भवन ध्वस्तीकरण कराये जाने विषयक जानकारी डीपीआरओ व बीडीओ ज्ञानपुर ने जिलाधिकारी को दी। जिसपर उन्होंने दोबारा ध्वस्तीकरण कराये जाने की विज्ञप्ति, सूचना प्रचारित करने का निर्देश दिया।

# हमारे पास मोदी जैसा प्रधानमंत्री भारत-चीन को देगा मुंहतोड़ जवाब

**बातचीत**

**अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल डॉ.बीडी मिश्रा पहुंचे पैतृक आवास कठौता**

**जनसंदेश न्यूज**


गांव के लोगों से मिलने के लिए जाते अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल डॉ.बीडी मिश्रा

**भदोही।** भारत की सीमा में हम एक इंच भी चीन को घुसने नहीं देंगे। सीमा क्षेत्र में हमारी सभी सैन्य तैयारियां हैं, हमारी सेना उसे मुंहतोड़ जबाब देगी। हमारे पास मोदी जैसा संकल्पित दृढ और शीर्ष नेतृत्व है। चीन को लेकर देश में भ्रम फैलाया जाता है। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल महामहिम डॉ.बीडी मिश्रा ने मंगलवार को यह बात अपने पैतृक आवास कठौता गांव में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित वह अपने गांव कठौता आए थे। जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने इस दौरान शिष्टाचार मुलाकात की। महामहिम ने कहा कि मेरा हर सैनिक गर्व से भरा हुआ है। वह देश के लिए मर मिटने को तैयार है। देश का सैनिक अपनी अंतिम सांस एक इंच भी जमीन चीन के कब्जे में नहीं जाने देगा। चीन के मामले में देश में भ्रम फैलाया जाता है। हमारी एक इंच जमीन हमारे दिल का टुकड़ा है। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल और मेघालय की अंतिम सीमा में तैनात सेना के शीर्ष अधिकारियों से मेरी हर रोज बात होती है। हर दिन की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखते हैं। महामहिम ने कहा कि भारत कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक है। हमें एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना पर विचार करना चाहिए। राजपाल इस दौरान अपने परिजनों के साथ गांव के बड़े बूढ़े बुजुर्ग लोगों से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा और हालचाल जाना। आवास पर ही महामहिम को परेड की सालामी दी गयी।

# प्रभाव से नहीं, बल्कि स्वभाव से लायेंगे बदलाव : जीडी शुक्ला

**अभियान**

**उद्योग व्यापार मण्डल व यातायात विभाग ने किया जागरूकता कार्यक्रम**


लोगों को यातायात के बारे में जागरूक करते श्रवण जायसवाल

**जौनपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल एवं यातायात विभाग जौनपुर ने संयुक्त रूप से यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन शीतला चौकियां धाम में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने कहा कि हम सभी व्यापारियों को यह शपथ लेना है कि हम सभी यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी करायें। अपने बच्चों को कदापि ऐसे वाहन न दें जिससे दुर्घटना होने के आसार हों और हम सभी सुरक्षित रूप से वाहन का संचालन कर सकें। वहीं यातायात निरीक्षक जीडी शुक्ला ने कहा कि हम सभी इस तरह के जनजागरूकता कार्यक्रम करके शहर के आम व खास के दिल-दिमाग में यातायात नियमों को प्रभाव में नहीं, बल्कि स्वभाव से जागरूक करना चाहते हैं। वहीं नगर अध्यक्ष अनवारूल हक गुड्डू व जिला उपाध्यक्ष आशुतोष जायसवाल ने संयुक्त रूप से कहाकि हम सभी व्यापारियों को अपनी जिम्मेदारी का एहसास स्वयं करना होगा एवं यातायात नियमों का पालन करते हुये सुगम व सुरक्षित, सरल बनाये रखने के लिये छोटे-छोटे प्रयास नित्य दिन करने होंगे। चौकियां व्यापार मण्डल के अध्यक्ष नितेश साहू ने आये हुये सभी आगंतुकों का आभार जताया। इस अवसर पर टीएसआई शिवबदन यादव, दयाराम वैश्य, संजय श्रीवास्तव, नन्द किशोर सैनी, परमेश माली, रजनीश सैनी, विकास मोदनवाल, कमालुद्दीन अंसारी, सुशील गुप्ता, जितेन्द्र यादव पिण्टू, रामचन्दर कश्यप, भोला यादव, कन्हैया यादव सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित


समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल में संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा वादों के निस्तारण के संबंध में जेडी अभियोजन को जिला जज को पत्र प्रेषित करने के साथ जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी को भी निर्देशित किया कि कनविक्शन के कम से कम 5 मामलों टारगेट बनाकर प्रति माह निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा अधिकांश शासकीय अधिवक्ता फौजदारी द्वारा केस डिस्पोजल न कराए जाने पर उन्हें सचेत किया गया तथा कार्यों में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने कहा कि पॉक्सो एक्ट के जिन वादों में एक्विटल हुए हैं उनमें धारा 22 के अंतर्गत अपील किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व के 5 साल से पुराने वादों को निपटाए जाने हेतु जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व को चिन्हित कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी द्वारा कुल 304 मुकदमों को संज्ञान में लाया गया है और संबंधित पैरवी अपेक्षित न होने की बात संज्ञान में लाई गई, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा के एपीओ को कड़े निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग के शासकीय अधिवक्ता को उन वादों की सूची अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए जिनमें पुलिस विभाग के अधिकारी गवाही एवं अन्य हेतु न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, डीपीआरओ मनोज त्यागी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

**खेतासराय।** डीएम मनीष कुमार वर्मा ने मंगलवार को शाहगंज ब्लाक के कुहिया गांव में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने इसे योजना को जल्द पूरा कराने का बीडीओ को निर्देश दिया। शाहगंज ब्लाक के कुहिया गांव में ग्रामीणों को स्वच्छ जल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के तहत कार्य कराया जा रहा है जिसका निरीक्षण करने पहुंचे डीएम ने पाइप लाइन, ट्यूबवेल और निमार्णाधीन पानी की टंकी के कार्यों को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिछाई जा रही पाइप, पाइप लाइन की नाली की लंबाई और गहराई को देखा। उन्होंने इस मिशन को जल्द पूरा करने का बीडीओ नंदलाल कुमार को निर्देश दिया। यहां से वह तरसावां गांव पहुंचे जहां निर्माणाधीन अमृत सरोवर को देखा। अमृत सरोवर में सिर्फ एक तरफ सीढ़ी बनाई गई थी। डीएम ने अमृत सरोवर के दूसरे छोर पर भी सीढ़ी बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान सचिव व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।


कार्य का निरीक्षण करते डीएम

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष को मातृशोक

**सुइथाकला।** क्षेत्र के पूराराम सिंह (सवायन) निवासी निवर्तमान प्रमुख प्रतिनिधि व भाजपा जिला इकाई के जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा को मातृशोक हो गया जिसकी जानकारी होते ही भाजपा खेमे के साथ ही समूचा क्षेत्र शोकाकुल हो उठा। बताया जाता है कि श्री वर्मा की 72 वर्षीया माता कलावती देवी पत्नी स्व. पारसनाथ वर्मा सोमवार की रात अचानक गैस से पीड़ित हो उठी। उपचार के लिए परिजन अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर पाते ही जहा परिवारीजनों में कोहराम मच गया, वहीं भाजपा खेमे के साथ ही समूचा क्षेत्र शोकाकुल हो उठा। वह स्वभाव से मृदुभाषी और एक भद्र महिला थीं वह अपने पीछे एक पुत्री और तीन पुत्रों से भरे पूरे परिवार को अपने पीछे छोड़कर गोलोकवासी हो चली। उनका अन्तिम संस्कार क्षेत्र के अमिलिया घाट पर मंगलवार को बड़े पुत्र श्री वर्मा द्वारा पूरे विधि विधान के साथ किया गया।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर ग्राम प्रधान व सचिवों के साथ की बैठक



**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक परिसर में बीडीओ काशीनाथ सोनकर की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन के संबंध में ग्राम प्रधान व सचिवों के साथ बैठक की गई। बैठक में उपस्थित लोगों को बीडीओ ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

मंगलवार को ब्लॉक परिसर में बीडीओ श्री सोनकर की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन के संबंध में ग्राम प्रधान व सचिवों के साथ बैठक की गई। बैठक में बीडीओ ने 10 फरवरी से एमडीए अभियान की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित सचिवों को दिया। जिला प्रेरक सरिता मिश्रा ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया बहुत ही खतरनाक बीमारी है जो दुनिया में विकलांगता का दूसरा बड़ा कारण है। यह बीमारी मच्छर के काटने से फैलती है। उन्होंने कहा कि यदि उक्त बीमारी के बारे में ग्रामीणों को नहीं जागरूक किया गया तो ग्रामीण इसके चपेट में आ सकते हैं। जिला प्रेरक ने उपस्थित सचिवों से एमडीए अभियान के दौरान सहयोग करने की अपील की। इस बैठक में एडीओ पंचायत लालजी राम, एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव, सेक्रेटरी धर्मेंद्र राय, राजेश यादव, अखिलेश कुमार गौड़, ग्राम प्रधान अनिल यादव फौजी, कैलाशनाथ, अंगनु प्रसाद, नीरज यादव आदि उपस्थित रहे।

# अच्छे खिलाड़ी देश का नाम रोशन करते हैं

**बोले कृष्णा जायसवाल**

**जौनपुर ने बिहार को 4-3 से हराया**


विजेता बिहार की टीम के साथ अतिथिगण

**केराकत।** आर्य स्पोर्टिंग क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता के तत्वाधान में खेले जा रहे शिवपुरी सिहौली चौराहा स्थित मैदान में अंतर्राज्यीय शिराजे हिन्द स्पोर्टिंग क्लब जौनपुर तथा सीवान स्पोर्टिंग क्लब सीवान के बीच खेला गया जिसमें प्रथम हाफ के 17 व 18वें मिनट में 2 गोल मारकर जौनपुर ने अपनी बढ़त बनाए रखी। दोनों टीमों के तरफ से एक दूसरे पर आक्रमक हमले होते रहे। मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा और दर्शक बीच-बीच में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। खेल के 25 व 27वें मिनट में सीवान की टीम ने दो गोल मारकर खेल को बराबरी पर कर दिया।

दूसरे हाफ में सीवान ने एक गोल मारकर फिर बढ़त बना ली इसके बाद जौनपुर के खिलाड़ियों ने कुछ समय अंतराल पर बारी बारी दो गोल मार दिया। निर्णायक राजेश यादव उर्फ मिश्रा ने जौनपुर की टीम 4-3 से विजयी घोषित किया। फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि उद्योग ब्यापार मण्डल नगर उपाध्यक्ष व सपा नगर अध्यक्ष कृष्णा उर्फ गोलू जायसवाल तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लालता चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हौसला बुलन्द करते हुए कहा कि अच्छे खिलाड़ी अच्छे खेल से देश का नाम रोशन करते है। खिलाड़ी वही होता है जो खेल में अच्छा प्रदर्शन करता है। खेल शुरू होने से पहले क्लब के बलराज आर्य, हीरेंद्र यादव एडवोकेट, राजेंद्र यादव, सत्य प्रकाश, सुरेश चंद्र शर्मा, ओमप्रकाश, विनोद यादव, बेचन यादव ने आये हुए मेहमानों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और सभी का आभार ब्यक्त किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### एक किलो गांजा संग अभियुक्त गिरफ्तार

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर करनेहुआ तिराहे से एक किलो सौ ग्राम गांजा संग अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह हमराहियों संग गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांजा संग करनेहुआ तिराहे पर खड़ा है। पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछने पर उसने अपना नाम राशिद पुत्र नबी निवासी कलन्दरपुर, थाना गंभीरपुर आजमगढ़ बताया। तलाशी में उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

## नाली खाते की भूमि पर कब्जा, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत हुसैनाबाद गांव में नाली खाते की जमीन पर गांव के ही तीन लोगों ने कब्जा कर लिया है। कब्जे की जमीन को लेखपाल ने खाली करने के लिए कहा तो जमीन से कब्जा हटाने को तैयार नहीं थे। जिसकी लिखित शिकायत हल्का लेखपाल ने कोतवाली पुलिस को दिया।क्षेत्र के हुसैनाबाद हल्का लेखपाल राज सौरभ सेठ ने कोतवाली में तहरीर देकर ये आरोप लगाया है कि हुसैनाबाद गांव निवासी केवला पत्नी शोभनाथ व शोभनाथ की पुत्री ललिता उर्फ हेमा व पुत्र विपिन कुमार सरकारी खाते की अराजी संख्या 1617 नाली खाते की भूमि दर्ज है जिसे मौके पर उक्त गांव के तीनों ने जोत बोकर कब्जा कर रखा है। जिसे खाली कराने के लिए मौके पर जाकर कहा तो लोगों ने सरकारी जमीन को खाली करने से मना कर दिया। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध सम्बंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# योग से छात्र बढ़ाएं याददाश्त मिलेगी सफलता : डॉ. ध्रुवराज

**प्रशिक्षण**

**मोमिनपुर के इंदिरा पब्लिक स्कूल में हुआ योग प्रशिक्षण**

**जनसंदेश न्यूज**


छात्रों को योग प्रशिक्षण देते डा. ध्रुवराज

**करंजाकला।** इंदिरा पब्लिक स्कूल मोमिनपुर में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को योग के माध्यम से याददाश्त बढ़ाने के जागरूप किए परीक्षा में सफलता पाने के तरीके भी बताए गए।इंदिरा पब्लिक स्कूल परिसर में पतंजलि योग सीमित के यज्ञ प्रभारी योगाचार्य डॉ. ध्रुवराज ने योग प्रशिक्षण देते हुए छात्रों को बताया कि योग से उनके शरीर के यादाश्त बढ़ेगी और स्वस्थ्य लंबाई भी बढ़ेगी जिससे उन्हें स्वस्थ रहने के साथ-साथ परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। योगासन ने बच्चों को सूर्य नमस्कार, सिरसासन, सर्वांगासन, ध्रुवासन, गरुड़ासन, नटराज आसन व प्राणायाम में कपालभाति अनुलोम विलोम भस्त्रिका ब्राह्मणी कराया गया। उन्होंने बताया कि नियमित आधे से एक घंटे तक सुबह अभ्यास किया जाए तो वह शरीर पूरी तरह से निरोगीत होगी और याददाश्त इम्यूनिटी बढ़ेगी। प्रधानाचार्य रामआश्रय भारद्वाज ने बताया कि योग प्राणायाम को जीवन का हिस्सा बनाएं, निश्चित ही सभी क्षेत्रों में सफलता मिलेगी। प्रबंधक योगेंद्र पाल ने कहकि योग की क्लासें भी चलनी शुरू हो गई है। सरकार भी योग पर विशेष ध्यान दे रही है। योग से तन मन स्वस्थ्य होने के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में कार्य करने की उर्जा बढ़ेगी है। इस अवसर पर प्रेमधारीवाल, संजय कुमार, अमित कुमार, संजीव कुमार, अखिलेश मौर्या, शिवकुमार, सुभाष पाल, चंदूबाला, स्तुतिराज, रंजना विश्वकर्मा, फहीम शेख, बंदना, लक्ष्मी मौर्या मौजूद रहे।




# आर्थिक सर्वेक्षण संसद में पेश

## भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 फीसदी रहने का अनुमान

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण के रिपोर्ट को सदन के पटल पर पेश किया। आर्थिक सर्वे में 2023-24 में से 6 से 6.8 फीसदी आर्थिक विकास दर रहने का अनुमान जताया गया है। मौजूदा वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक विकास दर 7 फीसदी रहने का अनुमान है। बीते वर्ष जब 2021-22 के लिए आर्थिक सर्वे रिपोर्ट पेश किया गया था तब 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 8 से 8.5 फीसदी के दर से विकास करने का अनुमान जताया गया था। लेकिन 2022 में यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध और वैश्विक आर्थिक संकट के चलते आर्थिक विकास दर अनुमान से कम रह सकता है। 2021-22 में देश का जीडीपी 8.7 फीसदी रहा था।*

## कमोडिटी के दामों में कमी से तेज होगी विकास की रफ्तार





## महंगाई अभी भी है ज्यादा!

सर्वे में कहा गया कि रूस और यूक्रेन के युद्ध के चलते कमोडिटी के दामों में आए तेजी उछाल के चलते कीमतों के युद्ध पूर्व के लेवल पर आना अभी बाकी है। सर्वे के मुताबिक खाने-पीने की उच्च कीमतों और हाई एनर्जी प्राइसेज के चलते महंगाई अभी भी ज्यादा बनी हुई है। आर्थिक सर्वे में कहा गया है कि खुदरा महंगाई दर एक बार फिर आरबीआई के टोलरेंस बैंड के भीतर आ गया है। नवंबर 2022 में खुदरा महंगाई दर आरबीआई के टोलरेंस बैंड 6 फीसदी से नीचे आ गया था जो दिसंबर 2022 में और घटकर 5.72 फीसदी रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया कि 2022 में विकसित देशों में 3 से 4 दशक में सबसे ज्यादा महंगाई देखने को मिली। लेकिन भारत ने कीमतों पर लगाम लगाने में सफलता हासिल की है। अप्रैल 2022 में खुदरा महंगाई दर 7.8 फीसदी पर जा पहुंचा था दुनिया में सबसे कम 6 फीसदी के नीचे आ चुका है। सर्वे के मुताबिक महंगाई पर लगाम लगाने के लिए पेट्रोल डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने से लेकर कई वस्तुओं के आयात पर जीरो टैक्स किया गया। गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई गई। पाम ऑयल, सोयाबीन ऑयल और क्रूड सनफ्लावर ऑयल के आयात पर इंपोर्ट ड्यूटी घटाया गया। आर्थित सर्वे पर कोटक इंवेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड के इंवेस्टमेंट एडवाइजरी के सीईओ लक्ष्मी अय्यर का कहना है कि इकोनॉमिक सर्वे में वित्त वर्ष 2024 के लिए 6-6.8 फीसदी की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाया है। हालांकि ये अनुमान थोड़ा कठिन लग सकता है क्योंकि वैश्विक मंदी जो खासतौर पर वैश्विक बाजारों में आई हुई है, उसका असर देखा जा सकता है। ये आंकड़ा ऐसे समय में भी आया है जब घरेलू मांग में धीरे-धीरे गिरावट देखी जा रही है और हमें वित्तीय तौर पर मजबूत होना होगा। ये इसलिए खास हो जाता है क्योंकि कोरोना महामारी के चलते लगभग 3 साल ऐसे निकले हैं जब वित्तीय मोर्चे पर चीजें मुश्किल रही हैं। आर्थिक सर्वे में इस बात का भी खास ध्यान रखा गया है कि दरों के लगातार कड़े होने के दौर में ऊंची ब्याज दरों का डर लंबे समय तक बना रहेगा। अब सभी की निगाहें बजट पर हैं क्योंकि ये आने वाली ग्रोथ के दायरे को तय करेगा और उधारी के आंकड़ों पर जोर देगा जिससे ब्याज दरों के बारे में कुछ निश्चिय हो सकेगा। कल के बजट में मुख्य आंकड़ा सरकार की उधारी पर है, हमें इसके लिए अनुमान है कि ये 16 लाख करोड़ रुपये के आसपास रहेगा।



### रुपये में कमजोरी पर सर्वे ने किया आगाह

आर्थिक सर्वे में डॉलर के मुकाबले रुपये में आई कमजोरी पर चिंता जाहिर की गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि रुपये ने डॉलर के मुकाबले दुनिया की दूसरी करेंसी के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है लेकिन अमेरिका के सेंट्रल बैंक ने ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की तो रुपया और कमजोर हो सकता है। सर्वे के मुताबिक वैश्विक कमोडिटी के दामों में तेजी और बारती अर्थव्यवस्था के तेज विकास के चलते चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है। वैश्विक आर्थिक ग्रोथ में गिरावट और ट्रेड के घटने के चलते एक्सपोर्ट में कमी आ सकती है। सर्वे के मुताबिक 2023 में ग्लोबल ग्रोथ रेट में गिरावट आ सकती है।

### क्यों ग्रोथ रेट में आएगी तेजी!

सर्वे के मुताबिक ग्रोथ के बेहतर अनुमान की कई वजहें हैं। निजी खपत में तेजी है जिससे प्रोडक्शन एक्टिविटी को बढ़ावा मिल रहा है। पूंजीगत खर्च के लिए ज्यादा पैसे का प्रावधान किया गया है। सभी को वैक्सीन देने के चलते लोग अब रेस्ट्रां, होटल्स, शॉपिंग मॉल्स और सिनेमा जैसे कॉटैक्ट बेस्ड सर्विसेज पर ज्यादा पैसे खर्च कर रहे हैं। साथ ही माइग्रेंट वर्कर्स शहरों में कंस्ट्रक्शन साइट्स पर लौट रहे हैं जिससे हाउसिंग मार्केट के इवेंटरी में भारी कमी आई है। कॉरपोरेट्स के वैलेंसशीट में सुधार हुआ है तो पब्लिक सेक्टर बैंकों के पास पर्याप्त कैपिटल है जिससे वे ज्यादा कर्ज देने के लिए तैयार हैं और कर्ज एमएसएमई को भी ज्यादा कर्ज उपलब्ध होगा। समीक्षा में कहा गया है कि मजबूत खपत के कारण भारत में रोजगार की स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन रोजगार के अधिक मौके तैयार करने के लिए निजी निवेश में वृद्धि जरूरी है।

### अगले दशक में तेज होगी विकास की रफ्तार

आर्थिक सर्वे में कहा गया है कि एक बार महामारी के झटके और रूस यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के चलते कमोडिटी के दामों में आई उछाल से राहत मिली तो भारतीय अर्थव्यवस्था अगले दशक में तेज गति से विकास करेगा। सर्वे के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था का आउटलुक कोरोना पूर्व सालों से बेहतर है और आने वाले समय में अपने पूरे क्षमता के साथ विकास करेगा। सर्वे में ये भी कहा गया है कि कोविड-19, रूय-यूक्रेन युद्ध और महंगाई पर नकेल कसने के लिए फेड रिजर्व की अगुवाई में दुनिया भर के सेंट्रल बैंकों द्वारा कर्ज महंगा करने जैसे तीन झटके लगे हैं जिससे चालू खाटे का घाटा बढ़ा है तो रुपया कमजोर हुआ है इसके बावजूद दुनिया की सारी एजेंसियों का मानना है कि भारत दुनिया में सबसे तेजी 6.5 से 7 फीसदी के दर 2022-23 में विकास करेगा।





# अच्छी उपज के लिए जैविक खेती का खतरा मोल लेना पड़ेगा

सुरोजीत चैटर्जी

वाराणसी। बीते सात-आठ वर्षों में वाराणसी जनपद ही नहीं उत्तर प्रदेश का कृषि से जुड़ा परिदृश्य बदला है। यह बदलाव लगातार कई स्तर पर आगे भी दिखता रहेगा। इसकी कई वजहें हैं। विभागीय कार्यप्रणाली पहले से बेहतर हुई है। विभिन्न फसलों के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के तमाम उपाय हुए हैं और हो भी रहे हैं। खेती-बाड़ी को लेकर कृषकों की सोच में परिवर्तन आ रहा है। घटते जोत, गिरता भूगर्भ जलस्तर, कृषि में रासायनिक खाद वगैरह के प्रयोग समेत कई और भी वजहों से खेती को हुए नुकसान की भरपाई के प्रयास शासन स्तर से किसानों को जागरूक कर किया जा रहा है। जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, कृषि विविधिकरण आदि समेत अब मोटे अनाज की खेती पर दिया जा रहा जोर दिया रहा है। इन बिंदुओं की ओर ध्यान दिलाते हुए वाराणसी के उप निदेशक कृषि अखिलेश कुमार सिंह कहते हैं कि कृषि को लेकर सरकार की गंभीरता इसी से समझ सकते हैं कि सिर्फ फसलों की पैदावार को नहीं बल्कि उसके निर्यात के लिए भी तमाम उपाय हो रहे हैं। जैसे- किन फसलों का कृषि कार्य पर अनुदान दिया जाय। किस प्रकार गुणवत्तापूर्ण उपज मिले। कैसे उसे सुरक्षित रखा जाय। मृदा परीक्षण की दिशा में जागरूकता बढ़ा रहे हैं। किसानों को किस प्रकार अधिक से अधिक नयी तकनीकों से लैस करें वगैरह...वगैरह।

**लगातार घटती जोत के कारण कैश क्रॉप की ओर बढ़ रहे कृषक**

**फसलों को छुट्टा पशुओं से बचाने का एकमात्र उपाय सोलर फेंसिंग**

**ऑनलाइन सिस्टम शुरू होने के बाद से बदल रहा कृषि का परिदृश्य**




### उप निदेशक कृषि अखिलेश कुमार सिंह खेती-बाड़ी के नये भविष्य को लेकर हैं आशांवित

### बढ़ रही सोलर पंप की लोकप्रियता

- 2015-16 में 43 पंप लगे
- 2016-17 में 36 पंप लगे
- 2017-18 में 44 पंप लगे
- 2018-19 में 66 पंप लगे
- 2019-20 में 128 पंप लगे
- 2020-21 एवं 2021-22 में 202 पंप लगे
- 2022-23 में 190 पंप लगे

### कीट विज्ञानी हैं एके सिंह

मीरजापुर के मूल निवासी अखिलेश कुमार सिंह कीट विज्ञान विशेषज्ञ हैं। गृह जनपद में शुरुआती शिक्षा-दीक्षा के बाद उन्होंने जौनपुर के टीडी कॉलेज से कृषि विषय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कृषि विज्ञान में ही स्नातकोत्तर तक की शिक्षा ग्रहण की। सन 1997 में वह सरकारी नौकरी में आए और सिद्धार्थ नगर जनपद के कृषि विभाग में उनकी पहली तैनाती हुई।



### जनपद में कुछ फसलों की जोत में आया बदलाव

**धान :**
- 2017-18 में 51719 हेक्टेयर
- 2021-22 में 47967 हेक्टेयर

**ज्वार :**
- 2017-18 में 2834 हेक्टेयर
- 2021-22 में 2421 हेक्टेयर

**बाजरा :**
- 2017-18 में 6195 हेक्टेयर
- 2021-22 में 5504 हेक्टेयर

**उर्द :**
- 2017-18 में 1868 हेक्टेयर
- 2021-22 में 2028 हेक्टेयर

**गेहूं :**
- 2017-18 में 69363 हेक्टेयर
- 2021-22 में 69090 हेक्टेयर

### पारदर्शी किसान सेवा योजना से दिखने लगा बदलाव

उन्होंने कहा कि खेती-बाड़ी में एक बड़ा बदलाव लगभग 2014 में लागू 'पारदर्शी किसान सेवा योजना' से शुरु हुआ। उसमें पोर्टल पर कृषकों का रजिस्ट्रेशन का सिलसिला आरंभ किया गया। वहीं से कृषि के परिदृश्य परिवर्तन का आरंभ कह सकते हैं। शुरु-शुरु में प्रत्येक किसान का ऑनलाइन पंजीकरण भले ही कम मैन पावर में बोझिल, अत्यंत श्रम साध्य और उबाऊ रहा हो लेकिन उसके रिजल्ट अब आसानी से देखे जा सकते हैं। पोर्ट के सेवा प्रदाताओं ने विकास खंड स्तर पर बेहतरीन ढंग से काम कर दिखाया। उसके बाद पंजीकरण के साथ ट्रायल के तौर पर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर यानि डीबीटी की शुरुआत हुई जिसमें हाई ब्रीड धान के बीज के लिए यह व्यवस्था थी। इस पहल के कारण पारदर्शिता के चलते किसानों को विभागीय सिस्टम के प्रति न सिर्फ विश्वास बढ़ा बल्कि महकमे की योजनाओं का लाभ लेने के लिए विभाग के प्रति उनकी गंभीरता में भी इजाफा हुआ। वर्तमान में इस परिदृश्य ने मीलों का सफर तय कर लिया है और आगे भी प्रगति जारी रहेगी। शायद यही वजह है कि संपूर्ण समाधान दिवस हो या ग्राम चौपाल अथवा कोई कृषक गोष्ठी, उन आयोजनों में शामिल होने वाले किसानों से अधिक कृषक सीधे कृषि विभाग के संबंधित दफ्तरों में पहुंचकर अपनी समस्या का समाधान करा रहे हैं। कारण, कार्यालय में जब चाहो तब अधिकारी और विशेषज्ञ कर्मचारी तत्काल उनकी मुश्किल आसान करने का प्रयास करते हैं।

### दलहनी-तिलहनी फसलों में आत्मनिर्भरता की कवायद

उप निदेशक श्री सिंह कहते हैं कि विभाग की ओर से दिये जाने वाले अनुदानों पर गत करीब चार साल से जनदवार सघन निगरानी हो रही है। अनुदान की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिये जाने से किसान को बेवजह दौड़-धूप नहीं करनी पड़ रही है। एक प्रश्न के उत्तर में वह बोले- बढ़ते शहरीकरण और विकास के चलते किसान के पास खेती के लिए उपलब्ध जमीन घटती जा रही है। इसीलिए वह धान और गेहूं की तुलना में कैश क्रॉप पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। यानि धान और गेहूं उगाने वाले तमाम किसान मटर, मसूर, भिंडी, लौकी, टमाटर, नेनुआ आदि फसलों की ओर रुख कर रहे हैं। वहीं, सरकार के प्रयासों के कारण दलहनी और तिलहनी फसलों का क्षेत्रफल और पैदावार बढ़ रही है। इन फसलों की एमएसपी बढ़ाये जाने के चलते उसका लाभ अच्छी पैदावार के तौर पर दिख रहा है। वहीं, विदेशों से दलहनी व तिलहनी उपज का आयात घटाकर भारत की अपनी आत्मनिर्भरता बढ़ाने की यह कवायद है।

### बनारस में मिल रहा कई रिसर्च सेंटर का लाभ

अखिलेश कुमार सिंह कहते हैं कि प्राकृतिक खेती के जरिये जीरो बजट खेती पूरी तरह गोवंश पर आधारित है। इसके माध्यम से भूमि की उर्वरता बढ़ाने का प्रयास है। वहीं, जैविक खेती के लिए भी व्यापक स्तर पर पहल जारी है। भविष्य में फसलों की बढ़िया पैदावार लेने के लिए किसानों को जैविक खेती और प्राकृतिक खेती का खतरा मोल लेना ही पड़ेगा। तमाम किसानों ने इस दिशा में रिस्क लिया भी है और वह बेहतरीन परिणाम दे रहे हैं। इस तरह की खेती के लिए अन्य कृषकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के माध्यम से अन्नदाताओं को फील्ड विजिट कराते हैं। उन्हें जैविक-प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों के खेत पर ले जाते हैं और मौके पर रिजल्ट से रूबरू भी कराते हैं। यह सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में कृषि विज्ञान केंद्र, भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, इरी जैसे सेंटर भी हैं। किसानों को सब्जी के अलावा मछली पालन आदि की ओर जाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### सोलर पंप की बढ़ रही लोकप्रियता

सोलर पंप पर बीते कई साल से अनुदान दिया जा रहा है। 60 फीसदी सब्सिडी होने के कारण इसकी बढ़ती लोकप्रियता बढ़ रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में वाराणसी जनपद में 423 सोलर पंप देने का लक्ष्य है। अबतक 190 सौर ऊर्जा चालित पंप लग चुके हैं। दूसरी ओर, छुट्टा पशुओं और नील गायों से फसलों को बचाने के लिए सोलर फेंसिंग सर्वश्रेष्ठ उपाय है। यदि प्रत्येक क्षेत्र के किसान अपनी-अपनी खेतों के लिए एकसाथ पूंजी लगाकर सोलर फेंसिंग कराये तो संबंधित इलाके के लिए किसी एक कृषक पर अधिक आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। हालांकि इस पर फिलहाल अनुदान की व्यवस्था नहीं है।